फाल्गुन कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 28 फरवरी 2024
वर्ष -34, अंक -34, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर 14
यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल 13

## भ्रामक दावों पर पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट में दिए हलफनामे के उल्लंघन पर मानहानि की नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों के बारे में अदालत में दिए गए हलफनामे और उनके औषधीय प्रभाव का दावा करने वाले बयानों के प्रथम दृष्टया उल्लंघन को लेकर मंगलवार को उसे कड़ी फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए. अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद एवं इसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी किया तथा पूछा कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न की जाए। पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और इसके अधिकारियों को दवा की किसी भी पद्धति के विरूद्ध प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, दोनों मीडिया में उसे किसी भी रूप में कोई बयान देने के खिलाफ आगाह भी किया, जैसा कि उन्होंने न्यायालय के समक्ष अपने हलफनामे में कहा था। कंपनी का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने पिछले साल 21 नवंबर को शीर्ष अदालत को आश्वस्त किया था कि अब से कानून का किसी तरह से भी उल्लंघन नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हम अंतरिक्ष के लिए तैयार...इस बार काउंटडाउन, समय और राकेट भी हमारा होगा

## गगनयान मिशन के लिए नामित चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की जो देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने थुंबा स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, अंगद प्रताप, अजीत कृष्णन और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला गगनयान मिशन के लिए नामित किए गए अंतरिक्ष यात्री हैं। उन्होंने इन चारों को अंतरिक्ष यात्री पंख प्रदान किए। मोदी ने इन चार अंतरिक्ष यात्रियों को चार ताकतें करार दिया, जो देश के 1.4 अरब लोगों की आकांक्षाओं को समाहित करती हैं। मोदी ने कहा कि चार दशक बाद कोई भारतीय, अंतरिक्ष में जाने के लिए तैयार है और इस बार उलटी गिनती (काउंटडाउन), समय और यहां तक कि रॉकेट भी हमारा है।



प्रशांत बालकृष्णन | अजित कृष्णन | अंगद प्रताप | शुभांशु शुक्ला

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चार अंतरिक्ष यात्री सिर्फ चार नाम या व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष में ले जाने वाली चार 'शक्तियां' हैं। मोदी ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ सहित अन्य गणमान्य की उपस्थिति में नाम की घोषणा की। मिशन में स्वदेशी पुर्जों के इस्तेमाल पर प्रधानमंत्री ने खुशी जताई।

### प्रयागराज से ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और लखनऊ से विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला बने टीम के सदस्य

**प्रयागराज/लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों के नामों की घोषणा की उनमें दो यात्री अंगद प्रताप और शुभांशु शुक्ला उत्तर प्रदेश से हैं। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी समीर गंगाखेडकर ने एक विज्ञप्ति में बताया कि 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में जन्मे ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप एनडीए के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने 18 दिसंबर 2004 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। अंगद प्रताप एक फ्लाइंग प्रशिक्षक और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे के उड़ान का अनुभव है। वहीं, 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला भी एनडीए के छात्र रहे हैं और उन्होंने 17 जून 2006 को वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन प्राप्त किया था। शुक्ला एक फाइटर कोम्बेट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं जिनको लगभग 2000 घंटे का विमान उड़ाने का अनुभव है। दोनों को सुखोई, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डॉर्नियर, एएन-32 जैसे विमान उड़ाने का अनुभव है।




# सपा में फूट, भाजपा के सभी 8 प्रत्याशी विजयी

### राज्यसभा चुनाव : सपा के दो प्रत्याशी जीते, सात विधायकों ने की भाजपा के पक्ष में वोटिंग

- बसपा विधायक उमा शंकर सिंह ने भाजपा प्रत्याशी को किया वोट
- अखिलेश का आरोप-विधायकों से वोट लेने को पैकेज डील हुई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों पर भाजपा ने परचम लहराया। चुनाव में भाजपा के सभी आठों प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि सपा के तीन उम्मीदवारों में केवल दो ही विजयी हुए। भाजपा के विजयी प्रत्याशियों में आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के साथ 8वें प्रत्याशी के रूप में संजय सेठ भी रहे। सपा से जया बच्चन, रामजीलाल सुमन जीते जबकि तीसरे प्रत्याशी आलोक रंजन हार गए। राज्यसभा की 10 सीटों पर 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान में जमकर क्रॉस वोटिंग हुई। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय समेत सात विधायकों ने भाजपा प्रत्याशी को वोट दिया। एनडीए के घटक दल सुभासपा के एक विधायक ने सपा प्रत्याशी को वोट किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने क्रॉस वोटिंग करने वाले अपने विधायकों पर सत्तासीन दल से सौदा करने का आरोप लगाया, मतदान और मतगणना के दौरान कई बार नोकझोंक की भी नौबत आई।



जीत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विजयी प्रत्याशी।

**किसको कितने मिले मत :** मतगणना के परिणामों के मुताबिक भाजपा के अमरपाल मौर्य को 38, तेजवीर सिंह को 38, नवीन जैन को 38, आरपीएन सिंह को 37, साधना सिंह को 38, सुधांशु त्रिवेदी को 38 और संगीता बलवंत को 38 वोट मिले। जबकि संजय सेठ को 29 और सपा के आलोक रंजन को प्रथम वरीयता के 19 मत ही मिले। इस तरह आलोक रंजन हार गए। सपा के रामजीलाल सुमन को 37 और जया बच्चन को 41 वोट मिले। भाजपा और सपा की तरफ से महत्वपूर्ण प्रत्याशियों को मानक से अधिक वोट डलवाए गए थे ताकि उनकी जीत में कोई खतरा न रह जाए।

### हिमाचल में भाजपा के हर्ष महाजन जीते, सिंघवी हारे

**शिमला।** 'क्रॉस-वोटिंग' के बीच भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने सत्तारूढ़ कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को पराजित कर हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा की इकलौती सीट पर मंगलवार को जीत दर्ज की।दोनों को 34-34 मत मिले जिसके बाद महाजन को 'ड्रॉ' के जरिए विजेता घोषित किया गया। यह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है जिसके पास 68 सदस्यीय विधानसभा में 40 विधायक हैं और उसने निर्दलीयों का समर्थन होने का भी दावा किया है। इस परिणाम से यह स्पष्ट हो गया है कि नौ विधायकों ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया।

### कर्नाटक में कांग्रेस ने तीन, भाजपा ने एक सीट जीती

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने तीन सीट, जबकि भाजपा ने एक सीट जीती। उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए व्यक्तियों में अजय माकन, जीसी चंद्रशेखर और सैयद नसीर हुसैन (सभी कांग्रेस से) और भाजपा के नारायणसा के. भांडगे शामिल हैं। चुनाव में चार सीट के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के उम्मीदवार डी. कुपेंद्र रेड्डी भी शामिल थे। चुनाव में क्रॉस वोटिंग हुई। भाजपा विधायकों में से एक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस के अजय माकन के लिए मतदान किया, जबकि अन्य विधायक ए. शिवराम हेब्बार ने मतदान में भाग नहीं लिया।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों की अब अंतरात्मा के साथ-साथ सम्पूर्ण आत्मा की जांच क्षेत्र की जनता करेगी ताकि भटकती हुई आत्माएं हमेशा के लिए शांत हो जाएं। -**शिवपाल यादव**



हमारी तीसरी सीट सच्चे साथियों की पहचान की परीक्षा थी। ये जानने के लिए कि कौन-कौन दिल से पीडीए के साथ हैं। सुनने में तो ये आ रहा है कि पैकेज डील हुई है। - **अखिलेश यादव**



क्रॉस वोटिंग नहीं ये तो वेलकम चेंज है। मुझे तो किसी ने पैकेज नहीं दिया है। मैंने भाजपा के पक्ष में वोट किया है। मुझे तो चवन्नी भी नहीं मिली है। - **राजा भैया**



मैंने पीडीए के पक्ष में मतदान किया है। मैं सपा और अपना दल कमेरावादी की विधायक हूं। मैं अपने हक की बात करती रहूंगी, मेरा सपा नेतृत्व से कोई मनमुटाव नहीं। - **पल्लवी पटेल**



सपा के दो प्रत्याशी जीते उनको भी बधाई और उनका तीसरा प्रत्याशी हारा उसके लिए भी उनको बधाई। अखिलेश यादव के अहंकार की आज हार हुई। - **केशव प्रसाद मौर्य**

## सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन



- मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**मुरादाबाद।** संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क (94) का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। मुरादाबाद के कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी समेत कई राजनेताओं ने गहरा शोक जताया है।

पांच बार के सांसद बर्क संभल के अलावा मुरादाबाद जिले से भी तीन बार सांसद रह चुके हैं। वह करीब एक महीने से बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। 21 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अस्पताल में पहुंचकर उनका हाल जाना था। मंगलवार को उनके निधन की खबर सुनते ही उनके परिवार व शुभचिंतकों में शोक व्याप्त हो गया।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति खानविलकर लोकपाल के अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राष्ट्रपति सचिवालय से मंगलवार को जारी वक्तव्य में कहा गया कि राष्ट्रपति ने न्यायमूर्ति लिंगप्पा नारायण स्वामी, न्यायमूर्ति संजय यादव और न्यायमूर्ति ऋतु राज अवस्थी को लोकपाल का न्यायिक सदस्य नियुक्त किया है। इसके अलावा सुशील चन्द्र, पंकज कुमार और अजय तिर्की को लोकपाल का सदस्य बनाया है। उपरोक्त नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होंगी।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ जांगला पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई, जब जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अलग-अलग दलों को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। आधिकारी ने बताया कि जब डीआरजी का दल तुंगाली गांव के जंगल में पहुंचा तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी करवाई की। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद नक्सली वहां से फरार हो गए।

### केंद्र की पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार की घोषणा की और कहा कि जल क्षेत्र में शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि को दर्शाने वाले इन पुरस्कारों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को प्रदान करेंगी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। यह मंच उन लोगों को सम्मानित करने के लिए तैयार किया गया है जो अपने समुदायों के लिए स्वच्छ और टिकाऊ जल संसाधन सुनिश्चित करने में सफल रहे हैं। शहरों और राज्यों की उपलब्धियों को दर्शाते हुए 130 पुरस्कारों की एक विशिष्ट श्रृंखला प्रदान की जाएगी।

### ईडी ने केजरीवाल को जारी किया 8वीं बार समन

**नई दिल्ली।** ईडी ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल इस मामले में सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे।

## जमात-ए-इस्लामी पर पांच साल के लिए बढ़ाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।

## वैन पलटी, चार विद्यार्थियों की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र छोड़ने जा रही ईको (वैन) का कांट क्षेत्र के जरावन में टायर फट गया जिससे ईको खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राओं और दो छात्रों की मौत हो गई। सात परीक्षार्थी घायल हो गए।

मंगलवार सुबह कांट के गांव बरेंडा से द्वारिका प्रसाद महर्षि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाईस्कूल के 11 परीक्षार्थी ईको से जैतीपुर स्थित लटूरी लाल इंटर कॉलेज गणित का पेपर देने जा रहे थे। ईको बरेंडा गांव का मुलायम चला रहा था। करीब 6:10 बजे कांट क्षेत्र के गांव जरावन में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने अगला टायर फट गया जिससे ईको अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक वैन से कूद गया जिससे उसकी तो जान बच गई, लेकिन वैन में सवार चार परीक्षार्थी कांट के गांव बरेंडा निवासी मुस्कान (16), बरेंडा के मजरा गौटिया निवासी अनुराग (14), हरीपुर की प्रतिष्ठा (15) और नगला जाजू निवासी अनुरूप (17) की मौत हो गई। गांव बरेंडा निवासी ज्योति, अवनीश, विपिन, मोहन गुप्ता, रविकांत, ध्रुव, मुलायम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।



प्रतिष्ठा मिश्रा। | मुस्कान। | अनुराग। | अनुरूप।

- हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे थे, कांट थाना क्षेत्र में हुआ हादसा

> मंगलवार सुबह कांट क्षेत्र में ईको का टायर फटने से घटना होने की बात सामने आई है। घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए गए हैं। चालक के शराब पीये होने की बात कही जा रही है। इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हो पाई है। आवश्यक कार्रवाई भी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। - **उमेश प्रताप सिंह**, जिलाधिकारी

## 15 से 31 मई तक होंगी सीयूईटी यूजी की परीक्षाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी)-स्नातक की परीक्षा 15 से 31 मई तक 'हाइब्रिड मोड' में प्रतिदिन दो या तीन पालियों में आयोजित की जाएगी और परीक्षा के परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस महत्वपूर्ण परीक्षा को 13 भाषाओं में 26 विदेशी शहरों सहित 380 शहरों में आयोजित किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हुई और 26 मार्च को समाप्त होगी।

## पांच जिलाधिकारियों को ईडी के समक्ष पेश होने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- तमिलनाडु में अवैध खनन से संबंधित धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित अवैध रेत खनन को लेकर की जा रही धन शोधन जांच के संबंध में तमिलनाडु के पांच जिलाधिकारियों (डीएम) को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने ईडी के समन के खिलाफ तमिलनाडु और उसके अधिकारियों की याचिका को 'अजीब और असामान्य' बताया और पांच जिलाधिकारियों को राहत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने पिछले साल 28 नवंबर को केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा जारी समन पर रोक लगा दी थी, जिसमें उसकी ओर से जारी जांच के सिलसिले में वेल्लोर, तिरुचिरापल्ली, करूर, तंजावुर और अरियालुर के जिला अधिकारियों को पेश होने के लिए कहा गया था।

## पंजाब-राजस्थान में 16 स्थानों पर एनआईए ने की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतंकी गठजोड़ के सिलसिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की कार्रवाई

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में आतंकवादियों एवं अन्य अपराधियों के गठजोड़ का पता लगाने के लिए मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में कई स्थानों पर छापेमारी की और इस दौरान छह लोगों को हिरासत में लिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और अन्य अपराधियों के बीच साठगांठ से संबंधित एक मामले में जारी जांच के तहत पंजाब में 14 और राजस्थान में दो स्थानों पर छापेमारी जारी है। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने को लेकर छह लोगों से पूछताछ की जा रही है।

वहीं, पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने चार वर्ष पूर्व राज्य में नकली भारतीय मुद्रा की जब्ती से संबंधित एक मामले में एक अन्य आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

## अंबाला में कुछ इलाकों में मोबाइल इंटरनेट निलंबित

- दिल्ली कूच के मद्देनजर फैसला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने किसानों के 'दिल्ली चलो' आंदोलन के मद्देनजर मंगलवार को 28 से 29 फरवरी तक अंबाला जिले में कुछ स्थानों पर मोबाइल इंटरनेट और भारी मात्रा में संदेश भेजने की सेवाएं निलंबित रखने की घोषणा की। अंबाला समेत सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट और संदेश सेवाएं बहाल किए जाने के दो दिन बाद यह नया फैसला आया है। मंगलवार को जारी आदेश के अनुसार, अंबाला में सदर अंबाला, पंजोखेड़ा और नग्गल थाना क्षेत्रों में सेवाएं निलंबित रहेंगी।

### मिला रोजगार | डॉ. कलाम तकनीकी विवि और संबद्ध कॉलेजों के 70 से अधिक शोधार्थियों को मिले उद्यम के अवसर

## जेम पोर्टल ने तैयार की यूपी में स्टार्टअप की खेप

जीशान कदीर, लखनऊ

- केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिली है 2 करोड़ की धनराशि
- अलग जिलों में रहकर शुरू किया रोजगार, ऑनलाइन बाजार से बढ़ा कारोबार

**अमृत विचार :** जेम पोर्टल यानि गवर्मेंट ई मार्केट प्लेस के सहारे यूपी में छात्रों को स्टार्टअप मिला। चंद माह के भीतर 70 से अधिक जुड़े शोधार्थियों ने ऑनलाइन बाजार में बढ़त बना ली। अलग-अलग जिलों में रहने वाले युवा अब नए साथियों को जोड़कर रोजगार देने में मददगार साबित हो रहे हैं।

एमआईईटी इंक्यूबेशन सेंटर मेरठ के सीईओ रेहान अहमद बताते हैं कि सेंटर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ और संबद्ध महाविद्यालयों के अलावा अन्य विद्यालयों के 70 से अधिक शोधार्थियों ने मिलकर इलेक्ट्रिक व्हीकल, साफ्टवेयर, बॉयोडायजेस्टर टैंक, मेडिकल डिवाइस, इनोवेटिव प्रोडक्ट, स्टेच्यू मेकिंग, इलेक्ट्रानिक पार्ट, इंडेक्शन सहित अन्य सामानों को बनाया है। नई तकनीक के सहारे तैयार माल ने ऑनलाइन बाजार में युवाओं को रोजगार दिया है। जिन शोधार्थियों ने उद्यम स्थापित किए हैं, वे युवाओं को कंपनी के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसे स्थापित करने तक में मदद दे रहे हैं।



शोधार्थियों द्वारा तैयार इलेक्ट्रिक व्हीकल।

### स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत मिला लाभ

इंक्यूबेशन सेंटर को केन्द्र सरकार की स्टार्टिंग यूपी योजना के तहत दो करोड़ की धनराशि मिल चुकी है। रेहान बताते हैं कि योजना के सहारे वे शोधार्थियों को 70 लाख रुपये की मदद दे चुके हैं।

### पिच डेक के सहारे कॉल टू एक्शन

शोधार्थियों ने पिच डेक के सहारे पूंजी जुटाई और निवेशकों से खरीदारी कर वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया। साथ ही व्यवसाय मॉडल को टीम की मदद से कॉल-टू-एक्शन तक रेखांकित किया जा रहा है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री ने सभी विजयी प्रत्याशियों को दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सम्पन्न हुए राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट ''एक्स'' पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि उत्तर प्रदेश से राज्य सभा के द्विवार्षिक चुनाव में विजयी होने वाले सभी सम्मानित प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आप सभी अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में सहायक होंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं।

### कांग्रेस को मिलाकर सपा को मिले कुल 100 वोट

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यसभा के चुनाव में भाजपा को अपने सहयोगी दलों और सपा के क्रॉस वोटों के बाद कुल 294 विधायकों के वोट हासिल हुए। जबकि समाजवादी पार्टी को कांग्रेस के वोटों के साथ और राजभर की पार्टी में सेंध के बावजूद प्रथम वरीयता के कुल 100 वोट ही मिल पाए। सपा की तरफ से 7 वोट क्रॉस हुए और एक विधायक यानी महराजी देवी प्रजापति वोट देने नहीं आई। कुल वोट जो गिने गए उनको संख्या 394 है।

### संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे निर्वाचन अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन अधिकारी अपने गृह जिले के संसदीय क्षेत्र में नहीं रह सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश समेत देश भर की राज्य सरकारों को इस सिलसिले में निर्देश जारी किया है। आयोग ने चुनाव से पहले निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# सपा के मुख्य सचेतक ने ही कर दी बगावत

## राज्य सभा चुनावः सपा के सात विधायकों ने किया भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान, बसपा विधायक भी भाजपा के साथ



विधान भवन में मतदान के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ सपा विधायक अभय सिंह, मनोज पांडेय व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्यसभा चुनाव के लिए विधान भवन में मंगलवार को मतदान शुरु होने से पहले ही सपा के ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालने के संकेत दे दिए। इसके बाद विधानभवन स्थित पार्टी कार्यालय में लगी उनकी नेम-प्लेट भी हटवा दी गई।

मनोज पांडेय के अलावा सपा के जिन विधायकों ने भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान किया उनमें राकेश पांडेय (जलालपुर), राकेश प्रताप सिंह (गौरीगंज), अभय सिंह (गोसाइगंज), विनोद चतुर्वेदी (कालपी), पूजा पाल (चायल) और आशुतोष मौर्य (बिसौली) शामिल रहे। जबकि सपा विधायक महाराजी देवी मतदान में अपनी उपस्थिति नहीं दर्ज करा सकीं।

सपा के विधायकों ने ही नहीं बल्कि बसपा के एकमात्र विधायक उमा शंकर पांडेय ने भी राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को वोट किया है।

मतदान के बाद उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोगों ने मुझसे वोट देने के लिए नहीं कहा इसलिए मैंने भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने मुझसे समर्थन मांगा था। वहीं, भाजपा प्रत्याशी को वोट देने वाले सपा विधायक मनोज पांडेय ने खरीद-फरोख्त के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के आरोप पर कहा कि राजनीति में आरोप लगते रहते हैं।

जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी अपने व अपने एक विधायक के भाजपा प्रत्याशी को वोट किया। वहीं, रालोद के सभी नौ विधायकों ने एनडीए प्रत्याशियों के लिए मतदान किया।

### रालोद के सभी विधायकों ने संजय सेठ को दिया वोट

**लखनऊ:** राज्यसभा चुनाव में एक-एक विधायक पर लोगों की निगाहें टिकी थीं। हाल ही में सपा से अलग होकर एनडीए का हिस्सा बने रालोद के सभी नौ विधायकों ने एकजुट होकर भाजपा के संजय सेठ के पक्ष में मतदान किया। मतदान के बाद सभी ने विक्ट्री का इशारा करते हुए, फोटो भी खिंचवायी। इसके बाद विधायकों ने लोकभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधायक संजीव बालियान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के निर्देशानुसार हम सभी लोगों ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को वोट दिया है।

### मतदान के दौरान यह रहा खास

- अपना दल के विधायक नील रतन पटेल एंबुलेंस से मतदान करने के लिए पहुंचे। कोरोना संक्रमित नील रतन सिविल अस्पताल लखनऊ में भर्ती हैं।
- सुभासपा विधायक ने मतदान एजेंट पर मत पत्र छीनने का आरोप लगाया। सुभासपा के विधायक जगदीश राय ने जब सपा प्रत्याशी को वोट कर मतपत्र दिखाया तो ऐसा दृश्य पैदा हुआ।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विधान भवन के तिलक हॉल में मतदान किया और पार्टी के सभी प्रत्याशियों की विजय के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं दी।
- अचानक संजय सेठ ने विक्ट्री साइन बनाकर अपनी जीत का एलान कर दिया। दरअसल, खबर फैली कि हंडिया से सपा विधायक हाकिम चंद्र बिंद ने उनके समर्थन में वोट किया। हालांकि बाद में बिंद ने स्पष्ट किया कि उनका वोट सपा को गया है।
- उप्र. की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव की वोटिंग खत्म हो जाने के बाद कुल 395 वोट पड़े माने गए। वहीं चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिलने के चलते काफी देर तक मतगणना रुकी रही।
- मतदान में सुबह से ही भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भी भाजपा के विधानमंडल दल कार्यालय में मौजूद दिखे। वह हर एक वोट पर नजर रखे हुए थे। लगातार विधायकों से भी मिल रहे थे।
- मतगणना शुरू होने के बाद सपा और सुभासपा ने आरोप लगाते हुए आपत्ति की। सुभासपा ने अपने विधायक पर बिना दिखाए वोट डालने का आरोप लगाया। इस कारण मतगणना थोड़ी देर के लिए रुकी रही।
- सूत्रों के मुताबिक, सपा के सभी 7 विधायकों ने संजय सेठ के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की है। सपा ने जया बच्चन और रामजीलाल सुमन के लिए 40-40 वोट अलॉट किए थे, लेकिन जया बच्चन को सुभासपा विधायक के समर्थन से 41 वोट मिले हैं।

### क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायकों पर फूटा कार्यकर्ताओं का गुस्सा, भाजपा में जश्न

**लखनऊ:** राज्यसभा चुनाव में मंगलवार को सपा विधायकों ने क्रास वोटिंग की। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने विधायकों का पुतला फूंका। लखनऊ के परिवर्तन चौक पर विधायकों के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नंबर-एक के सामने भी पुतला फूंका गया। सपा समर्थकों ने विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश कुमार पांडेय और पूजा पाल के खिलाफ विरोध जताया। वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत का भाजपा पार्टी दफ़्तर में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। ढोल बजने के बीच नाचगाने के साथ मिठाई बांटी गई।

# पुलिस विभाग के 64 निर्माण कार्यों का आज होगा शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल 28 फरवरी को लोक भवन में पुलिस महकमें के तीन हजार 114करोड़ रुपये के 64 निर्माण कार्यों का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 188 करोड़ा 77 लाख रुपये से प्रदेश में बने थाने और पुलिस चैकियों के प्रशासनिक, आवासीय भवनों तथा हॉस्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, पुलिस हास्टल तथा एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय सहित कुल 84 निर्माण कार्या का लोकार्पण भी करेगे।

प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने बताया कि शिलान्यास एवं लोकार्पण के अलावा प्रयागराज और कुशीनगर में दो पर्यटक थाने शुरू होंगे। इसके अलावा प्रदेश के 57 जनपदों में साइबर क्राइम थाने, 75 जनपदों में 1523 पुलिस थानों पर साइबर सेल, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने के साथ-साथ आठ जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाइयों में भी काम शुरू होगा।

प्रमुख सचिव गृह के मुताबिक शिलान्यास किये जाने वाले निर्माण कार्यो मे 4 पुलिस लाइन, 4 पीएसी वाहिनी, दो एसटीएफ, 21 पुलिस थाना और 33 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष का शिलान्यास किया जाएगा। लोकार्पित होने वाली 84 योजनाओं में 3 थाना के प्रशासनिक भवन, 6 थाना के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 54 थानों पर हास्टल-बैरक, विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में पुरूष हास्टल, 5 एटीएस के फील्ड यूनिट कार्यालय एवं सात अन्य विविध कार्यो का लोकार्पण करेगे।

### बेहतर सुविधा को मिले 48 करोड़ 35 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण के लिए 48 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की धनराशि की स्वीकृति दी है। प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, मुरादाबाद की क्षमता दोगुना किये जाने की बाबत अनावसीय भवनों के निर्माण को 33 करोड़ 80 लाख 35 हजार रूपये तथा आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 9 करोड़ 26 लाख 19 हजार रूपये दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि इसी तरह आगरा के थाना फतेहाबाद में श्रेणी-ए के 6 एवं श्रेणी-बी के 9 आवासों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 73 लाख 70 हजार रूपये, बिजनौर में थाना बढ़ापुर में 32 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण को एक करोड़ 76 लाख 81 हजार रूपये, बिजनौर में थाना नगीन देहात में 16 क्षमता के हॉस्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 19 लाख 65 हजार रुपये दिए गए हैं।प्रमुख सचिव (गृह) ने स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा है। उन्होंने चेतावनी है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाये जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बायोमेट्रिक उपस्थिति न दर्ज कराने वाले छात्र परीक्षा से होंगे वंचित

## स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने कॉलेज प्रबन्धकों को जारी किए निर्देश

- मार्च माह से बायोमेट्रिक उपस्थिति ही होगी मान्य
- मेडिकल फैकल्टी के पोर्टल पर रोज करना होगा अपलोड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** निर्देश के बावजूद छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक न लेने वाले नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों के रवैये पर स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने नराजगी व्यक्त की है, साथ ही निर्देश दिये हैं कि निर्देशानुसार मार्च माह से सभी छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ही मान्य की जायेगी, अन्यथा वार्षिक परीक्षा में बैठने का मौका नहीं मिलेगा।

उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.अलोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई करने वालों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य है, इस बाबत मई 2023 में सभी कॉलेज व संस्थानों को पत्र भी प्रेषित किये गये थे, बावजूद तमाम केन्द्रों द्वारा विभाग के सर्वर पर डाटा लोड नहीं किया जा रहा है। जो कि लापरवाही की श्रेणी है। उन्होंने कहा कि कार्यालय के निर्मित पोर्टल पर रोजाना उपस्थिति अपलोड की जानी है। आगामी मार्च से बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य कर दिया गया है, फिर भी कोई बायोमेट्रिक नहीं कराता है तो ऐसे छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षाओं में शामिल होने का मौका नही दिया जायेगा।

इसके लिए उन्होंने कहा कि जिन संस्थानों में बायोमेट्रिक नहीं है, तत्काल स्थापित किये जायें। ताकि मांग के अनुरूप बायोमेट्रिक उपस्थिति की सुविधा को बढ़ावा मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्थान में इस बाबत की गई कार्रवाई से 15 मार्च तक स्टेट मेडिकल फैकल्टी कार्यालय को अवगत कराया जाये।

### समिति का मतदान स्थगित

**अमृत विचार:** उप्र स्टेट मेडिकल फैकल्टी की निर्वाचित शासी समिति में रिक्त पदों के लिए एक मार्च 2024 को प्रस्तावित मतदान अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए स्टेट मेडिकल फैकल्टी के निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जायेगी।

# पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड पकड़ से बाहर

- पूछताछ में मिलीं जानकारियों से गुनाहगार तक पहुंचने की है कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने के तीन दिन बाद भी पेपर लीक मामले का मास्टर माइंड फिलहाल पकड़ से दूर हैं, लेकिन अभी तक मिले सबूत और पकड़े गए लोगों से पूछताछ के बाद मिले इनपुट के आधार पर एसटीएफ को जल्दी ही बड़ी कामयाबी की उम्मीद है।

दरअसल, एसटीएफ पकड़े गए लोगों से पूछताछ में मिली जानकारियों की कड़ी से कड़ी जोड़कर असल गुनाहगार तक पहुंचने की कोशिश में हैं। उप्र के अलावा दूसरे राज्यों से तार जुड़ने के चलते एसटीएफ की टीमें उन राज्यों में भी धर-पकड़ कर रही है। गुनाहगारों तक पहुंचने में एसटीएफ के सामने एक जो बड़ी दिक्कत आ रही है, वह यह कि गिरफ्तारी से पहले कई आरोपियों ने अपने-अपने मोबाइल से वाट्सएप का डाटा डिलीट कर दिया था। अब एसटीएफ उनका डेटा वापस कराने का प्रयास कर रही है। ताकि पेपर लीक मामले से जुड़े गिरोह लोगों के बारे में जानकारी मिल सके।

एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक अभ्यर्थियों को पेपर बेचने के आरोपी कानपुर के वकील आशीष सचान से पूछताछ में जिस युवक का नाम सामने आया है, वह भी इस कांड से परदा उठाने में मजबूत कड़ी साबित होगा। पता चला है कि एक गांव के रहने वाले उसी युवक ने सिपाही भर्ती का पेपर आशीष सचान के पास पहुंचाया था। परीक्षा की तारीख से एक रात पहले ही उसे साल्व्ड पेपर उपलब्ध हो गया था। एसटीएफ उस युवक तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# एक परिवार की तीन फर्मों को काम देने की होगी जांच

- जांच कमेटी की अध्यक्ष ने अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द रिपोर्ट देने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




**अमृत विचारः** सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की फर्मों को काम देने के मामले की जांच होगी। शासन के निर्देश पर निदेशक उपचार के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने पड़ताल शुरू कर दी है। कमेटी ने शिकायत में शामिल लखनऊ समेत अन्य मंडलों के अपर निदेशकों से शिकायत में शामिल आरोपों को लेकर बिंदुवार एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

निर्बल समाज उत्थान समिति, फरूखाबाद ने आरोप लगाया है कि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी अस्पतालों में एक ही परिवार की तीन फर्मों को काम दिया जा रहा है। तीन फर्मों के प्रोपराइट एक ही परिवार के हैं। इन फर्मों में मेसर्स लखनऊ ऑप्टिकल एंड सर्जिकल कंपनी व सरस्वती इंटरनेशनल और कंसोल्ट लैब्रोटरी शामिल हैं।

इन तीन फर्मों को ही टेंडर में शामिल कर स्वास्थ्य विभाग में सिंडीकेट के तहत काम हो रहा है। उक्त शिकायत को लेकर स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत, विधायक विजय कुमार राजभर ने शासन में पत्र प्रेषित किया था। जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ा और शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है।

कमेटी की अध्यक्ष डॉ. शालिनी ने लखनऊ, गोरखपुर, देवीपाटन, मेरठ, कानपुर, अयोध्या, मिर्जापुर, बस्ती मंडल के चिकित्सा स्वास्थ्य के अपर निदेशकों को पत्र भेजकर जल्द आख्या व पूरी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

**तीन सदस्यीय कमेटी :** निदेशक चिकित्सा उपचार डॉ. शालिनी गुप्ता की अध्यक्षता में गठित जांच कमेटी में, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. बीपी सिंह कल्याणी व संयुक्त निदेशक भंडार डॉ. राजेश कटियार शामिल हैं।




The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

## शहर में आज

- पुरनिया स्थित पंचायती राज निदेशालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों का मास्टर ट्रेनरों को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण - 9:00 बजे।
- डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बायोस्पार्क विषय पर कार्यक्रम का आयोजन - 10:00 बजे।
- ईको गार्डेन में कर्मयोगी सम्मान समारोह - 11:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के सभागार में पशु पालन विभाग के अपर निदेशक की अध्यक्षता में विभागीय बैठक व समीक्षा - 11:30 बजे।

# अकबर नगर में 24 दुकानें व कॉम्प्लेक्स ध्वस्त

## ध्वस्तीकरण के लिए लगायी गयीं 10 जेसीबी, न्यायालय से अपील खारिज होने के बाद शाम 4:30 बजे शुरू हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुख्य अपीलकर्ता के कॉम्प्लेक्स से हुई कार्रवाई की शुरुआत
- दिन भर पुलिस के साथ होती रही नोकझोंक
- मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी रहे मौजूद

**अमृत विचार :** अकबर नगर में कुकरैल नदी और बंधे पर अवैध रूप से बनीं 24 दुकानों व कॉम्प्लेक्स पर मंगलवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का बुलडोजर चला। काफी इंतजार के बाद शाम 4:30 बजे अधिकारियों के पास उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति आते ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गयी।

एलडीए ने पहले की तैयारी पूरी कर ली थी। इंतजार था आदेश का। सबसे पहले अपीलकर्ता सुहैल हैदर अल्वी के कॉम्प्लेक्स ताजमहल फर्नीचर पर बुलडोजर चला। दुकानों को जमींदोज करने के लिए एलडीए ने 10 जेसीबी लगायीं। दुकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। दुकानों पर बुलडोजर चलते ही पीछे गली में मौजूद लोग हंगामा करने लगे। उनकी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ कई बार नोक-झोंक हुई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के कारण उनकी एक न चली। मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

**झुग्गी हटाते समय हुई पत्थरबाजी, जेसीबी का शीशा टूटा :** दोपहर में कुकरैल बंधे के पास नदी के किनारे बनीं झुग्गी झोपड़ियां जैसे ही जेसीबी से हटाने की कार्रवाई शुरू हुई लोग आक्रोशित हो गए और पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे जेसीबी का शीशा टूट गया। लोग हमलावर हो गए, जिससे पुलिस और पीएसी की टीम को वापस लौटना पड़ा। इससे काफी देर कार्रवाई रुकी रही। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों के काफी समझाने के बाद कार्रवाई में झुग्गी-झोपड़ियां ध्वस्त कर दीं।


अकबर नगर में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान जेसीबी से बिना मानक के निर्माणों को तोड़ती एलडीए की टीम। अमृत विचार

**बिना मानक के कराए गए निर्माण ध्वस्त करने के लिए लगायी गयी थीं 6 टीमें :** अकबर नगर प्रथम एवं द्वितीय में बिना मानक के कराए गए निर्माण ध्वस्त करने के लिए 6 टीमें लगायी गयी थीं। 6 अलग-अलग स्थानों पर टीमों ने एक साथ सुबह से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। फैजाबाद रोड पर बंधे के दोनों ओर बने कई मकान एलडीए ने ध्वस्त कर दिए। एक टीम ने अकबर नगर प्रथम की संकरी गली में मजदूरों की सहायता से दो मकान तोडे.। एक टीम अकबर नगर में कुकरैल नदी के किनारे झुग्गियां हटाती रही।

### ध्वस्तीकरण शुरू होते ही दुकानदार हटाने लगे सामान

एलडीए, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें सुबह जैसे ही अकबर नगर पहुंचीं दुकानदार भी दुकानें खोलकर डटे रहे। दुकानों के ध्वस्तीकरण के लिए प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली थी। 8 से 10 जेसीबी सड़क के दोनों ओर दुकानों के बाहर लगा दी गयी थीं। इसके बावजूद कुछ लोग ही दुकानों से सामान निकालते दिखे। शाम को आदेश आते ही जैसे ही ध्वस्तीकरण शुरू हुआ तो दुकानदार अपना सामान निकालने लगे।

### ड्रोन से की गयी वीडियो रिकॉर्डिंग

माहौल खराब करने वालों पर निगरानी के लिए ड्रोन से पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकार्डिंग की गयी। गलियों में हंगामा करने वालों को ड्रोन उड़ाकर चिन्हित किया गया। घरों की छतों से पत्थरबाजी की आशंका को देखते हुए ड्रोन उड़ाकर छतों पर मौजूद लोगों की भी रिकॉर्डिंग की गयी।

### विस्थापितों को भेजा गया बसंतकुंज योजना

अकबर नगर में मकान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही। वहीं दूसरी ओर विस्थापितों को उनके सामान के साथ नगर निगम के वाहनों से बसंतकुंज योजना भेजा गया। इसके अलावा कई स्थानीय लोग अपना सामान छोटा हाथी से दूसरी जगह ले गए। देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। एलडीए ने विस्थापितों को बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए हैं।

### मकान टूटा तो सड़क पर आ गयी गृहस्थी

अकबर नगर में वर्षों से रह रहे लोगों का मकान टूटा तो गृहस्थी सड़क पर आ गयी। अकबर नगर द्वितीय में बंधे के किनारे बने पक्के मकान एलडीए की टीम ने ध्वस्त कर दिए। निवासियों ने घर का सामान किसी तरह बाहर निकाला। दोपहर के वक्त लोग सड़क पर ही खाना बनाते दिखे। उनके चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही थी। एक ओर मकान ध्वस्त हो रहे थे। वहीं, अकबर नगर की छात्राएं परीक्षा देने निकल रही थीं।

### बिना मानक के बनी हैं 102 दुकानें और कॉम्प्लेक्स

अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में लोगों ने कुकरैल बंधे और नदी पर लगभग 102 बिना मानक के दुकानें, कॉम्प्लेक्स खड़े कर लिए हैं। इन्हें ध्वस्त करने के लिए एलडीए ने नोटिस जारी की थी। एलडीए दिसम्बर 2023 में इन्हें गिराने पहुंचा था, लेकिन न्यायालय से स्टे मिल जाने से कार्रवाई रोकनी पड़ी थी।

## एक नजर

### नगर निगम सदन की बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम सदन की विशेष बैठक बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोक नाथ हॉल में सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में शहर की सफाई के लिए चयनित नई कंपनी रामकी को काम देने का पार्षद विरोध जताएंगे। पार्षदों का कहना है कि सदन में इसका प्रस्ताव पास कराए बिना यह निर्णय लिया गया है।

### ऑडिट में दो सचिव गैरहाजिर, नोटिस जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज में सोशल ऑडिट के दौरान सचिव गैरहाजिर रहे। इससे प्रक्रिया अधूरी रही। सूचना देने के बाद भी उपस्थित न होने पर जिला विकास अधिकारी ने दोनों को नोटिस जारी किया है। गोसाईंगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट का जिला विकास अधिकारी अजीत सिंह ने कलेंडर जारी किया। इसकी सूचना सभी सचिवों को दी गई है। 18 जनवरी को ग्राम पंचायत अकराहदू में टीम पहुंची तो ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक सिंह उपस्थित नहीं हुए। इसी तरह 6 फरवरी को ग्राम पंचायत घोडसारा में ऑडिट के दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामशरण राजपूत गैरहाजिर रहे। दोनों के न रहने पर टीम को सोशल ऑडिट के प्रश्नों का जवाब नहीं मिला, जबकि निदेशालय ऑडिट की लगातार समीक्षा कर रहा है। नाराजगी जताते हुए जिला विकास अधिकारी ने दोनों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### उत्कृष्ट ग्राम देंगे विकास का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत अन्य को विकास का संदेश देंगी। ऐसी ग्राम पंचायतों का बाहरी राज्य के प्रधान व अधिकारी भ्रमण करेंगे। पंचायती राज निदेशक राज कुमार ने जिलों से ग्राम पंचायतों के नाम मांगे हैं। मार्च में कुछ संस्थाओं द्वारा बाहरी राज्य की ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों का प्रदेश की उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे यहां की ग्राम पंचायतों में हुए विकास कार्य प्रतिनिधि अपनी पंचायतों में कराएंगे। अन्य ग्राम पंचायत भी प्रेरित होकर रोड मॉडल बनाया जाएगा। निदेशक ने सभी जिलों से विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच-पांच ग्राम पंचायतों व प्रतिनिधियों के नाम व अन्य विवरण मांगा है। जिसमें चयन कर भ्रमण कराया जाएगा।

# अकबर नगर मामला : करदाता कब्जेदारों की याचिकाएं खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अकबर नगर मामले में करदाता कब्जेदारों की सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। उक्त कब्जेदारों में लाखों और करोड़ों के जीएसटी भरने वाले लोग शामिल हैं। न्यायालय ने इन सभी को झुग्गी वासी मानने से इनकार करते हुए, इनके कब्जों को अवैध माना है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने सैयद हमीदुल बारी समेत दर्जनों याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है। अकबर नगर मामले में सुनवाई के दौरान न्यायालय ने इन करदाता कब्जेदारों की याचिकाओं को गरीब और वास्तविक झुग्गी वासी कब्जेदारों की याचिकाओं से अलग कर दिया था। अपने निर्णय में न्यायालय ने कहा कि सुनवाई के दौरान याचियों के द्वारा स्वीकार किया गया है कि उक्त जमीनें प्रदेश सरकार की हैं और उन पर बने शोरूम और फर्नीचर के कारखाने अनाधिकृत और अवैध हैं। हालांकि उनकी ओर से खुद को झुग्गी वासी बताते हुए स्व स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति 2021 का लाभ दिए जाने की मांग की गई। इस पर न्यायालय ने कहा कि मान लीजिए कि किसी स्लम एरिया में एक व्यापारी वास्तविक झुग्गी वासियों से एक बड़ी जमीन कब्जे में ले और बिना किसी वैध अनुमति के मल्टीप्लेक्स या होटल या शॉपिंग कॉम्प्लेक्स खड़ा कर दे और बाद में वह स्वयं को झुग्गी वासी बताते हुए राहत दिए जाने की मांग करे तो क्या उसे झुग्गी वासी मानते हुए राहत दिया जाना संभव है।

न्यायालय ने कहा कि हमारा जवाब नहीं है। न्यायालय ने कहा कि झुग्गी वासी वे लोग होते हैं जो गरीबी और परिस्थितियोंवश अमानवीय हालात में रहते हैं, उन्हें मिलने वाली सहानुभूति वर्तमान याचियों को नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने आगे कहा कि इन सभी याचियों के शोरूम्स और कारखाने फैजाबाद-लखनऊ मुख्य मार्ग पर स्थित हैं जो शहर की सबसे चौड़ी सड़कों में से एक है और वहां नगर निगम की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, सिर्फ इसलिए कि उस जगह का नाम अकबर नगर है, उन्हें झुग्गी (स्लम) नहीं कहा जा सकता। न्यायालय ने कहा कि वास्तविक झुग्गियां तो इन शोरूम के बाद शुरू होती हैं। न्यायालय ने यह भी पाया कि याचीगण लाखों और करोड़ों की जीएसटी भर रहे हैं और उनकी दूसरी सम्पत्तियां शहर के पाश इलाकों में भी हैं।

### एसी बसों के किराये में 10 फीसदी की छूट कल तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम बदलने के साथ ही रोडवेज ने एसी बसों के किराए में छूट न देने की तैयारी कर ली है। एसी बसों में 29 फरवरी तक टिकट बुक कराने पर किराये में 10 फीसदी की छूट मिलेगी। यात्रियों के लिए एसी बसों में छूट देने की व्यवस्था बीते 16 जनवरी को शुरू की गई थी। 29 फरवरी के पहले एडवांस में भी टिकट बुक कराने पर 29 फरवरी की रात 12 बजे तक सफर कर सकेंगे। परिवहन निगम के जनसंपर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि एसी बसों के किराये में छूट 1 मार्च से नहीं मिलेगी। इस बार होली 25 मार्च को है। ऐसे में रोडवेज की एसी बसों के लिए 30 दिन पहले सीटों की बुकिंग खोल दी गई है।

## नशे में धुत कार चालक ने सिपाही पर चढ़ाई कार, रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बार्लिंग्टन चौराहे के पास सोमवार शाम शराब के नशे में धुत कार चालक ने बाइक से जा रहे सिपाही पर टक्कर मार दी। उसके सड़क पर गिरते ही गाड़ी चढ़ा दी। राहगीरों ने कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह घटनास्थल से भाग निकला। घायल सिपाही को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी के खिलाफ कैसरबाग पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, कैंट में सदर बाजार निवासी शिवम गुप्ता यातायात पुलिस में आरक्षी के पद पर तैनात हैं। सोमवार शाम 7 बजे यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप में चलाने के लिए टेढ़ी पुलिया पर उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। वह बार्लिंग्टन चौराहे से लाटूश रोड की तरफ बाइक से जा रहा था। इसी बीच, नशे में धुत कार चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और उसके ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। इस दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने कार चालक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह घटनास्थल से भाग निकला। इसके बाद सिपाही को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गाड़ी की नंबर प्लेट के आधार पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की पहचान की जा रही है।

## भाई-भाभी पर चाकू से हमला कर जिंदा जलाने की कोशिश, प्राथमिकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थानाक्षेत्र अंतर्गत विमल नगर कमता में संपत्ति हड़पने की नियत से एक युवक ने बड़े भाई व उनकी पत्नी पर चाकू से हमला कर उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर आरोपी उसे धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पीड़ित दंपति की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी के मुताबिक, पूनम शर्मा परिवार के साथ कमता के विमल नगर में रहती है। आरोप है कि सोमवार को देवर अमित शर्मा उनकी संपत्ति हड़पने की नियत से घर पहुंचा। इसके बाद पति संदीप शर्मा से गाली-गलौज करने लगा। विरोध किए जाने पर वह मारपीट करने लगा। पीड़िता बीच-बचाव करने पहुंची तो देवर ने दोनों पर चाकू से हमला किया फिर आरोपी ने गैस सिलेंडर खोलकर दंपति को जिंदा जलाने की कोशिश की। हंगामा बढ़ने पर पड़ोसी एकत्र हो गए। इसके बाद आरोपी दंपति को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। फिलहाल, तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

नये भारत का नया उत्तर प्रदेश
उत्तर प्रदेश पुलिस अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु
₹2,310 करोड़ से अधिक के 144 निर्माण कार्यों
(थाना प्रशासनिक भवन एवं आवासीय भवन, पुलिस चौकी प्रशासनिक भवन, थानों पर हॉस्टल, बैरक व विवेचना कक्ष, पुलिस लाइन में पुरुष हॉस्टल, ए.टी.एस. फील्ड यूनिट कार्यालय, पुलिस लाइन, पी.ए.सी. वाहिनी, यू.पी.एस.एस.एफ. वाहिनी एवं पुलिस थानों में मेडिकल कक्ष आदि)
का
लोकार्पण/शिलान्यास
तथा
75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज एवं कुशीनगर में पर्यटन थाने का
शुभारंभ
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
सुरेश कुमार खन्ना
मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश
दिनांक : 28 फरवरी, 2024 | समय : पूर्वाह्न 11:00 बजे
स्थान : लोक भवन सभागार, लखनऊ
लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP
गृह विभाग, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# एक नजर

## लविवि में दो प्रवक्ता हुए प्रोन्नत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में दो प्रवक्ताओं को प्रोन्नत किया गया है। प्रभावी व्यवस्था में डॉ. रोहिनी यादव और डॉ. तनुका चटर्जी शामिल हैं। लविवि से जारी आदेशों में दोनों को तीन वर्षों के लिए जिम्मेदारी दी गई है।

## लविवि में विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। परीक्षा परिणामों में एलएलबी, एमबीए, बीएड और बीकॉम परीक्षाएं शामिल हैं। परीक्षा का परीक्षाफल लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## छात्र को मिला सुपर परफार्मर अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-1 के छात्र मोहम्मद जेन तारिक खान को नेशनल हैण्डराइटिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सुपर परफार्मर अवार्ड दिया गया है। यह प्रतियोगिता भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त चाइल्ड ड्रीम बूस्टर हब के संयोजकत्व में आयोजित हुई, जिसमें देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया था।

# 10वीं में गणित के साथ अधिकारियों की भी हुई परीक्षा

## यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में राजधानी में अनुपस्थित रहे ढाई हजार परीक्षार्थी


परीक्षार्थी की उत्तर पुस्तिका को देखते डीआईओएस राकेश कुमार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गणित विषय की परीक्षा के दौरान रही कड़ी निगरानी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा के क्रम में मंगलवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की गणित तथा इण्टरमीडिएट की ट्रेड विषय की परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा के प्रथम पाली गणित व ट्रेड विषय में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 39125 थी, इसमें 2016 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, बोर्ड परीक्षा की द्वितीय पाली में हाईस्कूल आटोमोबाइल्स तथा इण्टरमीडिएट की गृह विज्ञान व व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा हुई। इसमें 9026 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 370 अनुपस्थित रहे। बता दें कि राजधानी में अधिकारियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती दसवीं में गणित विषय की परीक्षा थी।

इसमें 37,109 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने के चलते जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सभी सचल दल प्रातः परीक्षा से पहले ही अलर्ट किया गया था। वहीं कंट्रोल रूम भी पूरी तरह से एक्टिव किया गया। डीआईओएस ने बताया कि परीक्षा के दौरान निरीक्षण में किसी भी केन्द्र पर गड़बड़ी नहीं मिली। पूरी टीम अलर्ट मोड में दिखी स्थिति ये रही कि परीक्षार्थियों के साथ- साथ अधिकारियों की भी परीक्षा पूरी हुई।

### जेडी ने संभाली कमान टीम से लेते रहे जानकारी

**अमृत विचार :** 10वीं में गणित विषय की परीक्षा को देखते हुए जेडी माध्यमिक डॉ प्रदीप कुमार व उनकी ओर से गठित चारों सचल दल की ओर से पूरी परीक्षा के दौरान निरीक्षण जारी रहा। जेडी लगातार अपनी टीम से पल-पल की जानकारी लेते हुए दिखे। जेडी की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों पर सबसे अधिक ध्यान रहा। निरीक्षण के दौरान उन्नाव जाते हुए उन्होंने लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र के केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। मण्डलीय सचल दल प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। यहीं से उन्होंने ऑन लाइन परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था का निरीक्षण किया।


परीक्षा केंद्र के निरीक्षण के दौरान जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार। अमृत विचार

### लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई का आदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** तीन दिन से यूपी बोर्ड परीक्षा चल रही है। बेसिक शिक्षा परिषद की तरफ से प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा में लगाई गई थी। इन शिक्षकों ने ड्यूटी ज्वॉइन नहीं की है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीएसए रामप्रवेश ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए ऐसे शिक्षकों पर कार्रवाई की संस्तुति करने को कहा है।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विभाग से करीब 2000 शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में लगी है। इसमें काफी संख्या में शिक्षक अभी तक ड्यूटी नहीं ज्वॉइन की है। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने सख्ती शुरू की। इसके बाद बीएसए ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा की ऐसे शिक्षकों पर विनियम-109 में प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार "परिषदीय परीक्षाओं में जिनकी ड्यूटी केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में लगायी गयी है। ऐसे व्यक्ति यदि केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के दायित्व निर्वहन में लापरवाही बरतते है और जान बूझ कर अनुपस्थित होते है तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।


एमकेएसडी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## उम्मीद थी कठिन की, लेकिन पेपर सरल आया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार, लखनऊः** अमृत विचार से बातचीत में दसवीं में गणित की परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि उम्मीद थी कि कठिन पेपर आयेगा लेकिन ये पेपर सरल था। छात्र अकुंर ने बताया कि गणित के लिए हमारी तैयारी पूरी थी।
पेपर देखकर खुशी हुई क्योंकि पेपर ज्यादा कठिन नहीं था। पेपर थोड़ा लंबा था, कई बच्चों के कुछ प्रश्न छूट गए है।
छात्र ललित कुमार ने बताया कि हमको सबसे ज्यादा टेंशन मैथ्स के पेपर की ही थी। मैथ्स के फॉर्मूले याद करने के लिए हमने इसको लिख लिखकर याद किया था। पेपर थोड़ा कठिन जरूर था लेकिन जिन्होंने फार्मूला याद किए होंगे उनके लिए आसान था। 70 नंबर के पेपर में उम्मीद है कि 50 नंबर आ जाएंगे।

### 20 निजी कॉलेज प्रबंधक रडार पर, जायेगी मान्यता

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी के लिए जिन निजी कॉलेज प्रबंधकों ने अभी तक शिक्षकों को अपने रिलीव नहीं किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने 20 कॉलेजों को नोटिस जारी किया है। डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी न करना अनुशासनहीनता है। डीआईओएस ने कहा कि कक्षनिरीक्षक की ड्यूटी के लिए शिक्षकों को लगाया है। ताकि नकलविहीन परीक्षा कराई जा सके। काफी संख्या में निजी विद्यालयों के शिक्षक डयूटी न ज्वाइन करके परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का काम कर रहे हैं। ऐसे विद्यालयों पर कार्रवाई की जायेगी साथ में मान्यता भी रद्द करने की प्रक्रिया शुरू होगी। मंगलवार को जिन कॉलेजों को नोटिस जारी हुआ उनमें विक्रमशिला ज्ञान मंदिर हाईस्कूल सरोजनी नगर, लिटिल एंजिल इंटर कॉलेज सरोजनी नगर, पीजेंट डे एकेडमी इंटर कॉलेज, कमल देलही पब्लिक इंटर कॉलेज, गौतमबुद्ध पब्लिक इंटर कॉलेज, सेंट बिलाल हाईस्कूल, राम कृष्ण विद्यावती इंटर कॉलेज का नाम शामिल है।

# कल्याण साथी हेल्प लाइन पर घर बैठे मिलेगा योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हेल्पलाइन नंबर 14568 पर दर्ज कर सकेंगे शिकायत, होगा तत्काल समाधान

▸▸ समाधान केंद्र एवं कल्याण साथी मोबाइल एप से मिलेगी योजनाओं की जानकारी

**अमृत विचारः** समाज कल्याण निदेशालय में मंगलवार को कल्याण साथी कमांड सेंटर हेल्पलाइन नंबर 14568 की शुरुआत की गई। हेल्प लाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करने पर तत्काल समाधान होगा साथ ही पात्रों को योजनाओं का लाभ घर बैठे मिल सकेगा।

कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर का शुभारंभ पूर्व समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने किया। कार्यक्रम के दौरान ही कल्याण साथी मोबाइल एप, वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम पोर्टल और विभागीय त्रैमासिक पत्रिका कल्याणी का विमोचन किया गया। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश में 53 लाख वृद्धजनों को पेंशन का लाभ मिल रहा है। छूटे हुए पात्र वृद्धजन कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर 14568 पर कॉल करके योजना का लाभ ले सकते हैं। विभाग लाभार्थियों को पंचायत सहायक के माध्यम से घर बैठे योजना का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं की जानकारी, सहायता एवं लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए समाज कल्याण विभाग की ओर से इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर का संचालन किया जा रहा है। हेल्पलाइन के माध्यम से दर्ज समस्याओं को जिला समाज कल्याण अधिकारी समाधान करेंगे। साथ ही छात्रवृत्ति, सामूहिक विवाह आदि योजनाओं से संबंधित समस्याओं का भी समाधान होगा।

### आपदा से हुई जनहानि पर 80 लाख रुपये अवमुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में आपदा से हुई जनहानि पर राहत के लिए पीड़ितों को 80 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं। राहत आयुक्त कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार प्रदेश में 11 फरवरी से 23 फरवरी के बीच अग्निकाण्ड से तीन, आकाशीय बिजली से छह, आंधी-तूफान से एक, बेमौसम अतिवृष्टि से एक, डूबने से चार, मानव वन्य जीव द्वंद्व से तीन और पशु से दो जनहानि हुई है। आपदाओं से कुल 10 पशुहानि हुई है। इनमें अग्निकांड से गोंडा, फतेहपुर व फर्रुखाबाद में एक-एक जनहानि हुई है। आकाशीय बिजली से मीरजापुर में चार व प्रयागराज में दो व आंधी-तूफान से हमीरपुर में एक जनहानि हुई है। बेमौसम अतिवृष्टि से प्रयागराज में एक जनहानि हुई है। डूबने से गोंडा, गाजीपुर, बागपत व फर्रुखाबाद में एक-एक जनहानि हुई है। मानव वन्य जीव द्वंद्व से बिजनौर, पीलीभीत व प्रतापगढ़ में एक-एक जनहानि हुई है। पशु से बिजनौर व पीलीभीत में एक-एक जनहानि हुई है। आपदा से हुई जनहानि में प्रत्येक प्रभावित परिवार को चार लाख रुपये की राहत राशि दी गई है।


### गुमशुदा


सूचित किया जाता है कि श्रीमती केशाना देवी पत्नी राममोहन निवासी शिवाखेड़ा मजरे कहींजर थाना सरेनी रायबरेली जो दिनांक 24/07/2023 को घर से दवा लेने के लिए महारानीगंज निकली व घर वापस नहीं आई, जिनके गुमशुदगी के संबंध में थाना सरेनी रायबरेली में मु.अ.स. 230/23 धारा 364 आईपीसी पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मोबाइल नंबर 8090084199 पर या 8299004245 पर देने की कृपा करें।


# सार-संक्षेप

## बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के तहत कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नामक कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान जानकारियां भी साझा की गईं। भाषा विवि में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की प्रभारी डॉ. रूचिता सुजॉय चौधरी के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परिवार कल्याण निदेशालय के डॉ. अश्विन कुमार एवं यूनिसेफ के कोऑर्डिनेटर जावेद अंसारी शामिल हुए। वि कार्यशाला में 100 विद्यार्थियों सहित विश्वविद्यालय के डॉ. शचीन्द्र शेखर, डॉ. काजिम रिजवी, डॉ. नसीब, चितवन, मुस्कान और मोहसिन सहित विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में टैबलेट पाने वाले शिक्षक। अमृत विचार

## शिक्षकों को वितरित किए गए टैबलेट

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालयों के शिक्षकों को मंगलवार को टैबलेट वितरित किए गये। हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक यूपीएससीईआरटी डॉ पवन सचान बातौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महानगर स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग जनपदों से सरकारी विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ पवन सचान ने कहा कि आज डिजिटल का युग है डिजिटल ने कई मायनों में राह आसान की है। अब हमें इसे समझने की जरूरत है। उन्होंने डिजिटल युग में पढ़ाई का भी रास्ता आसान हुआ है। उन्होंने कहा शिक्षकों को जो टैबलेट वितरित किए गये हैं उन टैबलेट से बच्चों का भला काफी हद तक हो सकता है।

## एक-दूसरे से जोड़ती है प्रकृतिः प्रो. मधुरिमा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गृह विज्ञान विद्यापीठ की ओर से समग्र कल्याण मन, शरीर और आत्मा का एकीकरण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी की संस्थापक निदेशक एवं तकनीकी विशेषज्ञ प्रो. मधुरिमा प्रधान ने कहा कि प्रकृति हमें एक- दूसरे से जोड़ती है। इनोवेशन फॉर चेंज एनजीओ के अध्यक्ष हर्षित सिंह ने कहा कहमें एक दूसरे को लेकर चलना होगा, तभी समाज में एकजुटता दिखेगी। योगासन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड काउंसिल के फाउंडर एवं सीईओ आचार्य यश पाराशर ने कहा कि योग का हमारे जीवन में महत्पूर्ण योगदान है, ये हमें विभिन्न मापदंडों पर चलना सिखाता है। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिवानी सिंह ने प्रथम, जीनत अमान ने द्वितीय एवं शिवांगी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रो. एस विक्टर बाबू, प्रो. यूवी किरण, डॉ. शालिनी अग्रवाल, डॉ. के शर्मिला उपस्थित रहीं।

# घरों की चौखट पर नए कानूनों का प्रचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**अमृत विचार :** नया कानून सहित अन्य जानकारियां घरों की चौखट पर साझा हुईं। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब के सदस्य और छात्रों ने लोगों को जागरूक किया। कई मामलों में हलों के निस्तारण का भी प्रयास हुआ।

9 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम लखनऊ विवि की संस्था प्रो बोनो क्लब और विधिक सेवा केंद्र व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। प्रो बोनो क्लब के संयोजक मनीष तिवारी ने बताया कि लोक अदालत वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्रों में से एक है, यह एक ऐसा मंच है जहां अदालत में या मुकदमे-पूर्व चरण में लंबित विवादों अथवा मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा या समझौता किया जाता है। प्रो बोनो क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक कुमार यादव ने लोगों के बीच नए कानूनों की जानकारी दी। लोगों के सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान एसोसिएट प्रो. डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी, क्लब के सदस्य आदित्य, यशवर्धन, काव्यांजलि, तेजस्वी, रोशनी, प्रसंग आदि मौजूद रहे।

### विज्ञान और पर्यावरण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीएसवी पी जी कॉलेज चारबाग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वाराराष्ट्रीय विज्ञान दिवस की पूर्व संध्या पर विज्ञान और पर्यावरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वन पर्यावरण एवं मौसम परिवर्तन विभाग के सचिव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंटर ऑफ बायो मेडिकल रिसर्च के निदेशक रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शीला मिश्रा ने सकारात्मक कार्यों पर बल देने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि वैज्ञानिक डॉ.आलोक धवन ने नदी, पर्वत, भूमि, जंगल के संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ.संजीव शुक्ल, डॉ.गोविंद मिश्र, डॉ.जय प्रताप सिंह, डॉ.राजीव दीक्षित, डॉ.जयशंकर पांडेय, डॉ. प्रणव मिश्र, अनुज श्रीवास्तव, रजत, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी और स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# कला साधना ने दिलाई विश्व में पहचानः रागिनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेपाल ललित कला अकादमी की पूर्व चांसलर ने कहा है कि निरंतर कला साधना ने उन्हें विश्व स्तर पर पहचान दिलाई है। कला यात्रा में कला एवं शिल्प महाविद्यालय का बड़ा योगदान रहा है।

पूर्व चांसलर रागिनी उपाध्याय ग्रैला कला यात्रा पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में अतिथि की भूमिका के रूप छात्रों के साथ संवाद कर रही थीं। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर उनकी पहचान कला साधना के कारण ही बनी है। छापाकला में विशेषज्ञता हासिल करने वाली रागिनी बताती हैं कि कला महाविद्यालय और कला गुरु मदन लाल नागर, श्रीखंडे, अवतार सिंह पवार और जय कृष्ण अग्रवाल की बदौलत ही उन्होंने इन विद्याओं को सीखा है। कार्यक्रम के दौरान आलोक कुमार कुशवाहा, महाविद्यालय के डीन डॉ. रतन कुमार, अखिलेश निगम, राजीव, रविकांत, अतुल हुंदु, अनुराग सहित कला अध्यापक और छात्र उपस्थित रहे।

### नेचर स्पीक का प्रस्तुतीकरण

नेपाल ललित कला अकादमी की पूर्व चांसलर ने संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने कुछ चुनिंदा कलाकृतियों की एक प्रेजेंटेशन नेचर स्पीक भी किया। इसमें कोरोना काल की भयावता और प्रकृति के प्रति एक लगाव और उनके संरक्षण, उनकी सुंदरता को प्रदर्शित किया। छापाकला को लेकर महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रश्न पूछे गए, जिसका जवाब पूर्व चांसलर द्वारा दिया गया।

# राज्यांश मिला, अब केंद्रांश के लिए इंतजार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्रवृत्ति योजना में 60 प्रतिशत केंद्रांश का लाभार्थियों को इंतजार

**अमृत विचारः** प्रदेश के ढाई लाख छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के तहत केंद्र से मिलने वाली राशि की प्रतीक्षा है। हालांकि राज्यांश की 40 प्रतिशत राशि 38 करोड़ रुपये का भुगतान इनको कर दिया गया है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति संचालित की जाती है। छात्रवृत्ति योजना के तहत प्री मैट्रिक्स के छात्रों को 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार और 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है। सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय ने समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिया था कि राज्यांश का भुगतान कर छात्रों का विवरण चार मार्च तक भेज दिया जाए। समाज कल्याण निदेशालय ने प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खातों में धनराशि भेज दी है। राशि भेजने के साथ ही इसका विवरण सामाजिक अधिकारिता मंत्रालय को भेज दिया है। साथ ही 60 प्रतिशत राशि का भुगतान करने को भी कहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि मार्च के प्रथम सप्ताह में भुगतान होने की संभावना है।

### कालीचरण कॉलेज के 141 छात्रों को मिला रोजगार

**अमृत विचार, लखनऊ :** कालीचरण पीजी कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक द्वारा किया गया।कालीचरण पीजी कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक इं वीके मिश्र द्वारा छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। ऐसे में प्राचार्य प्रो. चन्द्र मोहन उपाध्याय ने रोजगार मेले में आए कम्पनियों के प्रतिनिधियों और छात्रों के बीच संवाद स्थापित कराया। रोजगार मेले में कुल 14 कंपनियां सम्मिलित हुईं। मेले में कुल 500 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 295 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों ने 141 विद्यार्थियों को चयनित किया।


**U.P. RAJKIYA NIRMAN NIGAM LTD.**
**TENDER NOTICE**
On behalf of Managing Director, U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd. General Manager (Lucknow Zone-2) / Gorakhpur Zone) and (Varanasi Zone) invites, online percentage rate bids in two bid system for-
1- NIT No-C-48/GM Lko Zone-2/Critical Care Sitapur/Tender /RNN/2024 Dated 16-02-2024 e-tender Construction of 50 Bedded Critical Care Hospital at Sitapur.
2- NIT No-3438/G.M(GKP)/NIVIDA/RNN/2022-23 Dated-20-02-2024, Construction of Repairing Work of Kabeer Hostel and Road Work at Deen Dayal Upadhyay Gorakhpur University, Gorakhpur,
03- NIT No-4256/GM(VNS-ZONE)/ETENDER/RNN/2023, Construction of 50 Bedded Critical Care Unit at District Sant Ravidas Nagar Bhadohi U.P
04- NIT No-4712/GM/RNN/TENDER/RNN/2024 Dated 03-02-2024, Construction of 50 Bedded CCU Hospital Under PM-ABHIM At Mirzapur.
Last date of submission of offers upto 2:00 PM on Dated 07-03- 2024 (SI-1), upto 3:00 PM on Dated 07-03-2024 (SI-2) upto 4:00 PM on Dated 04-03-2024 (SI-3) upto 2:00 PM on Dated 11-03-2024 (SI-4) all other details on website www.etender.up.nic.in and www.uprnn.upsdc.gov.in

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर 134 डीएमयू वास्तव में कहीं खो गया है। **गनेशराम यादव पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम बधुईया थाना सैफई जनपद इटावा**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कप्तान सोनकर अंकित है जो सही है। लेकिन मेरे पासपोर्ट (एल 9714780) में मेरा नाम त्रुटिवश सिर्फ कप्तान अंकित है जो गलत है। मेरा सही व पूरा नाम कप्तान सोनकर होना चाहिए, जो सही है। कप्तान व कप्तान सोनकर एक ही व्यक्ति का नाम है। **कप्तान सोनकर पुत्र धनीराम सोनकर निवासी ग्राम भुडकुड़ा पोस्ट रूपईडीह थाना इटियाथोक जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो मैं मो0 फैज़ पुत्र सैय्यद मो0 हसीब निवासी BN/198 माल गोदाम रोड मुनीराबाद, बाराबंकी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम बदलकर सैय्यद मो0 फैज़ रख लिया है।


# सबसे कम दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्यः जितिन

▸▸ परिवहन मंत्री ने यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाताा, लखनऊ


समारोह में सम्मानित होने वाले लोगों के साथ परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश को देश का ही नहीं बल्कि विश्व में सबसे कम सड़क दुर्घटनाओं वाला राज्य बनाने का लक्ष्य है। सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में सड़क सुरक्षा शामिल हैं। हादसों को रोकने के लिए कई उपाय उठाये जा रहे हैं। पीडब्लूडी, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा और पुलिस सहित अन्य विभाग के साथ कई संस्थाएं इस दिशा में काम कर रहीं हैं। यह बातें लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कही। मंगलवार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर विश्वेश्वरैया हाल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उन्होंने सड़क सुरक्षा को लेकर जन सामान्य से सावधान रहने को कहा।

इस मौके पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु से स्पष्ट है कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में विभागीय अधिकारी सड़क सुरक्षा के नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सड़क हादसों को कम करने को सुरक्षा व्यवस्था के लिए अलग से टीम गठित करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने दे दी है। प्रमुख सचिव परिवहन एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह से लेकर राज्य स्तर व जिले स्तर तक सुरक्षा संबंधी गतिविधियां विभाग की देखरेख में की जा रही हैं।

### जागरुकता के लिए मानव श्रंखला बनाने को किए गए सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान रायबरेली जनपद में बेहतर ढंग से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के क्रम में बेहतरीन मानव श्रृंखला का निर्माण कराये जाने पर आरटीओ प्रवर्तन लखनऊ संभाग संदीप कुमार पंकज, एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह, डीआईओएस रायबरेली व बीएसएस शिवेंद्र प्रताप सिंह को संयुक्त रूप से दोनों मंत्रियों ने पुरस्कृत किया। इस दौरान परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त राजस्व-आईटी एके सिंह, प्रमुख अभियंता लोनिवि वीके श्रीवास्तव, डीटीसी लखनऊ जोन सुरेंद्र कुमार, डीटीसी बरेली जोन संजय सिंह, आरटीओ लखनऊ उदयवीर सिंह, एआरटीओ प्रशासन अखिलेश कुमार द्विवेदी, एआरटीओ प्रवर्तन अमित राजन राय व एआरटीओ देवां रोड हिमांशु कुमार जैन सहित अन्य परिवहन अधिकारी मौजूद रहे। मंच का संचालन एआरटीओ प्रशासन बाराबंकी अंकिता शुक्ला ने किया।


**लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1**
लालबाग, लखनऊ

पत्र सं0- 1590/EE-1/नि0 दिनांक 27.02.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दिनांक 05/03/2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रू0) | धरोहर धनराशि (रू0) | कार्य/ आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-1 अन्तर्गत लारेटो स्थित मंत्री सचान जी के बंगले पर लगभग 100 मीटर 110एम0एम0 ब्यास की पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने एवं अन्तः संयोजन का कार्य। | 150.00 | 2500.00 | 07 दिवस |
| 2 | जोन-1 अन्तर्गत के0के0सी0 स्थित डिपार्टमेन्टल क्वार्टर की सम्पूर्ण मरम्मत का कार्य। | 250.00 | 5000.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग




## एक नजर

### बलरामपुर के निदेशक पद के लिए कवायद तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. एके सिंह 29 फरवरी को सेवानिवृत हो रहे हैं। ऐसे में निदेशक के पद के लिए कवायद तेज हो गई है। वहीं, सूत्रों का कहना है कि इस कुर्सी के लिए स्वास्थ्य विभाग में निदेशक पद पर प्रोन्नत हुए ज्यादातर डॉक्टर जुगाड़ में लग गए हैं। बलरामपुर अस्पताल में 776 बेड पर संचालन कर मरीजों को इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक भर्ती कर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। अस्पताल में रोजाना की ओपीडी में करीब छह हजार मरीजों को इलाज दिया जाता है। जून 2023 में यहां के निदेशक पद पर रहे डॉ. रमेश गोयल के सेवानिवृत होने के बाद स्वास्थ्य निदेशालय के संचारी रोग विभाग में तैनात रहे डॉ. एके सिंह को चार्ज सौंपा गया था।

### जानकीपुरम के कई इलाकों में आज बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती के जानकीपुरम सेक्टर-आई से निर्गत प्रभात चौराहे पर जर्जर एचटी तारों को बदलने का कार्य आज किया जायेगा। इसके कारण युनाइटेड सिटी, शिव बिहार, जानकी बिहार, निगम तिराहा, प्रभात चौराहा सहित यशोदापुरम में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी उपखंड अधिकारी राम लखन ने दी।

# केजीएमयू के मानसिक विभाग में सुरक्षा गार्ड चला रहा फर्जी वाहन स्टैंड

## तीमारदार के विरोध करने पर की अभद्रता, जांच के बाद आरोपी कर्मचारी कार्यमुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के वृद्धावस्था मानसिक विभाग के परिसर में सुरक्षा गार्ड फर्जी वाहन स्टैंड का संचालन कर धन उगाही कर रहा है। मंगलवार को तीमारदार के विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता भी की। केजीएमयू में वाहन स्टैंड संचालित करने वाले अतिन श्रीवास्तव की टीम की जांच में भी इस फर्जी स्टैंड संचालन की पुष्टि हुई है। इसके बाद स्टैंड के एक कर्मचारी को हटा दिया गया।

केजीएमयू परिसर में स्टैंड संचालन का ठेका अतिन श्रीवास्तव का है। ट्रॉमा सेंटर के सामने स्थित वृद्धावस्था मानसिक विभाग में मंगलवार को यहां का सुरक्षा गार्ड स्टैंड का संचालन कर रहा था। वह वाहनों पर लाल रंग का टोकन लगा रहा था। जिस पर केजीएमयू व ठेके से सम्बंधित किसी प्रकार की कोई जानकारी अंकित नहीं थी। एक तीमारदार ने विरोध किया तो आरोपी गार्ड अभद्रता करने लगा। मौके पर जुटे कई अन्य तीमारदारों ने बताया कि यहां काफी समय से इस फर्जी स्टैंड का संचालन कराया जा रहा था। विरोध करने वालों को यहां गाड़ी खड़ी नहीं करने देते थे।

**ठेकेदार के कर्मचारी की सह पर चल रहा था स्टैंड :** इस मामले की जानकारी केजीएमयू में स्टैंड संचालक अतिन श्रीवास्तव की टीम को दी गई। मौके पर पहुंचे दो कर्मचारियों ने जांच की तो पता चला कि यहां पर जिस कर्मचारी को स्टैंड संचालन की जिम्मेदारी है, वह गार्ड की मिलीभगत से असली टोकन के बजाय नकली टोकन लगाकर स्टैंड का संचालन करवा रहा था। इस पर आरोपी कर्मचारी को कार्यमुक्त कर दिया गया।



आरोपी गार्ड जो लगा रहा था नकली टोकन



ऐसे टोकन लगाए जा रहे थे



ये है असली टोकन

> फर्जी स्टैंड संचालन का मामला बेहद गंभीर है। इस मामले में ठेकेदार अतिन श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। साथ ही जांच में यदि सुरक्षा गार्ड की सलिप्तता मिली तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> -प्रो. क्षितिज श्रीवास्तव, चीफ प्राक्टर केजीएमयू

### ठेकेदार से संपर्क करना आसान नहीं

पूरे केजीएमयू में स्टैंड का ठेका अतिन श्रीवास्तव के नाम से है। सारा दिन गाड़ियां स्टैंड पर खड़ी करने को लेकर तीमारदारों से नोकझोंक होती रहती है। सबसे ज्यादा दिक्कत ओपीडी के समय होती है। मरीज को दिखाने की जल्दबाजी में यदि किसी तीमारदार ने गाड़ी इधर-उधर खड़ी कर दी तो स्टैंड के कर्मचारी पहिए में क्लिप लगाकर वसूली करते हैं। विवाद से बचने के लिए यदि कोई ठेकेदार से संपर्क करना चाहे तो कहीं भी उसका संपर्क नंबर दर्ज नहीं किया गया हैं।

## सिविल और लोकबंधु में मिलेगी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु चिकित्सालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में मेडिकल कॉरपोरेशन की तरफ से एफेरेसिस मशीन उपलब्ध करा दी गई है। इस मशीन से एसडीपी यानी की सिंगल डोनर प्लेटलेट्स प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए जरूरतमंद मरीज को सीधे प्लेटलेट्स चढ़ाया जाएगा।

लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया है कि सिंगल डोनर प्लेटलेट्स प्रक्रिया का इस्तेमाल कर जब प्लेटलेट्स निकलते हैं और सीधे मरीज को चढ़ाते हैं तो बहुत तेजी से प्लेटलेट्स की संख्या शरीर के अंदर बढ़ती है। लाइसेंस के लिए ड्रग कंट्रोलर के पास आवेदन किया गया है। लाइसेंस मिलते ही मशीन को चालू कर दिया जाएगा। डॉ. अजय शंकर ने बताया कि इस प्रक्रिया में जिस ब्लड ग्रुप का मरीज होता है उसी ब्लड ग्रुप का दाता भी होना चाहिए। मशीन के जरिए दाता के शरीर से ब्लड लेकर वापस डोनर को चढ़ा देंगे और इस बीच मशीन प्लेटलेट्स को अलग कर लेगी और मरीज को वह प्लेटलेट्स चढ़ाया जाएगा।

# वसूली मामले में केजीएमयू ने गठित की पांच सदस्यीय टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर मृतक के परिजन से की थी वसूली

**अमृत विचार :** मर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट बदलवाने के नाम पर वसूली होने के प्रकरण में केजीएमयू प्रशासन ने जांच के लिए मंगलवार को पांच सदस्यीय कमेटी गठित किया है। टीम वायरल ऑडियो की जांच के साथ ही पीड़ित परिजनों के बयान भी दर्ज करेगी। वहीं, कमेटी सदस्यों का कहना है कि 10 साल से अधिक समय से एक ही पद पर तैनात चीफ फार्मासिस्ट को दूसरी जगह तैनाती दिए जाने की भी संस्तुति होगी।

मालूम हो कि, हादसे में जख्मी युवक की ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गई थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में शराब पीने की पुष्टि होने की बात कहकर मर्च्युरी के कर्मचारी ने 20 हजार रुपये की मांग किया था। 10 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था। बकाया रकम मांगने को लेकर कर्मचारी पीड़ित परिवार को धमका रहा था। इस मामले का बीते दिनों ऑडियो वायरल हुआ था। प्रॉक्टर डॉ. क्षितिज श्रीवास्तव का कहना है कि पांच सदस्यीय कमेटी मामले की जांच कर रही है। इसकी रिपोर्ट जल्द ही आएगी। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### कर्मचारी कर सकते हैं जांच प्रभावित

सूत्रों का कहना है कि केजीएमयू अफसर जांच के नाम पर लीपापोती में जुटे हैं। वजह यह है कि जिस गार्ड को वहां से हटाया गया है। उसका सरगना अभी तक मर्च्युरी में ही ड्यूटी कर रहा है। ऐसे में वह जांच प्रभावित कर सकता है। जांच पूरी होने तक कर्मचारी की तैनाती दूसरे स्थान पर होनी चाहिए ताकि निष्पक्ष जांच हो सके।

# 45 डॉक्टरों की भर्ती के लिए साक्षात्कार 1 मार्च को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 100 से अधिक खोले जाने हैं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

**अमृत विचार :** सीएमओ के आधीन संचालित सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करने के लिए 45 डॉक्टरो की भर्ती होगी। इसके लिए सीएमओ कार्यालय में 1 मार्च को डॉक्टरों का साक्षात्कार आयोजन किया गया है।

गली-मोहल्लों के लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले जा रहे हैं। 100 से अधिक सेंटर खोले जाने हैं। करीब 75 सेंटर का संचालन हो रहा है। बाकी सेंटर खोलने की प्रक्रिया चल रही है। इन सेंटरों में एमबीबीएस डॉक्टर तैनात किए जाने हैं। इसके लिए 1 मार्च को वॉक इन इंट्रव्यू होना है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि पिछली बार डॉक्टरों के 82 पद निकाले गए थे। साक्षात्कार में 32 डॉक्टरों का चयन किया गया था। इस बार 45 पदों के लिए साक्षात्कार होना है।

# फार्मेसी का नहीं दिखा सके लाइसेंस, दवाएं सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर आईपीएस हॉस्पिटल की फार्मेसी में मारा गया छापा

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने नकली दवा की बिक्री के शक में मंगलवार को गोमतीनगर विस्तार स्थित खरगापुर आईपीएस अस्पताल की फार्मेसी में छापेमारी की। टीम ने मौके पर मिले कर्मचारियों से फार्मेसी का लाइसेंस मांगा। जिसे कर्मचारी नहीं दिखा सके। टीम ने नकली दवा के शक में पांच नमूने एकत्र किए। इसके आलावा स्टोर में उपलब्ध करीब एक लाख रुपये की दवाएं भी सीज की गई।

आईपीएस अस्पताल परिसर में मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है। मंगलवार को एफएसडीए के सहायक आयुक्त बृजेश कुमार के निर्देशन में छापेमारी की कार्रवाई हुई। ड्रग इंस्पेक्टर संदेश मौर्य, नीलेश कुमार शर्मा, सौरभ दुबे पुलिस बल के साथ फार्मेसी पहुंचे। मेडिकल स्टोर में कर्मचारी जितेन्द्र राजपूत एवं अभिषेक वर्मा उपस्थित मिले। जिनसे टीम ने औषधि विक्रय लाइसेंस मांगा। दोनों कर्मचारी लाइसेंस नहीं दिखा पाए। फार्मेसी में लगभग एक लाख रुपये की दवा थी। जिसे सीज कर दिया गया। पांच दवाओं के नमूने जांच के लिए एकत्र किए गए। अफसरों का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



फार्मेसी के बाहर खड़े टीम के सदस्य व सीज की गईं दवाइयां। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### तीन समाज सेवियों को मिला अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** शियों के 12वें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत के मौके पर अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में आयोजित 'जश्ने वली-ए-अस्र' में तीन समाज सेवियों को अवॉर्ड मिला। इस बीच समारोह में समाजसेवी वफा अब्बास, शेख सईद हुसैन, दिलावर हुसैन को समाजी सेवाओं के पेशें नजर अवॉर्ड से नवाजा गया। इस मौके पर मौलाना मीसम जैदी, मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेहदी सहित तमाम लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन मौलाना उर्फी नानपारवी और कौसर जरवली, अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी और धन्यवाद ज्ञापन प्रिंस इकबाल मिर्जा ने दिया।

### सिस गोमती के कई इलाकों में 5 घंटे बाधित रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिस गोमती के कई इलाको में मंगलवार को घंटों बिजली गुल रही। इस दौरान लोगों को पानी समेत अन्य कार्यों के लिए खासा परेशानी का सामना करना पड़ा। यहियागंज के खजुआ, शास्त्रीनगर, रामलीला गाउंड के आसपास सहित अपट्रॉन फीडर से पोषित होने वाले इलाकों मे 5 घंटें से अधिक बिजली गुल रही। स्थानीय निवासियों के अनुसार, आए दिन क्षेत्र में घंटों बिजली की सप्लाई को बंद कर दिया जाता है। उपकेंद्र पर फोन मिलाने पर इलाके में आरडीएसएस योजना के तहत कार्य चलने की बात कर्मचारी बताते है लेकिन बिजली की आपूर्ति कब तक सामन्य होगी। इस बात की जानकारी कोई नही देता।

### अलंकार रस्तोगी को दिया जाएगा साहित्य रत्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के युवा व्यंग्यकार अलंकार रस्तोगी को बीपीए फाउंडेशन दिल्ली की ओर से वर्ष 2023 के साहित्य रत्न से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता गीतांजलि, सूर्यबाला लाल, संतोष चौबे, प्रेम जनमेजय को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए 'शिखर सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ कथाकार ममता कालिया की अध्यक्षता में गठित नौ सदस्यीय समिति ने इसकी घोषणा की। बीपीए के फाउंडर चेयरमैन डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि समिति में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ. सुशील कुमार त्रिवेदी, सेवानिवृत्त शोवना नारायण के अलावा राजेंद्र मोहन शर्मा, प्रताप सहगल, गिरीश पंकज, फारुख अफरीदी, प्रबोध गोविल शामिल थे। फाउंडेशन की ओर से विशिष्ट साहित्य विभूषण, साहित्य विभूषण, साहित्य भूषण सम्मान भी प्रदान किए जाएगा।



अलंकार रस्तोगी

### मुख्य अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण माह के बचें दो दिनों को देखते हुए मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती ने मंगलवार को कई उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एबीसी लाइन डालने से लेकर ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग और फीडरों के मेंटेनेंस कार्य का जायजा लिया। कई उपकेंद्र के अनुरक्षण कार्य की सुस्त रफ्तार फटकार लगाई। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पावर कॉरपोरेशन ने फरवरी माह को अनुरक्षण माह घोषित किया है। इसमें सभी उपकेद्रों के उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मरों की ऑयलिंग, फीडरों का मेंटेनेंस कार्य कराया गया है। इसके साथ ही क्षेत्र में लगें ट्रांसफार्मर, पेटीबॉक्स, एबीसी लाइन और पेड़ों की कटाई-छटाई का काम भी किया गया है। अनुरक्षण माह में अब दो दिन ही बचे हैं। सभी छूटे कार्यों को तेजी से पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### जागरूकता और सुरक्षा कम कर सकती है आपदा का जोखिम

**अमृत विचार, लखनऊ :** किसी भी आपदा में सबसे अधिक महिलाएं प्रभावित होती हैं। महिलाएं अगर जागरूक और प्रशिक्षित होंगी तो प्रदेश के लिए लाभकारी होगा। उक्त बात मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आपदा जोखिम न्यूनीकरण में महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषय पर मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि ने कही। उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले. जनरल योगेन्द्र डिमरी ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अपने-अपने जिले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ समन्वय करके जागरूकता कार्यक्रम करने चाहिए। क्षेत्र में महिलाओं के साथ-साथ बच्चों, बुजुर्गों और व्यस्कों को भी प्रशिक्षित किया जाए। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से महिला प्रतिभागियों को प्रशिक्षण किट एवं प्रशिक्षण पुस्तिका दी गई। प्रतिभाग करने वाली समस्त महिलाओं से प्रश्नोत्तरी की गई। जिले से सही उत्तर देने वाली 05-05 महिलाओं को पुरस्कार एवं समस्त महिलाओं को प्रमाण-पत्र दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली और उन्नाव से आईं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राम केवल अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, कनीज फातिमा परियोजना निदेशक, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार आदि मौजूद रहे।

### एनजीओ से जुड़ीं महिलाएं समाज को दे रही नई दिशा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एनजीओ से जुड़ी महिलाएं समाज को नई दिशा दे रही हैं। वे पारिवारिक जिम्मेदारी के साथ ही सामाजिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर रही हैं। उक्त बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शक्ति वंदन अभियान के तहत मानस मंदिर सभागार में आयोजित एनजीओ सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर सम्मान देने का काम किया है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं महिलाओं पर केंद्रित है। व्यवस्था की चाभी महिलाओं को सौंपी जा रही है। इस दौरान एमएलसी रामचंद्र प्रधान, महानगर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी, महामंत्री रामअवतार कनौजिया, नगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बीओबी ने कार ऋण की ब्याज दर घटाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने कार ऋण के लिए अपनी ब्याज दरों में कमी की घोषणा की है, जो अब 8.75 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होगी। यह पेशकश सीमित अवधि के लिए ही की गई है जो 26 फरवरी से शुरू होकर 31 मार्च तक रहेगी। निदेशक संजय मुदालियार ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में संवहनीय वृद्धि, बढ़ती अपेक्षाओं और उपभोक्ताओं के भरोसे के आधार पर कार खरीद के क्षेत्र में मजबूत मांग को देख रहे हैं जिसके चलते जनवरी में यात्री वाहन की बिक्री उच्चतम स्तर पर रही। 8.75 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली नई दर उधारकर्ता की क्रेडिट प्रोफाइल तथा नई कार की खरीद पर लागू होगी।

## रचनाकारों का किया गया सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी प्रेस क्लब और उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा मंगलवार को 143वें सृजन सम्मान समारोह में दो पुस्तको का लोकार्पण हुआ। सृजन सम्मान से शायरा डॉ. सीमा श्रीवास्तव व आजमगढ़ के राकेश पांडेय को 'सागर' युवा रचनाकार सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर मधु पाठक की दो पुस्तकों 'मैं शब्द हूं' व 'भावों का झरोखा' का लोकार्पण हुआ। डॉ. राम बहादुर मिश्र, हसीब शिद्दीकी, विनोद शंकर शुक्ल, वीबी पांडेय तथा सर्वेश अस्थाना ने रचनाकारों को सम्मानित किया। कवि सम्मेलन में अविजीत सिंह, डॉ रुद्रमणि सहित लगभग 60 कवियों ने काव्यपाठ किया।



चेटीचंड मेला कमेटी की बैठक में नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

# शिविर में 550 लोगों के मुंह की जांच कर परखे कैंसर के लक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोगों को मुंह के कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केजीएमयू दंत संकाय की ओर से मंगलवार को लालकुंआ के प्राथमिक विद्यालय में चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 550 लोगों ने मुंह की सेहत की जांच कराई। जिसमें पांच प्रतिशत लोगों में मुंह के शुरूआती कैंसर की पुष्टि हुई है। फिलहाल इन मरीजों को डॉक्टरों की सलाह लेने, इलाज व एहतियात बरतने की सलाह दी गई।

दंत संकाय के ओरल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एंड फॉरेंसिक ऑडिंटोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शालिनी गुप्ता ने बताया कि मुंह के कैंसर के मामलों में तेजी से इजाफा हो रहा है। पहले यह बीमारी 55 साल से अधिक उम्र के लोगों को घेरती थी। अब यह बीमारी 20 साल के युवाओं को भी अपनी गिरफ्त में ले रही है। डॉ. शालिनी ने बताया कि शिविर में पांच प्रतिशत मरीज में मुंह के शुरुआती स्टेज के कैंसर का पता चला है। इन मरीजों में मुंह कम खुलने की समस्या देखी गई है।

### ब्रश करने का तरीका गलत

डॉ. शालिनी ने बताया कि शिविर में आए 40 से 50 प्रतिशत लोगों को मुंह से जुड़ी दूसरी समस्याएं देखने को मिली। कम उम्र के लोगों में दांतों के हिलने व कीड़े की समस्या भी देखने को मिली। उन्होंने बताया कि ब्रश करने का तरीका गलत है। सभी को मुंह की सफाई के तौर-तरीके बताए गए। इस मौके पर केजीएमयू में वॉकथान भी हुआ। इसमें बड़ी संख्या में डॉक्टर, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# चेटीचंड मेला कमेटी के रतन मेघानी अध्यक्ष और संजय बने महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 10 अप्रैल को धूमधाम से मनाई जाएगी झूले लाल की जयंती निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अमृत विचार :** चेटीचंड मेला कमेटी की बैठक में आज नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने बताया की मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेन्द्र भवनानी, सुरेश छाबलानी, श्याम कृषनानी, संयुक्त सचिव सतीश आडवानी को मनोनित किया गया।

नई कार्यकारिणी को लोगों ने बधाई दी। झूले लाल की जयंती पूरे देश में 10 अप्रैल को धूम-धाम से मनाई जायेगी। इस उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में मन्नू तेजवानी, तरूण संगवानी, किशन चंद बंबानी, राम बलानी, हंसराज राज्यपाल, रमेश बालानी, गुलाब जसवानी, नीरज राज्यपाल, विक्की दलयानी, पुलकित राजपाल, इंद्र कालानी, हरीश सुरतानी, एसराज मन्ध्यान, पुरुषोत्तम गावरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

तकनीक

हैदराबाद स्थित अपोलो के डॉक्टर की ली जाएगी मदद

# एआई से पता चलेगा कि हार्ट फेल्योर का खतरा कब तक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी ने नई तकनीक की शुरुआत के लिए शुरू की तैयारी

**अमृत विचार :** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक शरीर में होने वाले संक्रमण और दिल की बीमारी से बचाव के लिए कारगर साबित होगी। चिकित्सकों का दवा है कि इसकी मदद से शरीर में होने वाले संक्रमण और हार्ट फेल्योर की जानकारी पहले ही मिल जाएगी। बीमारी से पहले उसकी जानकारी होने पर बचाव का तरीका आसानी से खोजा जा सकेगा।

इस पर केजीएमयू में कार्डियोलॉजी विभाग के प्रो. ऋषि सेठी ने काम भी शुरू कर दिया है। दरअसल, किसी बीमारी के इलाज से बेहतर उसका बचाव है। इसके चलते एआई की मदद से बीमारी की जानकरी पहले पता करने की कवायद शुरू हुई है। केजीएमयू के डॉक्टरों ने हैदराबाद स्थित अपोलो के चीफ क्लीनिकल इन्फारमेशन अधिकारी डॉ. सुजाय कार के साथ काम शुरू किया है।

डॉ. सुजाय कार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर लंबे समय से काम कर रहे हैं। वह बीते दिनों प्रिसिजन मेडिसिन और इंटेंसिव केयर कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने लखनऊ भी आए थे। इसी दौरान एआई की मदद से बीमारियों की जानकारी करने की दिशा में काम करने पर विचार बना था। क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के एचओडी प्रो. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि डॉ. सुजायकार और प्रो. ऋषि सेठी मिलकर इस विषय पर काम कर रहे हैं। जिससे कि पता लगा पायें कि मरीज को हार्ट फेल्योर होगा या नहीं।

सटीक जानकारी मिलने पर बचाव के तरीके को खोजा जा सकता है। इसके अलावा मरीजों में संक्रमण होने की संभावना पर भी काम किया जाएगा। इसमें इमरजेंसी में आने वाले मरीजों में एआई की मदद ली जाएगी। जिससे उनमें संक्रमण की संभावना का पता लगाया जा सकेगा।

## एक नजर

### करंट से झुलसे मजदूर ने तोड़ा दम

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां निवासी मूलचंद (35) मजदूरी करता था। भतीजा रिंकू ने बताया कि उसके चाचा कुछ समय से वहां पीजीआई स्थित एकता नगर में मजदूरी कर रहे। गत 22 फरवरी को काम करते समय अचानक बिजली का तार छू गया था। जिससे कि वह करंट की चपेट में आ कर झुलस गया था। ठेकेदार द्वारा ट्रामा सेंटर में एडमिट कराया गया जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात उसने दम तोड़ दिया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत किसान पथ के नीचे रेलवे ट्रैक पर मंगलवार को एक अज्ञात (25) शव पड़ा मिला। मृतक पुल बांह की काली टी शर्ट, नीले रंग की जींस व भूरे रंग की अंडर वियर पहने हुए है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से शिनाख्त कर प्रयास किया, लेकिन पहचान न होने पर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा हैं।

### सबमर्सिबल पंप का अल्टीनेटर चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थानाक्षेत्र अंतर्गत चोरों ने एक किसान के ट्यूबवेल से सबमर्सिबल पंप का जनरेटर का चोरी कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रसूलपुर गांव निवासी करमराज यादव का खेत में ट्यूबवेल है। शनिवार दोपहर बेटा खेत पर गया तो सबमर्सिबल पंप, जनरेटर का अल्टीनेटर और दो हॉर्स पावर की मोटर गायब मिली। करमराज ने इसकी सूचना बंथरा पुलिस को दी। पुलिस तहरीर लेकर चोरों का सुराग लगा रही है।

### चोरी के मोबाइल फोन के साथ दो गिरफ्तार

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मोहनलालगंज पुलिस ने मंगलवार को दो चोरों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों के पास से पुलिस ने चोरी के दो मोबाइल फोन और नकदी बरामद की गई। मोहनलालगंज एसीपी राधारमण सिंह ने बताया कि पुलिस ने मंगलवार को निगोहां के बदनखेड़ा निवासी रिंकल और डाडा सिकंदरापुर निवासी मनीष यादव को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने बीते 2 फरवरी को छिबऊखेड़ा निवासी शैलेन्द्र यादव का मोबाइल फोन चोरी किया था।

### फरार वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया। वह कोर्ट में पेशी पर हाजिर नहीं हो रहा था। पुलिस ने पीजीआई के सभाखेड़ा कल्ली पश्चिम निवासी रामदीन को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा में मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। वह काफी दिनों से कोर्ट में पेशी पर नहीं जा रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

# मलिन बस्ती में लगी भीषण आग 100 से अधिक झोपड़ियां जलीं

## आठ घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, गरीबों का उजड़ा आशियाना

▸▸ संदिग्ध परिस्थितियों में देर रात बस्ती में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


आग लगने के बाद धू-धूकर जलतीं झोपड़ियां। अमृत विचार


आग बुझाने के लिए मौके पर मौजूद दमकल की गाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इंदिरानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुग्गामऊ रोड पर बसी मलिन बस्ती में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई। यह हादसा उस वक्त हुआ जब लोग गहरी नींद में सो रहे थे। आग की जद में आने से 100 से ज्यादा लोगों की झोपड़ियां और गृहस्थी जलकर राख हो गईं। आठ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दमकल कर्मियों ने पुलिस की मदद से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

सीएफओ (मुख्य शमन अधिकारी) मंगेश कुमार के मुताबिक, दमकल विभाग के कंट्रोल रूम पर रात डेढ़ बजे मानस सिटी के पीछे सुग्गामऊ रोड पर बसी मलिन बस्ती में आग लगी की सूचना मिली थी। जानकारी मिलते ही इंदिरानगर फायर स्टेशन से तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। लोग जब तक आग बुझाने दौड़े तब तक देखते ही देखते लपटों ने 50-60 झोपड़ियों को अपने आगोश में ले लिया। लोग अपनी जान बचाते हुए भागे। फिर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। आग से घर का सारा सामान, अनाज, गाड़ी, सब राख हो गए। सीएफओ का कहना है कि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल, कई बिंदुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

इंदिरानगर एफएसओ शत्रुघ्न ने बताया कि, शुरुआती दौर में दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन बढ़ती आग की वजह से गोमतीनगर, बीकेटी, हजरतगंज, चौक, आलमबाग और सरोजनीनगर फायर स्टेशन पर बस्ती में आग लगने की सूचना दी गई। इन फायर स्टेशन से एक-एक फायर टेंडर घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से बस्ती में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। करीब आठ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद आग पर काबू पाया गया है। प्रथम दृष्टया में कुल 126 लोगों की झोपड़ियां समेत गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई है।

मार्च 2018 में भी इसी बस्ती में आग लग गई थी। जिसमें 60 परिवारों के आशियाने और उनकी छोटी-छोटी खुशियां जलकर राख हो गई थी।

### गहरी नींद में थे लोग

बस्ती में रहने वाले अब्बास अली ने बताया कि वह कबाड़ का कारोबार करते हैं। जिस वक्त हादसा हुआ तब लोग गहरी नींद में सो रहे थे। अचानक लोगों की शोर सुनकर वह बाहर निकले तब उन्होंने आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखी। बताया कि इस आग में उनकी भी झोपड़ी और गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई है। वहीं, मकबूल खां ने बताया कि बस्ती में जगह-जगह प्लास्टिक का ढेर लगा था। जिससे आग लगी गई। ऊंची-ऊंची लपटों के बीच प्लास्टिक छिटक-छिटक अन्य झोपड़ियों पर गिरने लगी। जिससे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

## फंदे से लटकता मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मकबूलगंज में शीलू साहू (26) का शव फंदे से लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, बलरामपुर जनपद निवासी शीलू की शादी 11 दिसंबर 2023 को मकबूलगंज निवासी आलोक साहू के साथ की थी। भाई अखिलेश साहू ने बताया कि आलोक दूध सप्लाई का काम करता है। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज में कार की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे थे। मांग पूरी न होने पर उसके ससुराल वाले अक्सर उसकी पिटाई करते थे। कई बार वह उसकी शिकायत की थी, लेकिन समझाया जाता था। एक सप्ताह पहले ही वह मायके से आई थी। सोमवार रात ससुराल वालों ने बहन की गला दबाकर हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति समेत लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परीक्षा देकर घर लौटी छात्रा ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गुडम्बा, मदेयगंज और पीजीआई क्षेत्र से सामने आए आत्महत्या के मामले

**अमृत विचार :** राजधानी में अलग अलग थानाक्षेत्रों से खुदकुशी करने के मामले सामने आए हैं।

गुडम्बा प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, आदिल नगर निवासी अक्षिता नंदन श्रीवास्तव हाईस्कूल की छात्रा थी। मंगलवार दोपहर वह गणित की बोर्ड परीक्षा देकर घर लौटी थी। इसके बाद छात्रा आराम करने के लिए अपने कमरे में चली गई। देर शाम परिजन ने बेटी के शव को फंदे से लटकता पाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों ने छात्रा का पोस्टमार्टम किए जाने से इंकार कर दिया। वहीं, मदेयगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत त्रिवेणीनगर निवासी निधि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर रही थी। पिता अश्वनी शाहजहांपुर जनपद के एक निजी अस्पताल में डॉक्टर हैं। मंगलवार को घर से बाहर गए थे। इसी बीच बेटी निधि ने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। मदेयगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर पीजीआई के तेलीबाग निवासी रजनीश भाई रामसिंह के साथ रहता था। भाई ने बताया कि सोमवार रात रजनीश खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तब उसका शव छत के कुंडे में मफलर के बने फंदे से लटकता मिला। तीनों ही मामलों को पुलिस को घटनास्थल से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# छोटे सिलेंडर से हुआ था धमाका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



फॉलोअप

▸▸ जांच में छोटे सिलेंडर से धमाका होने से मकान जमींदोज होने की बात आई सामने

**अमृत विचार :** हुसैनगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत केकेसी महावीरपुरी कॉलोनी में छोटे सिलेंडर से विस्फोट होने की बात सामने आ रही है। मंगलवार को घटनास्थल का मुआयना करने पहुंची दमकल टीम को इस बात का पता चला। जबकि, हुसैनगंज पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की तरफ से अभी तक लिखित शिकायत नहीं आई है। अगर मिलती है, तो आगे की जांच की जाएगी।

गौरतलब है कि 26 फरवरी की शाम की सिलेंडर विस्फोट से एक दो मंजिला मकान जमींदोज हो गया था। जिसमें पांच लोग जख्मी हो गए थे। मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने कारण पता लगाया। घटनास्थल से दमकल कर्मियों से एक छोटे सिलेंडर के कुछ हिस्से भी मिले हैं। जिन्हें देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा कि घर में छोटे गैस सिलेंडर का इस्तेमाल किया जा रहा था।

सीएफओ ने बताया कि कंपनी की तरफ से आइएसआइ मार्क के छोटे सिलेंडर मिलते हैं, लेकिन कीमत ज्यादा होती है। वहीं बाजार में लोकल सिलेंडर की कीमत कम है। इसके चलते आम लोग इन सिलेंडर का इस्तेमाल ज्यादा करती है। यही नहीं लोकल सिलेंडर को ज्यादा इस्तेमाल कर करेंगे तो हीट हो जाते हैं। फिर किसी भी वक्त फट सकते हैं। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्त ने बताया कि मौके से अधिकांश मलबा हटवा दिया गया है। इस हादसे में सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनकी हालत खतरे बाहर बताई जा रही है।

# साथी की पिटाई से अधिवक्ताओं में नाराजगी, किया कार्य बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदर्शन की आशंका के बीच कचहरी में पुलिस बल के साथ पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी

▸▸ अधिवक्ताओं का आरोप पिटाई से उनके साथी का हाथ और नाक टूटी

**अमृत विचार :** विभूतिखंड पुलिस पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया। मंगलवार सुबह पुराने हाईकोर्ट के पास अधिवक्ताओं की भीड़ एकत्र होने लगी। तब प्रदर्शन की आशंका पर पुलिस विभाग के आलाधिकारी भी पहुंच गए। सुरक्षा की दृष्टि से कचहरी और हजरतगंज मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस तैनात रहीं।

गौरतलब है कि 26 फरवरी शाम अधिवक्ताओं ने विभूतिखंड पुलिस पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पेशी पर आए बंदियों की गाड़ियों को रोक लिया था। अधिवक्ताओं का आरोप था कि पुलिस की पिटाई से उनके अधिवक्ता साथी का हाथ और नाक टूट गई थी। इस पर अधिवक्ताओं ने विभूतिखंड थाने में तैनात दोषी पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज कर निलंबन की मांग की थी।

मंगलवार को अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच विवाद गहराता देख सुबह से ही भारी मात्रा में फोर्स तैनात कर दी गई। जिससे देखकर अधिवक्ता बैकफुट में आ गए। आलाधिकारी ने बताया कि एसोसिएशन से बातचीत की गई है। जिनमें उन्हें मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया है। जिसमें यह भी कहा गया है कि अधिवक्ता शहर में शहर व्यवस्था का उल्लघंन न करें।

### हरकत में आये अधिकारी, होगी कार्रवाई, संयुक्त पुलिस आयुक्त ने दिया जबावी पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पत्र का संज्ञान लेते हुए संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था (जेसीपी) उपेन्द्र कुमार ने जवाबी लिखित पत्र में निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा किसी अधिवक्ता को प्रताड़ित करने की मंशा से कार्य नहीं किया जाता है। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि, अधिवक्ताओं के सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाता है। यह संभव है कि पुलिस विभाग में कुछ कर्मचारी गलत कार्यों में लिप्त होते हैं, जिसमें उनके विरुद्ध समय-समय पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है। इसी प्रकार अधिवक्ताओं में भी कुछ असामाजिक तत्व काले कोट की आड़ में गलत कार्यों में लिप्त रहते हैं। यह पुलिस विभाग एवं बार एसोसिएशन दोनों की जिम्मेदारी है कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाये। वहीं गोसाईगंज में अधिवक्ता अंकित दूबे मामले में जेसीपी ने स्पष्ट करते हुए कहा है कि अंकित दूबे पर पूर्व में हत्या के मामले में जेल जा चुके हैं। अंकित दूबे आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। अधिवक्ता के भेष में जमीन कब्जाने में अंकित दूबे लिप्त हैं। जेसीपी ने बताया कि विभूतिखंड मामले में प्राथमिकी दर्ज कर 12 लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है। विभूतिखण्ड पुलिस द्वारा सम्मानित अधिवक्ताओं को लाठियों से मारने का आरोप निराधार है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। यदि किसी मामले में आशंका है तो बार एसोसिएशन जांच कमेटी बनाकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करा सकता है। जेसीपी ने कार्य बहिष्कार के फैसले पर पुन: विचार करने की बात कही है। उनका कहना है कि न्यायिक कार्य बाधित होने से जन सामान्य को काफी परेशानी होती है।

## सार-संक्षेप


एसडीएम को मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन देते दिव्यांग विकास सोसाइटी के सदस्य।

### दिव्यांगों ने किया तहसील गेट पर प्रदर्शन

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** मंगलवार को तहसील मोहनलालगंज तहसील के गेट पर दिव्यांगों ने छह सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान एसडीएम ने ज्ञापन लेकर समस्याओं को जल्द हल करने का आश्वासन दिया। मोहनलालगंज दिव्यांग विकास सोसायटी के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार की अगुवाई में मंगलवार को सैकड़ों दिव्यांगों ने तहसील परिसर के गेट पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। मनोज कुमार ने बताया कि हम दिव्यांग जनों का अंत्योदय कार्ड नही है। हम लोगो को प्रधानमंत्री आवास मिलना चाहिए। शौचालय तक नही है और न ही आयुष्मान कार्ड बना। हम सभी सरकार की योजनाओं से वंचित हैं।

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने चलाया जागरूकता अभियान

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के निर्देशन में जिला तंबाकू नियंत्रण की टीम के द्वारा गठित एनफोर्समेंट स्क्वाड टीम के द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से काकोरी एवं दुबग्गा क्षेत्र के आसपास औचक निरीक्षण कर 19 दुकानों का रसीद काटकर जुर्माना लगाया गया। लोगों को तंबाकू के प्रयोग से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया तथा तंबाकू उन्मूलन केंद्र एवं कोटपा अधिनियम सन 2003 की धाराओं के बारे में जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अवधेश कुमार, विनोद यादव सामाजिक कार्यकर्ता एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त कार्यालय की तरफ से हेड कांस्टेबल अरुण मिश्रा, सतीश, राधा वह अन्य लोग मौजूद रहे।

### चार दर्जन मरीजों की जांच कर दवाइयां कीं वितरित

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मानसिक दिव्यांग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सरोजनीनगर सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंदन कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में आयोजित शिविर में करीब चार दर्जन मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। साथ ही मानसिक रूप से बीमार करीब आधा दर्जन लोगों को मानसिक दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। शिविर में बलरामपुर चिकित्सालय के मनोरोग चिकित्सक डॉ. अभय सिंह द्वारा मानसिक मरीजों को इलाज और परहेज के अलावा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। इस मौके पर बलरामपुर चिकित्सालय के पीएसडब्ल्यू रवि द्विवेदी, सीपी गरिमा सिंह, संतोष कुमार पाल, आदेश पांडेय व कल्बे रजा के अलावा सरोजनीनगर सीएचसी के बीपीएम स्वराजमोहन यादव, एनसीडी काउंसलर राम ललित शुक्ला और बीएएम विवेक सिंह मौजूद रहे।

### सामूहिक विवाह समारोह में 165 जोड़े बंधे बंधन में

**अमृत विचार, काकोरी :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक) मोहान रोड लखनऊ में सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सर्व समाज से कुल 165 जोड़े एकदूजे से विवाह के बंधन में बंधे। कार्यक्रम की शुरुआत माल विकास खण्ड ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम कुमार राही एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख काकोरी कुंवर रामविलास रावत द्वारा गणेश पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मलिहाबाद रवींद्र मिश्रा, काकोरी रोहताश कुमार, माल सर्जना श्रीवास्तव, बीकेटी पूजा पाण्डे, गोसाईंगंज प्रियंका सिंह, मोहनलालगंज आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, सरोजनीनगर नागेंद्र बाबू, चिनहट शैलेंद्र प्रकाश, एडीओ केके सिंह वर्मा, मनसुख लाल, शिवकुमार, सुनील कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी कायम सिंह, सुनीता पाल, दीपिका पाण्डे, संजीत कुमार उपस्थित रहे।

### खेत की रखवाली कर रही महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थानाक्षेत्र अन्तर्गत खेत की रखवाली कर रही महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला शनिवार को खेत की रखवाली कर रही थी। उसका आरोप है कि उसके अकेला देख रियाज ने उसे गलत नियत से पकड़ लिया। इसी बीच आरोपी मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। शोर मचाने पर आरोपी महिला की पिटाई कर उसकी वीडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धारा में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने खुदकुशी का किया प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम थानाक्षेत्र अंतर्गत संपत्ति बंटवारे को लेकर एक युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, नगराम मोड निवासी हंसराज ने मंगलवार सुबह संपत्ति बंटवारे के चलते घर में फंदा लगा लिया था। मां ने उसे लटकते दिखा तब वह शोर मचाने लगी। इस पर पड़ोसी अर्जुन ने उसे फंदे से उतार कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# अवैध संबंध का विरोध करने पर महिला को बेल्ट से पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कैसरबाग कोतवाली में महिला ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**अमृत विचार:** कैसरबाग कोतवाली में एक महिला ने पति के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसने पति के अवैध सम्बन्ध का विरोध किया तब उसकी बेल्ट से पिटाई कर खाल उधेड़ दी गई।

कैसरबाग कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी आशीष कुमार से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति उसे शारीरिक व मानसिक रूप से उसे प्रताड़ित करने लगा। पीड़िता का कहना है कि पति के एक महिला से अवैध सम्बन्ध हैं। जिस वजह से वह आए-दिन उससे झगड़ता है। आरोप है कि गत 4 जनवरी को पीड़िता ने पति को एक महिला के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ लिया। इसका वह विरोध करने लगी। तब पति ने बेल्ट से पिटाई कर उसकी चमड़ी उधेड़ दी। पुलिस से शिकायत करने की बात पर वह उसकी हत्या कर सिर को गर्दन को कमरे में टांगने की धमकी देता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दंपति के आपसी विवाद से जुटा है। हालांकि, तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## महिला से बच्चा छीनकर विदेश भाग गया पति

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजार खाला थाने में एक महिला ने पति और जेठ पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक, विक्टोरिया स्ट्रीट निवासी तनवीर बानो का निकाह वर्ष 2011 में सीतापुर जनपद के महमूदाबाद थानाक्षेत्र के कट्टी टोला निवासी सज्जाद मेंहदी जैदी से हुआ था। आरोप है कि ससुराल में वह घरेलू हिंसा का शिकार होने लगी। वर्ष 2012 में पीड़िता ने एक बेटी को जन्म दिया। इसी बीच शौहर पत्नी से बेटी की छीनकर विदेश भाग गया। इसके बाद पति ने भाई अली मेंहदी को बेटी सौंप दी। आरोप है कि जेठ अली मेंहदी व उनकी पत्नी शकीना बेटी से उसकी बात नहीं कराती हैं। इस पर पीड़िता ने पति से बेटी दिलवाने का दबाव बनाया तो उसकी पिटाई कर घर से निकाल दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# लोन के नाम पर ठगे आठ लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर थाने में एक युवक ने फाइनेंस कर्मी समेत चार लोगों धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अंतर्गत सेक्टर-चार निवासी ट्रेवल एजेंसी संचालक जयराम वर्मा को दो गाड़ियां खरीदनी थी। इसके लेकर पीड़ित ने निजी फाइनेंस कर्मी और उसे साथी अमित से सम्पर्क किया। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उसे किफायती दाम में गाड़ी दिलाने का आश्वासन दिया। आरोप है कि जालसाजों ने उससे आठ लाख रुपये लेने के बाद भी उन्हें गाड़ी नहीं दी गई। इस पीड़ित ने रुपया वापस मांगा तो वह आनकानी करने लगे। दबाव देने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### महिला के खाते से निकाले 50 हजार

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत अमेठी सुतहटी निवासी रौनक जहां के मोबाइल पर गत 24 फरवरी को अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने परिचित की आवाज में कहा कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। वह उसके खाते में 50 हजार रुपए भेज रहा है। हामी भरने पर पीड़िता के खाते में दो फर्जी मैसेज आए। इस पर पीड़िता ने खाता बगैर चेक किए आरोपी के बताए नंबर पर रूपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद पीड़िता ने खाते का बैलेंस चेक किया तब उससे धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

## महिला बैंककर्मी के मोबाइल पर भेजे आपत्तिजनक मैसेज

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल थाने में एक महिला बैंककर्मी ने शोहदे के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती आलमबाग में एक निजी बैंक में कार्यरत है। लिखित शिकायत मे युवती का आरोप है कि दो वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात माल थानाक्षेत्र के नौबस्ता निवासी सर्वेश रावत से हुई थी। इसके बाद सर्वेश से उसकी दोस्ती हो गई, लेकिन गलत अचारण को देख उसने सर्वेश से दूरी बना ली। बावजूद इसके सर्वेश उसके वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी भाई अमित रावत के संग मिलकर उसे धमकाने लगा। इसी बीच आरोपी ने उसकी पुरानी चैट को वायरल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शोहदे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

विरोध | मुख्यमंत्री आवास जा रहे किसानों से प्रशासन ने किया 45 दिनों में पैमाइश कराने का वादा

# भूमि को कब्जे से मुक्त कराने के आश्वासन पर माने किसान

संवाददाता, मलिहाबाद


मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर पर सवार किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री आवास जा रहे हजारों किसानों के आगे तहसील प्रशासन नतमस्तक नजर आया। 45 दिनों में चारागाह की भूमि की पैमाइश कराकर अवैध कब्जे से मुक्त कराने के आश्वासन पर किसानों ने अपना मार्च स्थगित किया।

बीते 15 दिनों से भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के बैनर तले थरी पंचायत के बख्खाखेड़ा में 75 बीघा बेशकीमती चरागाह की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिये सैकड़ो किसान अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे थे। तहसील प्रशासन ने किसान नेताओं को 15 दिनों में समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया था। समयावधि पूरी होने के उपरांत तहसील प्रशासन ने किसानों की समस्या पर कोई धयान नही दिया। जिससे नाराज किसान नेताओं ने दोपहर 1 बजे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयपाल पथिक, जिलाध्यक्ष अतुल कुमार की अगुवाई में हजारो किसान ट्रैक्टर ट्राली से मुख्यमंत्री आवास के लिये प्रस्थान कर दिया। जिससे पुलिस प्रशासन व तहसील प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। नायब तहसीलदार माल इंद्रेश कुमार शुक्ला ने किसानों को लिखित आश्वासन दिया कि 45 दिन में चरागाह की सम्पूर्ण भूमि की पैमाइश कराकर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर दबंगो के विरुद्ध एंटी भू माफिया आदि कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार के लिखित आश्वसन के बाद किसानों ने अपना मार्च व धरना स्थगित कर दिया है। इस मौके पर संगठन के तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, विकास तिवारी, अनूप तिवारी, रिंकू रावत सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# किराए पर कमरा लेने का झांसा देकर ठगे 1.38 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जानकीपुरम, गाजीपुर और विभूतिखण्ड से सामने आए ठगी के मामले

**अमृत विचार :** जानकीपुरम गाजीपुर और विभूतिखण्ड में जालसाजों ने ठगी की वारदात को अंजाम दिया है।

जानकीपुरम क्षेत्र के रहने वाले संजीव दुबे ने घर के ग्राउंड फ्लोर को किराए पर उठाने के लिए एक ई-कॉमर्स साइट पर विज्ञापन दिया था। सोमवार को एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद को एनएसजी कमांडो बताते हुए ग्राउंड फ्लोर को किराए पर लेने की बात कही। एडवांस किराया देने का झांसा देते हुए पीड़ित के वाट्सएप पर लिंक भेज खाते से 1.38 लाख रुपये निकाल लिए हैं। वहीं, गाजीपुर के सेक्टर-16 इंदिरानगर निवासी अवध विहारी मिश्र ने बताया कि साइबर अपराधी ने धोखाधड़ी कर उनके खाते से 49430 रुपये निकाल लिए हैं। उधर, विभूतिखंड थाने में विक्रांतखण्ड निवासी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि साइबर अपराधियों ने उसके खाते से धोखाधड़ी कर 49,978 रुपये निकल लिए है। फिलहाल, तीनों ही मामलों में साइबर क्राइम सेल की मदद से पुलिस तफ्तीश कर रही है।

## एक नजर

### हिंदुस्तान फायर की जीत में चमके दिव्यांशु व आर्यन

**अमृत विचार, लखनऊ :** हिंदुस्तान फायर क्रिकेट क्लब ने दिव्यांशु सिंह (नाबाद 64) के अर्धशतक के बाद आर्यन कनौजिया (5 विकेट) की गेंदबाजी से द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में फॉरेंसिस क्लब को 195 रन से हराया। गियर क्रिकेट ग्राउंड पर हिंदुस्तान फायर क्लब ने निर्धारित 40 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.2 ओवर में 256 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए फॉरेंसिस क्लब 17.3 ओवर में मात्र 61 रन ही बना सका। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार हरफनमौला पारी खेलने वाले हिंदुस्तान फायर क्लब के दिव्यांशु सिंह को मिला।

### सुपर जायंट्स कप की विजेता बनी टीम सेवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ सुपरजायंट्स प्रबंधन की तरफ से आयोजित सुपर जायंट्स कप टूर्नामेंट इस बार टीम सेवन ने जीत लिया। टीम सेवन ने फियरलेस फॉल्कंस टीम को 40 रन से पराजित किया। विजेता टीम को 10 हजार रुपये और उपविजेता टीम को पांच हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया है। मैन ऑफ द मैच टीम के ऑलराउंडर हनी सिंह बने। सुपर जायंट्स कप का आयोजन इस बार गोसाईंगंज स्थित बीडब्ल्यूसीए क्रिकेट अकादमी में किया गया। सात-सात ओवर के इस गली क्रिकेट टूर्नामेंट में सभी नॉकआउट मुकाबले हुए। कुल 64 टीमों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें दो टीम लड़कियों की भी शामिल हुईं। तीन दिवसीय इस आयोजन में हर टीम ने जमकर चौके छक्के लगाये।

# शिवानी को तिहरी, प्रथम व प्रतीक्षा को दोहरी स्वर्णिम सफलता

## जिला स्तरीय सीनियर बॉक्सिंग, एथलेटिक्स व बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार :** खेल विभाग और क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में जिला स्तरीय सीनियर मुक्केबाजी, कबड्डी, एथलेटिकस और बैडमिंटन प्रतियोगिता मंगलवार से केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर शुरू हुई। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला एथलेटिक्स संघ लखनऊ के सचिव बीआर वरुण ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग में शिवानी ने तिहरी स्वर्णिम सफलता दर्ज की। उन्होंने 100 मीटर बाधा दौड़, गोला फेंक और लंबी कूद में स्वर्ण पदक जीते। बालक वर्ग में प्रथम त्रिपाठी और बालिका वर्ग में प्रतीक्षा दोहरी स्वर्णिम सफलता दर्ज की। प्रथम ने 100 मीटर दौड़ और लंबी कूद में खिताबी जीत दर्ज की। प्रतीक्षा ने 800 और 1500 मीटर में विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मुक्केबाजी प्रतियोगिता के बालक वर्ग के 86 से 92 किग्रा भार वर्ग में रोहित सिंह ने अनिकेता आनंद को हराकर खिताबी जीत दर्ज की। 46 से 48 किग्रा भार वर्ग में वरुण ने सूरज तिवारी को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।



मंगलवार को मुक्केबाजी के मुकाबले का उद्घाटन करते जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन लखनऊ के सचिव बीआर वरुण, साथ में अन्य। अमृत विचार

### प्रतियोगिता के परिणाम

**एथलेटिक्स, बालक वर्ग**

- 800 मीटर – कृष्णा–स्वर्ण, अंकित गौतम– रजत, उत्कर्ष अवस्थी–कांस्य
- 100 मीटर– प्रथम त्रिपाठी– स्वर्ण, शुभम पाल– रजत, नंदन वर्मा– कांस्य
- 400 मीटर– जय सिंह–स्वर्ण, अभिराज पटेल–रजत, विनीत मिश्र– कांस्य
- 110 मीटर बाधा दौड़– नंदन वर्मा–स्वर्ण, शाहबाज–रजत, शुभम–कांस्य
- 1500 मीटर– शिवम कुमार–स्वर्ण, अंकित गौतम–रजत, उत्कर्ष अवस्थी–कांस्य
- 200 मीटर– जय सिंह–स्वर्ण, प्रियांशु प्रकाश–रजत, आयुष–कांस्य
- गोला फेंक– शाहरुख अली–स्वर्ण, करन वर्मा–रजत, प्रीती पाल–कांस्य
- लंबी कूद–प्रथम त्रिपाठी–स्वर्ण, मो. साहिल–रजत, प्रियांशु प्रकाश–कांस्य
- भाला फेंक– अर्पण–स्वर्ण, आयुष कुमार–रजत, करन–कांस्य

**बालिका वर्ग**

- 800 मीटर–प्रतीक्षा यादव– स्वर्ण, प्रीति यादव–रजत, आयशा वर्मा–कांस्य
- 100 मीटर– प्रीती पाल–स्वर्ण, आरती–रजत, शबा– कांस्य
- 400 मीटर– कोमल यादव–स्वर्ण, सुष्मिता यादव–रजत, प्रीती यादव–कांस्य
- 100 मीटर बाधा– शिवानी सिंह–स्वर्ण, अंशिका–रजत, आरती–कांस्य
- 1500 मीटर–प्रतीक्षा यादव–स्वर्ण, आयशा–रजत, ज्योति– कांस्य
- 200 मीटर– खुशी कुमारी– स्वर्ण, सुष्मिता यादव–रजत, आस्था वर्मा–कांस्य
- गोला फेंक– शिवानी सिंह –स्वर्ण, प्रीती यादव–रजत, प्रीती पाल– कांस्य
- लंबी कूद– शिवानी सिंह–स्वर्ण, कुमुद सिंह–रजत, मुस्कान कनौजिया–कांस्य
- भाला फेंक–स्निग्धा–स्वर्ण, ज्योति– रजत, अल्फिशा– कांस्य

**– मुक्केबाजी**

- 86 से 92 किग्रा भार वर्ग– रोहित सिंह–स्वर्ण, अनिकेत आनंद–रजत
- 46 से 48 किग्रा भार वर्ग– वरुण–स्वर्ण और सूरज तिवारी–रजत

# स्वदेशी खेलों को प्रदेश में मिल रही है हार

## खेल विभाग नहीं दे रहा इन खेलों को मान्यता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलो इंडिया के तहत देश के स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों में खेलो इंडिया के तहत आयोजित होने वाले खेलों में इन खेलों की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। लेकिन प्रदेश में स्वदेशी खेल हर कदम पर हार रहे हैं। प्रदेश में इन खेलों को प्रोत्साहित करने की कोई योजना नहीं है। न तो इन खेलों के प्रशिक्षक हैं, न ही खेल विभाग इनके शिविर संचालित कर रहा है। खेलों के लिए वर्षों पहले तैयार की गई गाइड लाइन भी स्वदेशी खेलों की राह में रोड़ा बनी हुई है। हालांकि खेल मंत्री ने स्वदेशी खेलों की राह में आने वाली अड़चनों को दूर करने के निर्देश खेल सचिव और खेल निदेशक को दिये हैं।

स्वदेशी खेलों से जुड़े खिलाड़ियों और इन खेल संघों के पदाधिकारियों के अनुसार खेलो इंडिया पांच स्वदेशी खेलों को लगातार बढ़ावा दे रहा है। इनमें केरल की मार्शल आर्ट कलारीपयट्टू, मणिपुर की मार्शल आर्ट थांगता के अलावा योगासन, मलखंभ और गतका शामिल हैं। इनकी राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं भी खेलो इंडिया करवा रहा है। इन खेलों में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पदक नहीं जीत पा रहे हैं। यहां तक कई बार इन खेलों में खिलाड़ियों की कमी के चलते राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश की टीम नहीं जा पाती। गुवाहटी में हुए नेशनल खेल में कलारीपयट्टू को शामिल किया गया लेकिन उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इसमें शानदार प्रदर्शन नहीं कर सके।

इन खेल संघों के पदाधिकारी मान्यता के लिए खेल विभाग पहुंच रहे हैं, लेकिन खेल विभाग इन्हें मान्यता नहीं दे रहा है। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार जो गाइड लाइन मान्यता के लिए निर्धारित की गई है, उसके अनुसार इनके प्रपत्र अधूरे हैं। ऐसे में इन्हें मान्यता नहीं दी जा सकती हैं।

**मान्यता में आ रही है यह अड़चन**

शासनादेश के अनुसार खेल विभाग उन्हीं खेलों को मान्यता देता है, जिनके पास भारतीय ओलंपिक संघ और संबंधित खेल के भारतीय संघ ने मान्यता दे रखी हो। स्वदेशी खेलों के खेल संघों के पास भारतीय ओलंपिक संघ की मान्यता नहीं है। साथ ही इन खेल संघों की भारतीय स्तर पर भी संगठन नहीं है। ऐसे में खेल विभाग स्वदेशी खेलों को अपने यहां मान्यता नहीं दे रहा है।

> स्वदेशी खेलों की राह में आने वाली दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके लिए अपर मुख्य सचिव खेल और खेल निदेशक दोनों को लिखा गया है। जल्द ही बैठक कर इन खेलों को बढ़ावा दिये जाने के लिए कार्य योजना तैयार की जायेगी।
>
> –गिरीश चंद्र यादव, खेल मंत्री

> स्वदेशी खेलों को बढ़ावा दिये जाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। खेल विभाग इन खेलों को मान्यता नहीं दे रहा है। वर्षों पुरानी गाइड लाइन के चलते स्वदेशी खेलों को मान्यता नहीं मिल पा रही है। इसके लिए गाइड लाइन बदलनी होगी।
>
> –प्रवीण गर्ग, सीईओ, उत्तर प्रदेश कलारीपयट्टू संघ

### खेलो इंडिया की कीर्ति स्कीम के लिए यूपी व उत्तराखंड में होंगे ट्रायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटीफिकेशन (कीर्ति) स्कीम में माई भारत पोर्टल से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान व अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच दिया जा रहा है। इस स्कीम के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ के यूपी के वाराणसी, लखनऊ, जौनपुर, बरेली तथा उत्तराखंड के काशीपुर, जिला उधमसिह नगर में चयन ट्रायल होंगे। इस ट्रायल के प्रथम चरण में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों को प्रतिभाग करने के लिए एथलीट को माई भारत पोर्टल पर 29 तक पंजीकरण कराना होगा। बताते चले कि इस स्कीम के पहले चरण की आगामी 11 मार्च को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा लांचिंग की जानी है।

### क्राफ्टी पाम, बीबीडी रेंजर्स और स्पीड चार्जर्स की रोमांचक जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ गोल्फ क्लब में खेली जा रही लखनऊ गोल्फ लीग के तीसरे दिन मंगलवार को क्राफ्टी पाम, बीबीडी रेंजर्स और स्पीड चार्जर्स ने अपने-अपने मुकाबलों में रोमांचक जीत दर्ज की। पहला मुकाबला क्राफ्टी पाम और आईपीएल वॉरियर्स के बीच खेला गया। इसमें क्राफ्टी पाम के खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाते हुए 3–2 से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में बीबीडी रेंजर्स ने इकाना टाइटन्स को 3–2 से हराया।

**स्पीड चार्जर्स की उम्दा जीत :** तीसरे मैच में स्पीड चार्जर्स ने अमेजिंग ओरिजन्स को 3–2 से हराया। पहला एकल स्पीड चार्जर्स के शिवासागर सिंह ने जीता। इसके बाद एक एकल और युगल बराबरी पर छूटे। इसके बाद स्कोर 2–1 हो गया। दूसरा एकल स्पीड चार्जर्स के भरत थापर और ओरिजन्स के राघव जग्गी के बीच बराबरी पर छूटा। पहला युगल मुकाबला स्पीड चार्जर्स के अमन टंडन और सिद्धार्थ आहूजा एवं ओरिजन्स के अपूर्व मिश्र और सुजीत सिंह की जोड़ी के बीच बराबर रहा। चौथा यानी युगल मुकाबला स्पीड चार्जर्स के जावीद अहमद एवं दिविज नारायण की जोड़ी ने जीता। आखिरी मुकाबले में के सुधांशु दुबे और धीरज सिंह की जोड़ी ने जीत दर्ज की।



उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल को 16 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपता बिजली कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल। अमृत विचार

### संविदा बिजली कर्मियों ने शक्ति भवन पर किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लंबित मांगों के पूरा न किये जाने के विरोध में संविदा बिजली कर्मियों ने मंगलवार को शक्ति भवन के सामने सत्याग्रह आंदोलन कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में कर्मियों के प्रतिनिधिमंडल ने 16 सूत्री ज्ञापन उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल को सौंपा। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों संविदा बिजली कर्मी सुबह 9 बजे शक्ति भवन के सामने पहुंचे और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। शाम को महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएस राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष आशीष गोयल से मिला और उन्हें 16 सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संविदा श्रमिकों को 18 हजार और लाइनमैन व उपकेंद्र परिचालक को 22 हजार वेतन दिये जाने, हटाए गए निर्दोष आउटसोर्स कर्मियों को बहाल किए जाने, संविदा कर्मियों की मृत्यु पर 10 लख रुपए का मुआवजा दिए जाने, सभी जिलों में ईएसआई की सुविधा देने, खाली पड़े 70 हजार पदों पर संविदा कर्मियों को समायोजित किए जाने आदि मांग की गई। अध्यक्ष ने महासंघ के साथ अगले सप्ताह वार्ता कर मांगों का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के प्रमुख नेताओं मे मोहम्मद काशिफ, भोला सिंह कुशवाहा, पुनीत राय, योगेश सिरोही आदि शामिल थे।

### डीआरएम ने किया वाराणसी स्टेशन का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा का मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के वाराणसी जं. स्टेशन पहुंचे। उन्होंने वाराणसी जं. स्टेशन पर प्रगतिशील विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने फुट ओवर ब्रिज एक के डिसमेंटल किए जाने वाले कार्य की जानकारी प्राप्त की। प्लेटफॉर्म संख्या 4/5 पर पहुंचकर वहां चल रहे निर्माण कार्य को देखा। उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए काशी स्टेशन के उन्नयन की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों एवं विकास कार्यों की जानकारी ली।

### मानव मन की व्यथा को उजागर कर गया नाटक

**अमृत विचार, लखनऊ :** संस्कृति विभाग नई दिल्ली के सहयोग एवं श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति के तत्वावधान में मंगलवार से वाल्मीकि रंगशाला संगीत नाटक अकादमी में शुरू हुए त्रि-दिवसीय नाट्य समारोह की प्रथम संध्या में उपन्यासकार व नाटककार सत्यजीत रे की मूल कहानी का अख्तर अली के नाट्य रूपान्तरण एवं अचला बोस के निर्देशन में नाटक 'असमंजस बाबू की आत्मकथा' का मंचन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी, प्राचार्य डीएवी पीजी कालेज ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ प्रभात बोस, जितेंद्र सिंह सहित अन्य रंगकर्मियों ने राज बिसारिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धाजलि अर्पित की। इस मौके पर अचला बोस द्वारा लिखित पुस्तक 'देवदास' का लोकार्पण सुशील कुमार सिंह, राजा अवस्थी और डॉ. राकेश ऋषभ ने किया।

### पारिवारिक लाभ योजना में लागू होगा कॉमन रजिस्ट्रेशन सिस्टम

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारिवारिक लाभ योजना में हुईं गड़बड़ियों से समाज कल्याण निदेशालय ने सबक लिया है। विभाग अब उक्त योजना को कॉमन रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) से लिंक करने जा रहा है। सीआरएस से लिंक होने के बाद आवेदन करने वाले का विवरण एक क्लिक पर विभाग के सामने होगा। बता दें कि वर्ष 2015–16 में पारिवारिक लाभ योजना में गड़बड़ियां हुई थीं। वेबसाइट में तकनीकी खामी आने के बाद आवेदनकर्ताओं को भुगतान नहीं हो सका था। गत वर्ष दिसंबर माह से आवेदनों को नए सिरे से छांटने के बाद भुगतान किया गया। छंटनी के दौरान कई ऐसे लोगों के नाम सामने आए जिनको योजना का लाभ मिल चुका था। विभागीय अधिकारियों ने सतर्कता बरतते हुए आधार कार्ड के आधार पर छंटनी शुरू की तो आवेदनों की संख्या घटकर महज 2,33,000 मिले। दोबारा ऐसी गड़बड़ी न हो इसके लिए विभाग ने योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के आदेश जारी किए हैं। पात्रों को अब ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही योजना को सीआरएस से जोड़ा जा रहा है। सीआरएस से जुड़ने के बाद पात्र का आय, जाति, मूल निवास, जन्म, मृत्य और जाति प्रमाण पत्र एक क्लिक पर विभागीय अधिकारियों के सामने होगा। इसके अलावा आधार कार्ड से भी इसका दोबारा मिलान किया जा सकेगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि सीआरएस लागू होने के बाद फर्जीवाड़ा होने की संभावना न के बराबर होगी।

### क्रियांश किड्स ने मनाया वार्षिक दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उर्दू अकादमी गोमती नगर में क्रियांश किड्स स्कूल द्वारा वार्षिक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने मनोरंजन और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। स्कूल द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



छात्रा अक्षयनी

# तीसरी लाइन के निर्माण कार्य के चलते कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन का हो रहा है निर्माण**

**अमृत विचार :** लखनऊ मंडल के गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोंडा कचहरी एवं करनैलगंज रेलवे स्टेशनों पर इलेक्ट्रानिक इंटरलॉकिंग कार्य किये जाने के कारण कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त, मार्ग परिवर्तन एवं पुनर्निर्धारण,नियंत्रण कर चलेंगी।

**निरस्तीकरण-** 3 एवं 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15114 छपरा कचहरी-गोमतीनगर एक्सप्रेस, गोमतीनगर से 4 एवं 5 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15113 गोमतीनगर-छपरा कचहरी एक्सप्रेस 3 से 5 मार्च तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस, 4 से 6 मार्च तक चलने वाली ट्रेन नंबर 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस, 4 एवं 5 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 12531/12532 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस, गोरखपुर से 3 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15009 गोरखपुर-मैलानी एक्सप्रेस, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15010 मैलानी-गोरखपुर एक्सप्रेस, 4 एवं 5 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस, 4 एवं 5 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर15081 नकहा जंगल-गोमतीनगर एक्सप्रेस, 5 एवं 6 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15082 गोमतीनगर-नकहा जंगल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

**मार्ग परिवर्तन-** 4 एवं 5 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 02563 बरौनी-नई दिल्ली स्पेशल, 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते, ट्रेन नंबर 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस और ट्रेन नंबर 12565 दरभंगा-नई दिल्ली एक्सप्रेस छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते, 3 एवं 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल, 4 एवं 5 मार्च, को चलने वाली ट्रेन नंबर 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-गाजीपुर सिटी-छपरा के रास्ते, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 12557 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस मुजफ्फरपुर-छपरा-गाजीपुर सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 12558 आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 22537 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर-भटनी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते, 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 22538 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-भटनी के रास्ते चलायी जायेगी।

**पुनर्निर्धारण-नियंत्रण-** 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15065 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस गोरखपुर से 90 मिनट और ट्रेन नंबर 15078 गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस गोमतीनगर से 60 मिनट, ट्रेन नंबर 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस कटिहार से 140 मिनट और 3 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस ओखा से 120 मिनट, पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। 4 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट, ट्रेन नंबर 15066 गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस मार्ग में 60 मिनट और 3 मार्च को चलने वाली ट्रेन नंबर 22921 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस बान्द्रा टर्मिनस मार्ग में 80 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

### सुजुकी एक्सेस ने करायी माइलेज प्रतियोगिता

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुजुकी कंपनी के पांच डीलरशिप द्वारा एक्सेस माइलेज प्रतियोगिता का आयोजन कम्युनिटी सेंटर वृंदावन योजना में आयोजित किया गया। जिसमें 68 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में छह विजेता चुने गए और सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया।

# ऑपरेशन के दौरान पेट में छूटी तौलिया, हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**दोबारा ऑपरेशन कर निकाली तौलिया, अपील खारिज**

**अमृत विचार :** मऊ के एक निजी अस्पताल में महिला के पेट का ऑपरेशन करने के बाद हालत बिगड़ गई। वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया तो दोबारा ऑपरेशन में पेट से तौलिया निकली। जो चिकित्सक की लापरवाही से छूट गई थी। इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने चिकित्सक की अपील खारिज करते हुए 2 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

गाजीपुर के मरदह निवासी सचिन ने अपनी मां गुलाब देवी को पेट में दर्द होने पर 26 अप्रैल 2013 को मऊ जिले के नेशनल नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। वहां 27 अप्रैल को डॉ. शम्भू नाथ प्रसाद द्वारा पेट का आपरेशन कर डिस्चार्ज कर दिया। इसके बाद हालत बिगड़ने पर सचिन ने मां को वाराणसी के हेरीटेज अस्पताल में भर्ती कराया। वहां अल्ट्रासाउंड में पेट में कोई वस्तु होने की रिपोर्ट आई और दोबारा आपरेशन कराया तो पेट में तौलिया मिली। जो डॉ. शम्भू नाथ द्वारा आपरेशन के दौरान छूट गई थी। डॉक्टर की लापरवाही पर सचिन ने जिला उपभोक्ता फोरम गाजीपुर में वाद दायर किया। जहां, डॉ. शम्भू की लापरवाही मानते हुए 2,37,454 रुपये का हर्जाना लगाया गया।

आदेश के खिलाफ डॉ. शम्भू ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। लेकिन, राहत नहीं मिली। साक्ष्यों के आधार पर राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य राजेंद्र सिंह व सुशील कुमार ने सुनवाई कर जिला उपभोक्ता फोरम के आदेश को सही माना और लापरवाही से पेट में तौलिया छूटने पर डॉ. शम्भू पर दो लाख रुपये हर्जाना लगाया। जो 10 मार्च 2017 से 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ अदा करेंगे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्या: उप मु. इं.-नि.-छपरा-01-2024, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत मॉझी-बकुलहा स्टेशनों के मध्य स्थित महत्त्वपूर्ण पुल सं. 16 के लिये मानसून रिजर्व के प्रतिपूर्ति हेतु बोल्डर की आपूर्ति का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य: ₹ 1,39,96,000/-, बयाना राशि (रू.): ₹ 2,20,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 02 (दो माह)

**नोट:** ♦ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथि: दिनांक 06-03-2024 ♦ उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि: दिनांक 20-03-2024 को 15:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि: दिनांक 20-03-2024 को 15:30 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें। ♦ श्री विवेक नन्दन, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/बलिया, मो. 9794844280

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./छपरा**

मुजाधि/डब्लू–554

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1739/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 23.02.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व0 प्रीतम सिंह व रूद्रप्रताप सिंह | पठानपुरा–3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1740/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 23.02.2024

**सूचना प्रकाशन**

**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जितेन्द्र सिंह व पवन कुमार पुत्रगण सुरेन्द्र सिंह | श्रीमती खेमवती पुत्री स्व0 श्री सिद्धा पत्नी श्रीमहिपाल सिंह | पठानपुरा–3 | 07 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**पंजाब नैशनल बैंक** ...भरोसे का प्रतीक ! **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

**मण्डल सस्त्रा केन्द्र : लखनऊ**

पीएनबीआईटी, प्रथम तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 ईमेल–cs8272@pnb.co.in

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी, जोकि पंजाब नैशनल बैंक, का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002, की धारा 13 के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार **उधारकर्ता श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी सुमित कुमार शर्मा, (1) 538 बी/1/247/10 रूपपुर खदरा, निकट जलनिगम स्टोर, पोस्टः निराला नगर, लखनऊ 226020 (2)538 बी/4/275एच शिव नगर रूपपुर शिव नगर रूपपुर खदरा, सीतापुर रोड, निराला नगर, लखनऊ 226020 एवं सुमित कुमार शर्मा पुत्र श्री राम चंद्र शर्मा प्रोपः आर एस इंटरप्राइजेज, (1) फ्लैट नंबर 207, द्वितीय तल, अंसल सिटी सेंटर हजरतगंज, लखनऊ 226001 (2)538 बी/1/247/10 रूपपुर खदरा, निकट जलनिगम स्टोर, पोस्टः निराला नगर, लखनऊ 226020 (2)538 बी/4/275एच शिव नगर रूपपुर शिव नगर रूपपुर खदरा, सीतापुर रोड, निराला नगर, लखनऊ 226020** को मांग नोटिस दिनांक 19.12.2023 को जारी किया गया था, जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वार्णित धनराशि दिनांक 30.11.2023 को **रु0 20,16,214.67 (रुपये बीस लाख सोलह हजार दो सौ चौदह एवं पैसा सड़सठ मात्र)** +ब्याज **एवं** अन्य खर्चे जबतक कि पूर्ण भुगतान न हो जाए का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों/ जमानतकर्ता को दी गई थी।

**ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणी/उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 26 फरवरी वर्ष 2024 को ले लिया गया है।**

ऋणी/जमानतकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों को विशेष रूप से व जन साधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत् सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार पंजाब नैशनल बैंक के प्रभार दिनांक 30.11.2023 को रु0 **20,16,214.67** +ब्याज एवं अन्य खर्चे के अधीन होगा।

**ऋणियों/जमानतकर्ताओं/बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

**अचल सम्पत्ति का विवरणः** साम्यिक बंधक सभी भाग एवं हिस्सों सहित व्यवसायिक कार्यालय संख्या 207, द्वितीय तल, अंसल सिटी सेंटर, मोहल्ला चाइना बाजार, वार्ड–जगदीश चंद्र बोस मार्ग लखनऊ, माप क्षेत्र 350 वर्ग फुट, सम्पत्ति मालिक श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी सुमित शर्मा । चौहददी–उत्तर–कॉरीडोर दक्षिण–खुला स्थान, पूर्वः फ्लैट नं. 208, पश्चिम–सीढ़ियाँ एवं शौचालय।

दिनांक 27.02.2024 स्थानः लखनऊ **प्राधिकृत अधिकारी**

**कार्यालय नगर पंचायत काकोरी, लखनऊ**

पत्रांक–349/ न0प0का0/ ई–निविदा सू0/2023–24 दिनांक: 27.02.2024

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत काकोरी में 15वें वित्त आयोग के संस्तुतियों के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा अपलोड हेतु दिनांक 28/02/24 से दिनांक 11/03/24 तक प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक ऑनलाइन वेबसाइट http://etender.up.nic.in डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। ई–निविदा के सम्बन्ध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त निविदायें दिनांक 12/03/24 को अपराहन 12.30 बजे खोली जायेंगी। जिसे सम्बन्धित वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा शुल्क एवं दस प्रतिशत जमानत धनराशि आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से खाता संख्या 599700100042690 ई टेण्डर फीस व धरोहर धनराशि नगर पंचायत काकोरी लखनऊ पंजाब नेशनल बैंक शाखा काकोरी में आरटीजीएस के माध्यम से जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कार्य का आगणन, नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत काकोरी में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। कार्य का भुगतान बजट उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।

**सुदेश यादव**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत काकोरी, लखनऊ**

**रोहित साहू**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत काकोरी, लखनऊ**

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1129–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.02.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | विभिन्न विद्युत सयंत्रों जैसे प्लेटफार्म लाइट, लिफ्ट/एस्केलेटर, पम्प, वातानुकूलित तंत्र एवं कालोनी शिकायत व्यवस्था का आटोमेशन, संचालन एवं आन लाइन मानीटरिंग तथा विद्युत ऊर्जा के संरक्षण के लिए विक्रेता केन्द्रों पर प्रीपेड मीटर के संस्थापन का कार्य। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 2,27,80,950/– (दो करोड सत्ताइस लाख अस्सी हजार नौ सौ पचास रूपये मात्र) |
| 4. | बयाना राशि | रु. 2,64,000/– (दो लाख चौसठ हजार रूपये मात्र) |
| 5. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| 6. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 27.03.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 7. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0–1129–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 24.02.2024 621/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### 17 नए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होंगे शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। विभिन्न जिलों में नवनिर्मित 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए राज्य सरकार ने डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों के पद सृजित कर दिये गये हैं। एक सीएचसी में आधा दर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 16 पैरामेडिकल स्टाफ के पद सृजित करते हुए कुल 270 पद घोषित किये गये हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.ब्रजेश राठौर ने बताया कि नियमानुसार हर सीएचसी में एक फिजीशियन बतौर चिकित्साधिकारी, एक सर्जन, एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक –एक एनेस्थेटिक, रेडियोलॉजिस्ट व दंत चिकित्सक का पद निर्धारित किया गया है। इसके अलावा दो फार्मासिस्ट व तीन स्टाफ नर्स के अलावा, एक्स–रे टेक्नीशियन, डेंटल हाईजिनिस्ट, लैब टेक्नीशियन, वरिष्ठ सहायक व डार्करूम सहायक का एक–एक पद सृजित किया गया है। इस प्रकार एक सीएचसी में 16 पद सृजित हुए हैं। उन्होंने बताया कि महराजगंज के चौक सीएचसी व बहराइच में बरदहकला सीएचसी में फार्मासिस्ट के दो पद पूर्व सृजित हो चुके हैं।

### गेहूं की कटाई के दौरान टेंडर से खरीदेंगे भूसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोशालाओं में भूसा खरीदने के लिए टेंडर किए जाएंगे। गेहूं की कटाई के दौरान दरें निर्धारित कर खरीद के निर्देश दिए गए हैं। इससे उपलब्धता अधिक होने पर आसानी से भंडारण किया जा सकेगा। गोशालाओं में गोवंशों के लिए भूसा खरीद के पशु पालन निदेशालय से निर्देश जारी हुए हैं। जो गेहूं की कटाई के दौरान टेंडर जारी कर खरीदना होगा। क्योंकि कटाई के दौरान भूसा की उपलब्धता अधिक रहती है और दाम कम होते हैं। इससे आसानी से गोशालाओं के लिए एक वर्ष का भंडारण किया जा सकता है। निदेशक डॉ. आरएन सिंह ने सभी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को ऐसे समय का फायदा उठाकर प्रक्रिया करने के निर्देश दिए हैं। इससे की समय से दरें निर्धारित कर खरीद की जा सके।

# आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में 90 हजार करोड़ का हुआ निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये प्रदेश में बढ़ा निवेश

**अमृत विचार:** प्रदेश में डाटा पार्क्स से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 90 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का भूमि पूजन हुआ है। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) में होने वाले कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का आठ प्रतिशत से ज्यादा है। इसके जरिए प्रदेश में एनआईडीपी डेवलपर्स, टाटा टेक्नोलॉजीज, एसटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर और जैक्सन लिमिटेड जैसे बड़े समूह कई बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं।

डाटा दिग्गज कंपनी योट्टा 30, हजार करोड़ रुपए का निवेश कर रही है, जिसके माध्यम से एक कैपिटल इंटेंसिव डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर किया जा रहा है जो 2160 व्यक्तियों को रोजगार देगा। इसी तरह, एसटीटी ग्लोबल डाटा सेंटर्स इंडिया प्रा. लि. 1850 करोड़ रुपए का डाटा सेंटर स्थापित करने में निवेश कर रही है। इसमें 160 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त, नोएडा में 500 करोड़ रुपए का अत्याधुनिक डेटा सेंटर बनेगा। जैक्सन ग्रुप भी यीडा क्षेत्र में 1560 करोड़ रुपए निवेश कर एक डाटा सेंटर पार्क स्थापित कर रही है।

### एआई और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग परियोजनाओं की भी हुई शुरुआत

एडवर्ब इकोटेक ग्रेटर नोएडा में स्वचालित रोबोट और सामग्री हैंडलिंग प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सुविधा स्थापित किया जायेगा। इसमें 500 करोड़ रुपए का निवेश होगा, साथ ही 2000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह, भारतीय बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण सेवा कंपनी डिक्सन टेक्नोलॉजीज नोएडा के सेक्टर –151 में इलेक्ट्रॉनिक्स–मोबाइल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 650 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। इसमें लगभग 4000 नौकरियां पैदा होंगी। टाटा टेक्नोलॉजीज , 4174 करोड़ रुपए के निवेश कर लगभग 150 सरकारी आईटीआई की स्थापना करेगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन को एमडीए अभियान एक सप्ताह और चलेगा

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार:** फाइलेरिया उन्मूलन को 28 फरवरी तक चलने वाला सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान एक सप्ताह बढ़कर, 5 मार्च तक चलेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक ने पत्र भेज कर संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को यह निर्देश दिये हैं। राज्य कार्यक्रम अधिकारी, फाइलेरिया डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने बताया कि 17 जिलों में एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए इस अभियान की तारीख एक सप्ताह और बढ़ाई गई है। अभी 26 तारीख तक इस अभियान के दौरान 27250396 लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। दवा सेवन के हर दिन के आंकड़े ई–कवच पोर्टल पर दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समय प्रदेश में फाइलेरिया प्रभावित 51 जिले हैं। अभियान में 56 हजार 728 स्वास्थ्यकर्मी, 28 हजार 364 टीमें और सात हजार पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। कुल तीन करोड़ 60 लाख 25891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। ध्यान रखें इस दवा का सेवन दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार को छोड़कर सभी को करना है। दवा सेवन के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# एनएचएम संविदा कर्मियों के बेवजह नहीं होंगे तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उप मुख्यमंत्री ने जिला स्तर पर तबादला न करने के आदेश दिए

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नेशनल हेल्थ मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिये कि संविदा कर्मचारियों के तबादले अधिकारी अपने स्तर से न करें। निर्देश के बावजूद जिलास्तर पर स्थानानंतरण होने की सूचना मिलेगी तो ऐसा करने वालों पर नियमसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारी (जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष) और सभी सीएमओ (जिला स्वास्थ्य समिति के संयोजक) को निर्देश जारी कर दिये हैं।

उप मुख्यमंत्री ने जिलास्तर पर एनएचएम के संविदा कर्मचारियों के तबादलों पर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहाकि इस मसले पर कई जिलों से शिकायत मिल रही है। इस पर तुरंत रोक लगाई जाये। ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में एनएचएम की योजनाओं को गति बनाने में प्रयास किये जा रहें हैं। इसमें संविदा कर्मचारियों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संविदा कर्मचारियों की सुविधाओं पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी यदि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों का तबादला करते हैं। उसके बाद यदि कोई वाद या विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिलों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के लिए लागू मानव संसाधन नीति, गाइडलाइन का कड़ाई से पालन किया जाये। इसमें किसी भी तरह हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## भविष्य निधि संगठन ने किया पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन दवारा चलाये जा रहे निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत कर्मचारी भविष्य निधि क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा लखनऊ कार्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले सभी 6 जिलों (लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, एवं रायबरेली) में किया गया। जिला नोडल अधिकारीयों ने सदस्यों, पेंशनरों, नियोक्तायों की समस्यायों को सुनकर तत्काल मौके पर ही उनकी समस्यायों का निराकरण किया। सहायक भविष्य निधि आयुक्त प्रतीश सिंह ने बताया की प्रत्येक माह की 27 तारीख को निधि आपके निकट 2.0 को डिस्ट्रिक्ट आउटरीच प्रोग्राम के तहत हर जिले में आयोजन किया जा रहा है। इसमें भविष्य निधि से सम्बंधित समस्यायों का जिले में ही निराकरण किया जाता है।

# अवध शिल्प ग्राम में बजेंगी शहनाइयां

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शादी समारोह के लिए बुक करा सकेंगे हॉल व मैदान
- अधिशासी अभियंता को देना होगा आवेदन पत्र

**अमृत विचार :** आवास विकास की अवध विहार योजना स्थित अवध शिल्प ग्राम में अब शहनाइयां भी बजेंगी। आवास विकास ने यहां शादी समारोह के आयोजन को हरी झंडी दे दी है। शादी समारोह के लिए यहां हॉल व मैदान की बुकिंग कराई जा सकती है। इसके लिए आवास विकास के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड लखनऊ आठ को लिखित आवेदन देना होगा। मुख्यालय से आवास आयुक्त की अनुमति मिलने के बाद बुकिंग की जाएगी।

| हॉल | किराया प्रतिदिन |
|---|---|
| मल्टीपरपज हाल 1– | 90,000 रुपये |
| मल्टीपरपज हाल 2– | 1,10,000 रुपये |
| ओपेन ग्राउंड प्लाजा– | 50,000 रुपये |

शादी समारोह एवं अन्य आयोजन के लिए आवास विकास सामुदायिक केंद्रों की बुकिंग करता है। अब अवध शिल्प ग्राम में भी शादी समारोह की आवास विकास ने सुविधा शुरू की है। अभी तक यहां प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते थे। यहां आने वाले खर्च को निकालने के लिए परिषद ने फिलहाल यह सुविधा शुरू की है। यहां 700 लोगों की क्षमता का मल्टीपरपज हॉल नंबर एक और खुला स्थान, मल्टीपरपज हॉल नंबर दो और खुला स्थान तथा ओपेन ग्राउंड प्लाजा में आयोजन की सुविधा दी जाएगी। बुकिंग के लिए पूरी धनराशि का भुगतान करने के साथ 10 प्रतिशत सिक्योरिटी मनी जमा करनी होगी।

## पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** पूर्व राज्यपाल राम नाईक ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। 'पद्म भूषण' सम्मान के लिए मनोनीत होने पर मुख्यमंत्री ने पूर्व राज्यपाल को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, अयोध्या में राम मंदिर होने पर बनाया गया स्मृति सिक्का व 'एक जिला एक उत्पाद' में बनाई गई गणेश की मूर्ति भेंट की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी– कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023–2024 दिनांक 27/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना–अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत उसरी के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राहुल के मकान से तालाब तक नाली कार्य | 197094.00 | सीमेंट 78 बोरी, मौरंग 7.66 घनमी0 बालू 2.65 घनमी0, गिट्टी 3.25 घनमी0 रोड़ा 5.51 घनमी0, सरिया 1.41 क्विंटल ईट 8665 No. | 157871.00 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत उसरी के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

प्रधान– ग्राम पंचायत उसरी, कसमण्डा–सीतापुर
सचिव– ग्राम पंचायत उसरी कसमण्डा–सीतापुर

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, ककवन कानपुर नगर**

पत्रांक 735 / लेखा/पजिकरण पत्रा0/2023–24 दिनांक 27/02/2024

**पंजीकरण / नवीनीकरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत ककवन, कानपुर नगर में ठेकेदारी पंजीकरण /नवीनीकरण हेतु दिनांक 11.03.2024 तक आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है दिनांक 11.03.2024 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा वह स्वत: निरस्त समझे जायेगें। आवेदन पत्रों के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1. चरित्र प्रमाण पत्र ।
2. हैसियत प्रमाण पत्र ।
3. अनुभव प्रमाण पत्र ।
4. टैन/पैन की छाया प्रति ।
5. जी0एस0टी0 पंजीकरण की छाया प्रति ।
6. 50000.00 एफ0डी0आर0 मूल रूप में।

खण्ड विकास अधिकारी, ककवन, कानपुर नगर।
किरन लता प्रमुख, ककवन, कानपुर नगर।

**कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा– कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023–2024 दिनांक 27/02/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना–अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो से दिनांक 05/03/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मो के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27/02/2024 से दिनांक 05/03/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत दहावा के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहावा में जाबिर के घर तक नाली निर्माण कार्य | 196694.06 | सीमेंट 79 बोरी, मौरंग 3.15 घनमी0 बालू 7.57 घनमी0, गिट्टी 2.87 घनमी0 रोड़ा 6.56 घनमी0, सरिया 1.6 क्विंटल ईट 8538.75 No. | 154780.00 | 200.00 |
| 2 | नन्दू के घर से दहावा बाजार तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 235477.93 | ईट 3302.80 No., सीमेंट 55 बोरी मौरंग 6.24 घनमी0, बालू 2.33 घनमी0 गिट्टी 0.54 घनमी0, रोड़ा 13 घनमी0 सरिया –, इण्टरलाकिंग ईटा 3731– No. | 192577.83 | 200.00 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/ एफडीआर जो ग्राम पंचायत दहावा के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

प्रधान– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर
सचिव– ग्राम पंचायत दहावा, कसमण्डा–सीतापुर

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पोजिट विद्यालय कोटवा सडक विकास खण्ड बनीकोडर के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 4 मार्च 2024 को की जायेगी जिसमें इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में उपस्थित होकर अपना नामांकन करा कर नीलामी प्रकिया में भाग ले सकते हैं। भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव के पास अपने आधार की छाया प्रति एंव नीलामी प्रकिया में विभाग द्वारा निर्धारित अग्रिम धनराशि दिनांक 4 मार्च 2024 तक पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा कर सकते है।

नीलामी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।

दिनाक 23.02.2024

अध्यक्ष / सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
कम्पोजिट विद्यालय कोटवा सडक
बनीकोडर, बाराबंकी


## सार-संक्षेप

### राजस्व परिषद व एसबीआई के बीच हुआ अनुबंध

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** आनलाइन पेमेंट गेटवे के लिए राजस्व परिषद व स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच मंगलवार को अनुबंध हुआ। इससे चौबीस घंटे विभागीय अभिलेखों तक आम लोगों की पहुंच हो सकेगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक अरुण कुमार साहू व राजस्व परिषद के सचिव एसवीएस रंगा राव ने अनुबंध पर हस्ताक्षरित किया। राजस्व परिषद के सचिव ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से आमजन की सुविधा के लिए विभागीय सेवाओं को सतत रूप से आनलाइन किया जा रहा है। कम्प्यूटरीकृत अभिलेखों व प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां चौबीस घंटे आनलाइन उपलब्ध कराने के लिए आनलाइन पेमेंट गेटवे को लागू किया जा रहा है। आनलाइन पेमेंट गेटवे की व्यवस्था पूर्णत: कियाशील होने के बाद आवेदक की ओर से कम्प्यूटरीकृत अभिलेख (खतौनी) के लिए निर्धारित प्रयोक्ता प्रभार व पेमेंट गेटवे का सेवा प्रभार का आनलाइन भुगतान कर आवेदित अभिलेख की प्रमाणित प्रति आनलाइन प्राप्त की जा सकती है।

### आदर्श नगर पंचायत से 66 निकाय दूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंडित दीन दयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना में चयनित 44 जिलों के 66 निकाय मिशन से दूर हैं। निकायों का चयन 2017–18 से 2021–22 तक हुआ था। लेकिन, क्षेत्र में निर्माण और विकास कार्य के लिए दूसरी किस्त की मांग नहीं की। क्योंकि पहली किस्त की धनराशि खर्च करने का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। न ही निर्माण कार्य के फोटो उपलब्ध कराए हैं। जबकि शासन ने 22 जून 2022 को दिशा निर्देश जारी कर दूसरी व तीसरी किस्त के प्रस्ताव मांगे थे। इसमें निर्माण कार्य के लेटेस्ट फोटो, निर्माण संपन्न के दौरान कार्यदायी संस्था के तकनीकी, प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के बैकग्राउंड के साथ खींचकर देने हैं। प्रस्ताव पर प्रशासनिक व संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर भी होने हैं। लेकिन, तब से प्रक्रिया गोलमोल है। शासन ने दोबारा 44 जिलों के जिलाधिकारी को पत्र जारी कर द्वितीय किस्त की स्वीकृति के प्रस्ताव कार्य पूर्ति के प्रमाण व फोटो समेत मांगे हैं।

### उर्वरक बिक्री में गड़बड़ी, तीन लाइसेंस निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में उर्वरक बिक्री की जांच में तीन विक्रेताओं के यहां गड़बड़ी मिली। बिक्री के साक्ष्य नहीं दे पाए। जिला कृषि अधिकारी ने तीनों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने दिसंबर व जनवरी में उर्वरक बिक्री व स्टॉक की जांच कराई। इस क्रम में दिसंबर में शिवरी क्षेत्र में एक विक्रेता के यहां मानक से अधिक यूरिया टॉप–20 के तहत बेचना पाया। न बिक्री के साक्ष्य मिले न ही स्टॉक सही मिला। इसी तरह राजाजीपुरम में एक विक्रेता के यहां गड़बड़ी मिली। बिक्री की पुष्टि न होने पर दोनों के लाइसेंस निलंबित किए। अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी आगे की जांच कर आख्या मांगी है। वहीं, मोहनलालगंज के छतौनी में जनवरी में एक विक्रेता के यहां उर्वरकों की बिक्री व स्टॉक गड़बड़ मिला। विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेख स्पष्ट नहीं रहे। इस पर लाइसेंस निलंबित करते हुए दोबारा अभिलेख मांगे हैं।

### हॉस्टल में फंदे से लटका मिला बेकरी कर्मी का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नरही में मंगलवार शाम विवेक सिंह (22) का शव हॉस्टल के कमरे से फंदे से लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, मूलरूप से शाहजहांपुर जनपद के मरैना गांव निवासी विवेक सिंह नरही के हॉस्टल में रहकर बेकरी में काम करता था। साथियों ने पूछताछ करने पर पता चला कि विवेक शाम को काम निपटा कर घर पहुंचा और उसके कुछ देर बाद शव से लटकने की जानकारी मिली। वहीं हुसैनाबाद निवासी मो. ताकिब ने बताया कि देर शाम विवेक से मिलने के लिए आया था। कमरे में जाने के लिए जैसे ही दरवाजा खोला तो फंदे से लटकता देख दंग रह गया। वहीं मामा सत्येंद्र सिंह ने बताया कि छुट्टी मिलते ही उनके घर आ जाता था। ऐसे में यह कदम क्यों उठाया कुछ समझ नहीं आ रहा है। कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने बताया कि शव के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### गुमटी में आग लगाकर लूटी नकदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत मालरोड चौराहे पर चोरों ने एक गुमटी का ताला तोड़ नकदी पार कर दी। फिर दुकान में आग लगा ली। जानकारी होने पर पीड़ित ने दुबग्गा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, बेगरिया गांव निवासी अतुल शुक्ला की माल रोड चौराहे पर पान की गुमटी है। गत 26 फरवरी की रात चोरों ने गुमटी का ताला तोड़ गल्ले में रखी नौ हजार की नकदी पार कर दी। इसके बाद चोरों ने पेट्रोल डालकर गुमटी में आग लगा दी। जिससे दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। मंगलवार सुबह पीड़ित दुकान खोलने पहुंचा तब उसे जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुकानदार ने अज्ञात लोगों पर कार्रवाई किए जाने की मांग लेकर तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोटेदार की पत्नी गहने लेकर फरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां थाने में एक कोटेदार पर परिचित पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इंटौज के एक कोटेदार की शादी वर्ष 2021 में हुई थी। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि अगस्त 2023 में उसकी पत्नी मायके चली गई थी। जिसके बाद से वह वापस नहीं लौटी। छानबीन करने पर पीड़ित को जानकारी हुई कि परिचित पिंटू उसकी पत्नी को अपने संग भगाकर ले गया है। पत्नी अपने संग तीन लाख की नकदी और ज्वैलरी भी साथ ले गई है। थाने में शिकायत दर्ज न होने पर कोटेदार ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर महिगवां पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# महिलाएं रोजगार की तलाश न करें, प्रदाता बनें : आनंदीबेन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाएं रोजगार की तलाश न करें, बल्कि रोजगार प्रदाता बनें। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व सामाजिक संस्था कनफेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राज्यपाल ने संस्था से जुड़ी उन 66 महिला उद्यमियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, जिन्होंने न केवल अपना उद्योग, संस्थान, उद्यम स्थापित किया, बल्कि अपने साथ अन्य महिलाओं व युवाओं को भी अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया।

राज्यपाल ने कहा कि अपनी शिक्षा पूरी कर युवा आमतौर पर किसी सरकारी जॉब को ही प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास व कम्प्यूटराइजेशन ने सरकारी नौकरी की तमाम आवश्यकताओं में मनुष्य की निर्भरता को कम कर दिया है। आज का दौर उद्यमशील होने का है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार स्टार्ट-अप लगाने के लिए उद्यमियों को बहुत सी सुविधाएं दे रही है, जिसमें उद्यम का प्रशिक्षण, लोन, स्थान की उपलब्धता और कई प्रकार की छूट भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ही सफलता का मूल मंत्र है। हमेशा सकारात्मक रहें और बदलाव के लिए मिलकर प्रयास करें। कार्यक्रम को कनफेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर की चेयरपर्सन मीतू पुरी, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन लखनऊ चैप्टर महिला उद्यमी की चेयरपर्सन आनंदी अग्रवाल आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर आईआईए लखनऊ चैप्टर के चेयरपर्सन विकास खन्ना, अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे आदि मौजूद रहे।

समारोह में महिला उद्यमियों के सहयोग से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान में सहभागिता के लिए राज्यपाल को एक लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक भेंट किया।

# राजकीय महाविद्यालयों में 1.71 करोड़ रुपये से खेलकूद का आधारभूत ढांचा होगा तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में ग्रास रूट लेवल पर खेलों को बढ़ावा दे रही राज्य सरकार अब महाविद्यालयों में खेलों का आधारभूत ढांचा तैयार कर वहां भी खिलाड़ियों को तैयार करने में जुट गई है। इसके लिए सरकार ने मेजर ध्यानचंद मिशन के तहत राजकीय महाविद्यालों में खेलकूद इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 1.71 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।

इस राशि को 31 मार्च तक किया जाना अनिवार्य होगा। राशि से खेलकूद से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्य कराए जाएंगे, ताकि महाविद्यालयों में आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारियों के लिए कहीं अन्य जगह भटकना न पड़े।

मालूम हो कि महाविद्यालय इस राशि से खेल से संबंधित नए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकेंगे। इसमें विभिन्न खेलों से संबंधित कोर्ट, टर्फ आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि स्वीकृत की जा रही धनराशि निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने में वित्त विभाग के द्वारा निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### प्रत्येक महाविद्यालय को मिलेंगे एक लाख रुपये

राज्य सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के राजकीय महाविद्यालयों में खिलाड़ियों को तैयार किए जाने की योजना है। साथ ही, पहले से जो खिलाड़ी महाविद्यालयों में अध्ययनरत हैं उन्हें खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसी क्रम में शासन स्तर पर कुल 171 राजकीय महाविद्यालयों में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्राविधानित बजट 1.72 करोड़ के सापेक्ष 1.71 करोड़ की राशि जारी की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक राजकीय महाविद्यालय को एक लाख रुपए मुहैया कराए जाएंगे, ताकि वो अपने यहां आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकें। इसके माध्यम से खिलाड़ी महाविद्यालय में अध्ययन के साथ–साथ अपने पसंदीदा खेलों में करियर बनाने की संभावनाओं को भी मूर्त रूप दे सकेंगे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा**

पत्रांक :–1039/ न0पा0प0 महोबा/2023–24 दिनांक 27.02.2024

**नीलामी सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महोबा के निम्नलिखित ठेकों की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024–25 (01.04.2024 से 31.03.2025) के लिए दिनांक–06.03.2024 को निर्धारित समय अपराह्न 01:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद महोबा के सभा कक्ष में की जाएगी। इच्छुक पात्र व्यक्ति उपरोक्त तिथि व समय पर नीलामी में भाग ले सकते है। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत नवीनतम मान्य चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र व अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका द्वारा अदेयता प्रमाण पत्र तथा सम्बन्धित ठेके के सम्मुख अंकित जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी। 2. बोली स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

3. ठेका विज्ञापन किराया के सर्वोच्च बोलीदाता को बोली स्वीकृत होने के पश्चात ठेके की सम्पूर्ण धनराशितीन समान किश्तों में जमा करनी होगी। प्रथम किश्त ठेका स्वीकृत होने के बाद सम्पूर्ण धनराशि का 1/3 भाग ठेकेदार को तुरन्त जमा करना होगी। तत्काल न जमा किए जाने पर जमानत धनराशि जब्त करते हुए बोली निरस्त कर पुन: नीलामी करायी जायेगी।

4. ठेके से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका के कर अनुभाग में देखी व पढ़ी जा सकती है।

5. यदि ठेका की नीलामी उक्त तिथि को नहीं हो सकेगी उनकी नीलामी पुन: निर्धारित की गयी तिथि पर कार्यालय नगर पालिका परिषद, महोबा के सभाकक्ष में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं।

| क्र0 सं0 | नीलामी ठेके का नाम | धरोहर धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र की धनराशि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन किराया | 10000.00 | 100000.00 | 02:00 बजे अपराह्न से |

अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महोबा
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महोबा

# रामत्व का होगा प्रसार, बनाएंगे सबल समाज : बागड़ा

## अयोध्या में बैठक

**विहिप के नवनिर्वाचित महामंत्री बोले- देशभर में एक लाख स्थानों पर कार्य का करेंगे विस्तार**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रन्यासी मंडल व प्रबंध समिति की त्रिदिवसीय बैठक मंगलवार को कारसेवकपुरम में संपन्न हो गई। बैठक में देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा कर हिंदू समाज के समक्ष खड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए षष्ठीपूर्ति वर्ष में संगठन के विस्तार की योजनाएं भी बनाई गईं।

विश्व हिंदू परिषद के नव निर्वाचित महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में देश-विदेश से पधारे प्रतिनिधियों ने अनेक विषयों पर चर्चा के साथ यह संकल्प लिया कि प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर तो बन गया, अब हम संगठन, समाज और विदेश में रहने वाले हिंदुओं में रामत्व के प्रसार के साथ संस्कारित व सबल समाज की पुनर्स्थापना करेंगे। उन्होंने बताया इसके लिए विहिप के इस षष्ठीपूर्ति वर्ष के अंत तक देश भर में लगभग एक लाख स्थानों तक अपने कार्य का विस्तार करेगी। विहिप के महामंत्री ने कहा कि सेवा कार्यों का विस्तार, गौ रक्षा व गौ संवर्धन के साथ धर्मांतरण को रोकने व घर वापसी के कार्य को और गति देने के बारे में भी बैठक में चर्चा हुई।

विदेशों में बसे हिंदुओं के साथ संपर्क व समन्वय को और अधिक मज़बूत बनाकर उनकी समस्याओं के यथोचित समाधान के लिए भी अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने कार्ययोजना बताई। महामंत्री बागड़ा ने बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने पर उत्तराखंड सरकार का अभिनंदन करते हुए प्रन्यासी मंडल ने आशा व्यक्त की कि शेष राज्य भी समान नागरिक संहिता लाएंगे। धर्मांतरण रोकने के लिए कुछ राज्यों ने कठोर कानून बनाए हैं किंतु अन्य राज्य भी इस बारे में आगे बढ़ें, इस बात पर भी प्रन्यासी मंडल ने चिंतन किया। उन्होंने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियम जारी होते ही कार्यकर्ता पाकिस्तान, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से धर्म आधारित उत्पीड़न के शिकार हिंदू, जैन, सिख, बौद्ध की नागरिकता के संदर्भ में भी शीघ्रता के साथ कार्रवाई करें, ऐसा भी निवेदन हुआ।



पत्रकारों से बातचीत करते विहिप के महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा व मौजूद अन्य।

### आलोक बने विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

त्रिवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया के अंतर्गत विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वर्तमान कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार निर्वाचित हुए। महामंत्री के रूप में वर्तमान संयुक्त महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा चुने गए। साथ ही विहिप के केंद्रीय संगठन महामंत्री के रूप में वर्तमान महामंत्री मिलिंद परांडे और सह संगठन महामंत्री के रूप में विनायक राव देशपांडे की नियुक्ति को भी सदन ने स्वीकृति प्रदान की। प्रेसवार्ता में विहिप के नवनिर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार भी उपस्थित रहे।

# कानपुर का बंद पुराना गंगा पुल बनेगा पिकनिक स्पॉट

## नगर निगम ने शुरू की तैयारी, खाने-पीने के लगेंगे स्टॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बंद हो चुका पुराना गंगा पुल को अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा। आकर्षण बढ़ाने के लिये नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। यहां से लोग गंगा दर्शन भी कर सकेंगे। इसके साथ ही खाने-पीने का लुत्फ उठा सकेंगे।

मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने पुल का निरीक्षण कर साफ-सफाई के साथ ही यहां 30 नये खाने-पीने के स्टॉल लगवाने के निर्देश दिए। डूडा से पात्र लोगों की लिस्ट मांगी गई है। उन्हें यहां जगह आवंटित



बंद पड़ा पुराना गंगा पुल। अमृत विचार

आयुक्त ने बताया कि नए गंगा पुल के नीचे से लेकर पुराने गंगा पुल तक जगह-जगह मलबे के ढेर पड़े हुए हैं। उन्हें भी हटवाया जाएगा। सड़क के दोनों ओर बह रहे पानी की निकासी कराई जाएगी। मौके पर स्थित दो शौचालय बंद पड़े मिले।

नगर आयुक्त ने कहा कि कैंट बोर्ड से एनओसी ली जाए। इसका संचालन नगर निगम कराएगा। नवीन पुल के अंडरपास से लेकर झाड़ी बाबा तक दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया जाएगा। निरीक्षण के समय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित सिंह, परियोजनाधिकारी डूडा तेज कुमार, जोनल स्वच्छता अधिकारी मनोज पाल, इंचार्ज रबिश डिपो रहमान मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने आजम की बैरक समेत जेल का किया निरीक्षण



निरीक्षण के बाद जेल से बाहर आते जिला जज सहित डीएम-एसपी व अन्य।

**सीतापुर, अमृत विचार।** मंगलवार को जिला न्यायाधीश मनोज कुमार के नेतृत्व में डीएम व एसपी ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। टीम ने बैरकों सहित पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक को खंगाला। निरीक्षण के दौरान टीम को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

जिलाधिकारी अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा ने औचक निरीक्षण के दौरान जेल में बंद बंदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। जिला जज के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने जेल की सभी बैरकों की बारीकी से जांच-पड़ताल की।

## एक नजर

### किशोरी को भगा ले जाने का आरोप, तीन पर केस

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी को पड़ोसी युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। किशोरी के मां-बाप मजदूरी करते हैं। बीते शनिवार को दोनों घर से मजदूरी करने के लिए निकले थे। उनके घर पर उनकी बेटी अकेली थी। दंपति का आरोप है कि पड़ोसी समीर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस कार्य में समीर की बहन समरीन व मां मुन्नी ने भी सहयोग किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### गैंगस्टर के दोषी को दो साल का कारावास

**बाराबंकी अमृत विचार :** गोकशी के दोषी गैंगस्टर को अदालत में मंगलवार को 2 साल के साधारण कारावास तथा पांच हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। सुबेहा थाने पर 9 फरवरी को निरीक्षक शिवनारायण सिंह ने तौकीर निवासी जगदीश का पुरवा मजरे सिधियावां थाना सुबेहा के विरुद्ध गोकशी करके आर्थिक लाभ प्राप्त करने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। अदालत ने तौकीर को गोकशी का दोषी पाया और उसे दो साल की सजा सुनाई।

### पत्नी को आत्महत्या को उकसाने में सात साल कैद

**कानपुर, अमृत विचार :** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एडीजे 13 कोर्ट ने पति को दोषी पाकर सात साल कैद की सजा सुनाई। सुरेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी राखी का विवाह 24 फरवरी 2020 को मुंशीपुरवा निवासी धर्मेंद्र गुप्ता से किया था। शादी के एक माह बाद से ही धर्मेंद्र राखी से व्यापार के लिए एक लाख रुपये की मांग करने लगा था। सुरेश ने बताया था कि 11 अगस्त 2020 को दामाद धर्मेंद्र बेटी को ले गया था। अगले दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे बेटी की मौत की जानकारी मिली। उन्होंने बाबूपुरवा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## सार-संक्षेप

### मोक्ष प्राप्ति को योग्य गुरु का होना जरूरी : शिवराज कृष्णा



सदर बाजार कैंट स्थित दुर्गा मंदिर में भागवत कथा सुनाते पंडित शिवराजकृष्ण।

**लखनऊ, अमृत विचार :** सदर बाजार कैंट स्थित श्री दुर्गा देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित शिवराज कृष्ण ने परीक्षित जन्म से लेकर उनकी मृत्यु तक के प्रसंग को विस्तारपूर्वक सुनाया। उन्होंने गुरु की महिमा का बखान करते हुए बताया कि जीवन में सद्गुरु के आने से मनुष्य का पूरा जीवन ही बदल जाता है। कथावाचक ने कहा कि जिस मानव के जीवन में गुरु नहीं है उसका जीवन ही शुरू नहीं माना जाता है, इसलिए मनुष्य के जीवन में सच्चे और अच्छे गुरु का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि गुरु शुकदेव ने राजा परीक्षित को 7 दिन में मुक्ति का उपाय बताकर उन्हें मोक्ष की प्राप्ति कराई। इसलिए मोक्ष की प्राप्ति के लिए मानव के जीवन में एक योग्य गुरु का होना अति आवश्यक है। कथा के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने गुरुदेव शुकदेवजी महराज का पूजन कर व्यास पूजा की। कथा के अंत में यजमान पंडित हरिमोहन शुक्ल एवं समस्त शुक्ल परिवार ने श्रीमद्भागवत की आरती की तथा अंत में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

### छात्रों ने लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देशन में हैदरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के छठवें दिन 37057 मतदाताओं को छात्र-छात्राओं द्वारा मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने लोगों को अपनी कॉपी पर लिखे स्लोगन पढ़कर सुनाए व आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए अपील करते हुए उनकी सहमति के लिए हस्ताक्षर एवं अंगूठे के निशान भी लिए। मतदाता जागरूकता अभियान के नोडल ऑफिसर राहुल शुक्ला ने बताया कि छठवें दिन हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज एवं सिद्धौर शिक्षा क्षेत्रो में 37057 मतदाताओं सहित अब तक कल 1,81,280 मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए जागरूक किया जा चुका है।

### रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के बाद ऐंठ लिए 45 लाख रुपये

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट करने के बाद विपक्षी ने 45 लाख रुपये ऐंठ लिये। बैनामा करने का दबाव बनाने पर आरोपी युवकों ने पीड़त के साथ अभद्रता की व जान से मारने की धमकी दी। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर के आदित्य प्रकाश सिंह ने मित्र सूरज के साथ मिलकर कुर्सी थाना क्षेत्र में एक जमीन का सौदा आरोपी अंकुर यादव व अनूप यादव निवासी पंडरिया डीह मजरे सैहारा थाना देवां से ग्राम दौडिहारा परगना देवा थाना कुर्सी का सम्पूर्ण रकबा क्रय करने का करार किया था। इसके एवज में पीड़ित ने आरोपी युवकों को आरटीजीएस व नकद 45 लाख रुपये दे दिये थे। आरोप है कि जब पीड़ित ने बैनामा कराने को कहा तो षड्यन्त्र कर दस्तावेज तैयार कर भूमि का आधा भाग का एक रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट कर दिया। शेष बची भूमि को विपक्षीजनों द्वारा बेचने की बात बतायी गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# बिना जांच 79 साल के बुजुर्ग पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** काकादेव थानाक्षेत्र में किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में आरोपी पक्ष पुलिस कमिश्नर ऑफिस पहुंचा। आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना जांच किए 79 साल के बीमार बुजुर्ग को मुकदमे में नामजद कर दिया। उन लोगों ने मुकदमा दर्ज कराने वाली सावित्री टंडन पर मकान कब्जाने का आरोप लगाया।

16 फरवरी को विजय नगर के अनूप टंडन की बेटी की संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई थी। चार दिन बाद किशोरी की मां सावित्री टंडन, पिता अनूप टंडन पुलिस कार्यालय पहुंचे जहां सावित्री बेहोश हो गई थी। काकादेव पुलिस ने कमल मिश्रा, 79 साल के रामकेवल गुप्ता, राकेश गुप्ता, हरीशचंद्र, विनेश गुप्ता को नामजद किया था। इन सभी पर हत्या, छेड़छाड़, पॉक्सो समेत साजिश का मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को कमल मिश्रा को छोड़कर बाकी के आरोपी पुलिस कमिश्नर के यहां पहुंचे। उक्त लोगों ने कहा कि तहरीर में खुद पीड़िता लिख रही है कि घटना वाले दिन कमल मिश्रा साथ था, वह बेटी पर हाथ उठा रही थी तो कमल ने रोका। जिसके बाद बेटी को कोई दवा दी उसकी हालत बिगड़ गई। उनकी आज तक कमल से न कोई बात हुई न कभी मिले। कमल, सावित्री टंडन की सहेली का पति है जिसके चलते उसे किराए पर मकान दिया था। सावित्री ने उनके मकान पर कब्जा किया जिसका मुकदमा चल रहा है। इसी मुकदमे के खुन्नस में फर्जी आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। डीसीपी सेंट्रल ने कहा कि जांच की जा रही है।

# एलएलबी की परीक्षा में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** एलएलबी की परीक्षा में एक कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता। पुलिस और अवध विवि की सचल दल की टीम पहुंची। सचल दल ने नकल करते 26 छात्रों को पकड़ा। वायरल वीडियो में एक युवक कक्ष में प्रवेश करता है। वह कहता है कि कि यह सिटी लॉ कॉलेज है। वह हर परीक्षार्थी के पास से गाइड लेकर दिखा रहा था। उसने कहा कि यहां ठेका लेकर नकल कराई जा रही है। इसी बीच वीडियो बंद हो गया। सफदरगंज के प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि सिटी लॉ कॉलेज में नकल की शिकायत मिलने पर पुलिस गई थी। इसी दौरान विवि का सचल दल आ गया। उसने 26 छात्रों को नकल करते पकड़ा। दूसरी पाली में अवध कॉलेज में 12 व टीआरसी कॉलेज में 25 नकलची पकड़े गए।

# इरफान मामले में बचाव पक्ष ने बहस पूरी की

**कानपुर, अमृत विचार :** सपा विधायक इरफान सोलंकी के विरुद्ध आगजनी मामले में बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से मंगलवार को अंतिम बहस में कहा गया कि पुलिस के दबाव में गवाहों ने झूठे बयान कोर्ट में दिए है। मामले की अगली सुनवाई एक मार्च को होगी, जिसमें अभियोजन जवाब दाखिल करेगा। सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच लोगों के खिलाफ आगजनी मामले में एमपीएमएलए कोर्ट में सुनवाई चल रही है। बीते सोमवार को पांचवें आरोपी इजराइल आटे वाले के अधिवक्ता की बहस पूरी हो गई थी। मंगलवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी और शिवाकांत दीक्षित की ओर से दोबारा बहस शुरू की गई। अधिवक्ता सईद नकवी ने कोर्ट को बताया कि गवाहों के बयान झूठे हैं।

# रमेश अध्यक्ष, प्रमोद बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

## फॉर्मासिस्ट फेडरेशन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** फॉर्मासिस्ट फेडरेशन की जिला इकाई शाखा का अधिवेशन मंगलवार को प्रशासनिक भवन जिला चिकित्सालय में हुआ। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

इसमें अध्यक्ष पद पर रमेश चंद्र वर्मा एलोपैथिक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रमोद कुमार वेटरनरी, उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र सिंह वर्मा एलोपैथिक तथा अश्विनी कुमार त्रिपाठी आयुर्वेदिक, जिला मंत्री पद पर रमापति रावत होम्योपैथिक, कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र त्रिवेदी आयुष, संगठन मंत्री संजीव कुमार वर्मा एलोपैथिक, संयुक्त मंत्री विजय नारायण मौर्य जेल सर्वसम्मति से निर्वाचित किए गए। चीफ फार्मासिस्ट अब्दुल अहद एलोपैथिक को संगठन का संरक्षक नामित किया गया। फेडरेशन की रिटायर्ड विंग का जिला अध्यक्ष आरसी वर्मा, साइंटिफिक विंग का अध्यक्ष डॉ धर्मवीर, मंत्री पद पर डॉ अमित कुमार सिंह, फेडरेशन की यूथ विंग का अध्यक्ष विराट कुमार, मंत्री सुधाकर सिंह वर्मा तथा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा को नामित किया गया। अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील यादव, संरक्षक डॉ. केके सचान, महामंत्री डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. जेपी नायक, उपाध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव तथा जिले के एलोपैथिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, वेटरनरी, आयुष फार्मासिस्ट भी उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली-356

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी; (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।




### वर्ग पहेली - 355 का हल




## सुडोकू-73

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 7 | 9 | | | 8 |
| | | 7 | | | | 4 | | |
| 2 | | 9 | | 6 | 4 | | | |
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 2 | | | | 9 | | |
| | | 1 | | 8 | | | | 3 |
| | | 6 | 8 | 3 | | 2 | | 5 |
| | | 8 | | | | 1 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | 1 | | | |

### सुडोकू - 72 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 |
| 1 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 4 | 9 | 3 | 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 3 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 29 फरवरी 04.18 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-हस्त 07.33 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** — आज परिवार और कारोबार दोनों में ही अच्छा तालमेल बनाकर रखेंगे। जीवनसाथी से महत्वपूर्ण विषयों पर सलाह लेना हितकर होगा। पाचन की कमजोरी के कारण अपच और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी गुणवत्ता का ध्यान रखना चाहिए। आत्मविश्वास के साथ अपने काम करेंगे। नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। नए प्रेम संबंधों में तनाव होने के योग बन रहे हैं। दिन के उत्तरार्ध में कोई बड़ा काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। त्वरित निर्णय लेने से व्यवसाय में प्रगति हो सकती है। साझेदारी संबंधि कार्यों में आपको काफी ज्यादा ध्यान देना होगा। आपको अपनी गलतियों को सुधारने के कई मौके मिलेंगे।

**कर्क** — आज महत्वपूर्ण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास की कमी के कारण निर्णय गलत हो सकते हैं। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में राजनीति का सामना करना पड़ेगा। धन से जुड़े मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज बॉस आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। जॉब को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। दोपहर के पहले कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन अचानक से स्थितियां आपके पक्ष में आती हुई प्रतीत होंगी।

**कन्या** — आज आपके सामाजिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। गलत खान-पान के कारण स्वास्थ्य समस्या हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने की योजना को आकार दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके मनोबल को बढ़ायेगा। अपनी शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करेंगे।

**तुला** — आज महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संभाल कर रखें। बच्चों के व्यवहार से कुछ चिंतित हो सकते हैं। नए विषयों को सीखने की कोशिश करेंगे। परिवार में आपके गुणों की प्रशंसा होगी। आपके ऊपर जिम्मेदारियां बढ़ने वाली है।

**वृश्चिक** — आज आपको ऐसे व्यक्तियों से मिलना पड़ सकता है ,जो आपके व्यक्तित्व को काफी प्रभावित करने वाले हैं। आवश्यक कार्यों को शाम से पहले पूरा कर लेना हितकर होगा। बेकार की बहसों से बचने का प्रयास करें।

**धनु** — आज सभी जरूरी काम पूरे करने की कोशिश करेंगे। छोटी-छोटी परेशानियों से निजात मिलेगी। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बहुत प्रगाढ़ होंगे। सामाजिक आयोजन में आप भागीदारी कर सकते हैं। मित्रों से शुभ सूचना आपको प्राप्त हो सकती है।

**मकर** — आज अपने जीवन-स्तर को ऊंचा करने की दिशा में प्रयास करेंगे। भोग-विलास में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। जीवन से सभी क्षेत्रों में आपका प्रदर्शन बेहतरीन रहने वाला है। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए शुभ दिन सिद्ध होगा।

**कुंभ** — आज अनावश्यक लोगों के साथ विचार-विमर्श कर समय बर्बाद न करें। कुछ लोग आपके हितैषी होते हुए भी आपकी आलोचना करेंगे। बोलचाल में विनम्र भाषा का प्रयोग करें। मित्रों के स्वभाव में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं। सहकर्मियों से भी आपको परेशान होना पड़ सकता है। लोगों के बीच आपका व्यवहार काफी सराहा जाएगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.39
- कीमत — रात : 07.07

Sony Max
- लगे रहो मुन्ना भाई — सुबह : 10.12
- विश्वासघात — रात : 10.04

Sony Pix
- लाइफ — सुबह : 10.48
- जिओस्ट्रोम — रात : 09.00

Zee Cinema
- हाईजेक — सुबह : 10.30
- विजय द मास्टर — रात : 07.30

Colors Cineplex
- जुर्माना — दोपहर : 12.31
- फिर हेरा फेरी — रात : 09.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह-10.12 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति -मेरे सीने में बहुत दर्द हो रहा है, जल्दी से एम्बुलेंस के लिए फोन लगाओ।
पत्नी- हां, लगाती हूं, जल्दी अपने मोबाइल का पासवर्ड बताओ
पति- रहने दो, अब थोड़ा ठीक लग रहा है।

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया। थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि, कचरा किसने फेका!
एक औरत ने गुस्से से कहा-फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

न ह्रश्यत्यात्मसम्माने नावमानेन तप्यते।
गंगो ह्रद इवाक्षोभ्यो यः स पंडित उच्यते।।

जो अपना आदर-सम्मान होने पर खुशी से फूल नहीं उठता और अनादर होने पर क्रोधित नहीं होता तथा गंगाजी के कुंड के समान जिसका मन अशांत नहीं होता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# निष्प्रभावी यूएनएससी

यूक्रेन की स्थिति को लेकर भारत लगातार चिंतित है। भारत ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दो साल से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने में पूर्णतयाः निष्प्रभावी क्यों रही? जबकि सुरक्षा परिषद पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने का जिम्मा है। शनिवार को संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि ने कहा कि शत्रुता और हिंसा का बढ़ना किसी के हित में नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात के दौरान कहा था कि युद्ध का युग नहीं है। भारत की ओर से हमेशा कहा गया है कि कोई भी समाधान मानव जीवन की कीमत पर कभी नहीं निकल सकता। इसलिए शत्रुता को शीघ्र समाप्त करने और बातचीत एवं कूटनीति के रास्ते पर तत्काल वापसी के लिए सभी प्रयास किए जाने चाहिए। वास्तव में यूक्रेन संघर्ष के प्रति भारत का दृष्टिकोण जन-केंद्रित रहेगा। जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को विकास संबंधी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए साझा उद्देश्यों और इन उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक साझेदारी एवं सहयोग पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

युद्ध मानवता के लिए अभिशाप बनता जा रहा है। भारत ने इस बात पर खेद जताया कि युद्ध के कारण भोजन, ईंधन और उर्वरकों की कीमत बढ़ रही है, व्यापक पैमाने पर दुनिया प्रभावित हो रही है और खासकर 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। मतभेदों एवं विवादों का एकमात्र समाधान वार्ता ही है, भले ही इस समय यह काम कितना भी दुष्कर क्यों न लगे। शांति के मार्ग के लिए हमें कूटनीति के सभी माध्यम खुले रखने होंगे। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र प्रणाली में सुधार को लेकर इसके स्थायी सदस्यों में बीते काफी समय से उत्साह की कमी देखी गई, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि सुरक्षा परिषद में बदलाव लाना आवश्यक है। परिषद में स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन और अन्य देशों के बीच शक्ति असंतुलन को तत्काल दूर करने की आवश्यकता है ताकि परिषद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जा सके और अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा एवं व्यवस्था को नियंत्रित करने में इसकी वैधता बढ़ाई जा सके। वर्तमान गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत सुरक्षा परिषद में सुधार के प्रस्तावों के व्यापक सेट वाले एक संकल्प का मसौदा तैयार कर सकता है। सुरक्षा परिषद बहुपक्षवाद को प्रभावी बनाने के लिए पुरानी एवं पुरातन संरचनाओं में सुधार और उनके पुनर्निर्माण की आवश्यकता है, अन्यथा उनकी विश्वसनीयता हमेशा कम होती रहेगी। इसीलिए इसके विस्तार की जरूरत है।

# कहानियों से प्रेरणा और कैरियर चुनने का ताना-बाना



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हर एक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं।

'प्रेरणा' एक बहुत ही जटिल घटना है जिसके बारे में न्यूरोबायोलॉजिस्ट द्वारा कई स्तरों पर जांच की गई है और उनके विचार और सिद्धांत प्रकाशित रूप में उपलब्ध हैं। 'प्रेरणा' की जांच करने के लिए दार्शनिक डोमेन में तल्लीन होकर इसे 'अनुभूति' और 'सीखने' के साथ सह-संबंधित करने और फिर प्रेरणादायक कहानियों को पढ़ने या सुनकर व्यवहार को संशोधित करने के अलावा, इसे और अधिक गहराई से जानने के लिए तैयार किए गए प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। मनुष्य व्यवहार के संकेतों का क्या 'नुमेरिकल वैल्यूज' देकर और एक ज्ञात स्टेटिस्टिकल मॉडल के आधार पर इनका विश्लेषण करके हम वास्तव में कुछ जान पाएंगे। मेरे हिसाब से इस मामले में मचीन लैंग्वेज विकसित करने वाले जैसे ही आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस पर जो लोग काम कर चुके हैं, वे ही अधिक स्पष्टता से टिप्पणी कर पाएंगे।

क्या एक वैज्ञानिक की कहानी पढ़कर इसे पढ़ने वाले बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं? मेरा ख्याल है एक कहानी, जिसमें संक्षिप्त में एक व्यक्तित्व या घटना का जिक्र होता है, दस बच्चे पढ़ेंगे तो दसों ही अलग तरह से मोटिवेट होंगे। इनमें से एक टीचर बनेगा और दूसरा स्पेस साइंटिस्ट। ऐसा क्यों? जरूरत यह जानने की है कि कहानी पढ़ने से इन बच्चों के मन-मस्तिष्क में किस तरह का परिवेश जन्म लेता है और यह किस फॉर्म में विकसित होता रहा, आकार लेता रहा और इनके लिए आगे के जीवन में परिस्थितयां कैसे रूपाकार लेती रहीं, बनती-बिगड़ती रहीं। परिवेशी फैक्टर्स और मोटिवेशनल वैल्यूज में -जो कहानी पढ़ने के बाद पैदा हुई, किस तरह का सामंजस्य पैदा होता है, यह न्यूरो-बायोलॉजिकल मेथड्स से भी ठीक से मालूम नहीं पड़ता।

मोटिवेशनल सिग्नल्स के पैटर्न्स को इन्टरप्रेट करना ही एक चुनौती है। मान लीजिए इस समस्या को हम 'चैट-जीपीटी' को सौंप देते हैं जो कि एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टूल है। यह टूल नहीं बता सकता कि एक कहानी पढ़ने के बाद बच्चा और व्यस्क किस तरह से प्रभावित होकर क्या करेगा। 'बिहेवियर प्रीडिक्शन' एक मुश्किल काम है। इंदौर के संजय वर्मा ने 'क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं' (अमृत विचार-24 फरवरी 2024) के माध्यम से जो कहना चाहा है उसे निष्कर्ष तो मान ही नहीं सकते, बल्कि एक इंडिकेटर जरूर है अर्थात बड़े पैमाने पर एक्जामिन करने के लिए समस्या की ओर यह एक इशारा मात्र है। निर्भर करता है कि ऐसे किसी एक या इससे समस्या के वैज्ञानिक अध्ययन की डिजाइनिंग कितनी कुशलता से की गई है जिससे बिहेवियरल निष्कर्ष निकाला जा सके जोकि सोशयली रिलेवेंट हो। अफसोस है कि भारत के सोश्यो-साइकोलोजिस्ट इस तरह के एक्सपेरिमेंट सेट-अप नहीं करते और न ही देश के न्यूरो-बायोलॉजिस्ट से इस मामले में प्रयोग करने के लिए कोआर्डिनेट करते हैं। यह मामला बेसिक साइंसेज में रिसर्च का है जिसे डिस्करेज किया जाता है। बेसिक रिसर्च के बिना 'कौशल' विकास भी असंभव होता है। इस बारे में उपलब्ध शोध-साहित्य से भी कोई निश्चित निष्कर्ष प्राप्त नहीं किए सकते। मेरा खुद का मानना है कि ऐसे प्रश्नों का उत्तर ढूंढने के लिए जो साइंटिफिक रूट हम अपनाना चाहते हैं वह शायद इस काम के लिए अभी उतना विकसित नहीं हुआ है जितना कि सोशल टूल्स या खुद वह मनुष्य जो यह बताए कि फलानी कहानी पढ़ने से उसे यह प्रेरणा मिली और वह वैसा ही करने या बनने के लिए खुद को तैयार करता रहा और किया या बना। मुझे नहीं लगता कि ऐसा कोई उदाहरण हमें दुनिया में मिल सकता है। यह मामला थ्योरेटिकल से आगे प्रैक्टिकल तक या व्यवहार तक पहुंचाने जाने और नतीजे रिपीट होने, देखने में अभी और वक्त लग सकता है। इसीलिए दुनिया में 'डाइवर्सिटी' का बोलबाला है। अपने भीतर अगर हम खुद झांक कर देखें तो पाएंगे कि प्रेरणा के स्रोत तो मौजूद रहे लेकिन पंचतंत्र जैसा कथा साहित्य पढ़कर किसी को पत्रकार या वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा मिली हो, ऐसा मैं नहीं मानता। यह सब परोक्ष प्रभाव से होता है और कहानियों से हम एक वैल्यू-सिस्टम से अवगत हो सकते हैं, कैरियर डेवलपमेंट के लिए नहीं। एनालिस्ट तो यह कहते हैं कि फोकलोर की कहानियों में कोई 'मोरल' कभी नहीं दिया जाता, सिर्फ घटना का जिक्र होता है। वैल्यूज ओर मोरल श्रोता को खुद निकालना होता है।

कहानियां पढने वाले बच्चों और युवाओं में कहानियों से प्रेरणा लेकर किस तरह का 'ब्रेन-मॉडयूल' विकसित होता है, यह जानना एक कौतुक से कम नहीं। इस बारे में भी शोध हुआ है। इसके अलावा 'ह्यूमन-मोटिवेशन' की एक एल्व्युशनरी थ्योरी पर भी काम हुआ है जिसका जिक्र सन 2006 में प्रकाशित 'जेनेटिक, सोशल एंड जनरल साइकोलॉजी' नाम से एक मोनोग्राफ में हुआ है। अकसर पेरेंट्स ही बच्चों को कहानियों की किताबें या बाल-उपन्यास लाकर देते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी भी माता-पिता को पेरेंटिंग के एल्व्युशन पर किताब पढ़ने की जरूरत महसूस होती है। कुछ तो यह 'नेचुरल' है और बाकी की अपनने परिवेश से मिले 'स्टिमुलाई' पर निर्भर करती है।

कहानी से प्रेरणा लेकर एक किशोर या युवा अगर यह चाहे कि मैं यह बनूंगा, वैसा बनूंगा और उसे वही परिवेश नहीं मिलता जिसमें उसके 'प्रेरणा स्रोत' व्यक्ति का विकास हुआ था और यह बच्चा या किशोर अगर प्रयास करता रहे और वैसा नहीं बने तो उसे निराशा घेर लेगी। निराशा एक रोग है। अनेक पेरेंट्स और खुद युवा भी अपने लिए एक रास्ता कर लेते हैं लेकिन उसके अंतिम छोर, अर्थात लक्ष्य, को नहीं छू पाते और रास्ता नहीं बदलते तो इसके दुष्परिणाम सामने आते हैं। वे कुछ और बन कर अर्थात जीवन के लिए दूसरा कार्य निर्धारित हो जाने के बाद यह टीस लेकर जीते हैं जो चाहते थे वह तो नहीं बन पाए लेकिन अब यही कर लेते हैं जो सामने है। तब इसका उनके व्यक्तित्व और फॅमिली पर क्या असर पड़ता होगा? मेरे जानकारों में एक पेरेंट्स कॉलेज टीचर्स हैं। उनकी बड़ी बेटी ने एमएससी (फिजिक्स) में करने के बाद आईएएस बनने का इरादा किया। तीन साल से परीक्षा दे रही है, लेकिन प्रीलिमिनरी ही क्लियर नहीं कर पा रही। शादी के लायक हो गई है। इतने समय में, इतने ही परिश्रम से पीएचडी कर लेती। दूसरी जगह कहीं कोशिश भी नहीं की है। जिद बांध रखी है कि आईएएस ही करूंगी। मैं ऐसे बहुत से उदाहरण जानता हूं जिन्होंनें आईएएस के लिए कोशिश एकाधिक बार की लेकिन शीघ्र ही संभल गए। आईएएस के लिए की गई तैयारी के आधार पर पर वे कहीं और कामयाब हुए और उसे एक कैरियर के तौर से लेकर खुशी-खुशी रिटायर भी हो गए हैं। मानता हूं कि एक खास काम के लिए खास लेवल तक पहुंचने के लिए समझ का उत्तरोत्तर विकास होता है, लेकिन जब तक समझ बढ़ती है तब तक अवसर निकल चुके होते हैं।

कौन बच्चा विकसित होकर अपने लिए कैसा काम और कैरियर चुनता है यह 'प्रिडिक्टिव' नहीं होता। जरूरी नहीं आईएएस का बेटा आईएएस ही बने और किसान का किसान ही। उम्र के बढ़ने के साथ जब सेंसेस काम करना शुरू करती है तब हरेक मनुष्य अपने लिए एक अलग तरह ही अल्गोरिथम्स की रचना करता है। इनका फंक्शन शायद इनवोलंटरी अधिक होता है। खुद की कमांड से ये कितना काम करेंगी, मुझे मालूम नहीं। यह तो प्रत्येक मनुष्य अपने भीतर झांक कर देख सकता है। विविधता का आलम इतना विशाल और जटिल प्रतीत होता है कि कहानियों से प्राप्त प्रेरणा की पृष्ठभूमि कहीं दूर गहराई में विलीन होने का अहसास बना रहता है।

## प्रसंगवश

# जीवन में मिथक का सत्य

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा।

मिथक राष्ट्रीयता की शक्ति है। राष्ट्र की शक्ति है। सामूहिक मानस की शक्ति है। अवचेतन मन की ऊर्जा है। जिस के पास मिथकीयता नहीं, वह मानसिक रूप से विकलांग है। उसके पास अभिव्यक्ति की वह शक्ति कदापि नहीं हो सकती कि वह लोकमानस को संबोधित कर सके। मिथक भले ही इतिहास का सच नहीं होता, किंतु लोगों की जिंदगी में उसकी जो भूमिका होती है, वह इतिहास के सच से भी अधिक प्रभावशाली होती है। मिथक लोकचेतना का सच होता है। लोकजीवन मिथकों के साथ जीता है। मिथकों की भाषा में सोचता है, मिथकीय भाषा में अपने को अभिव्यक्त करता है, मिथक को लोकजीवन से विच्छिन्न करके नहीं सोचा जा सकता। मिथक वाचिक परंपरा है। पुराण लिखित परंपरा है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मिथक-कथाओं की युगानुकूल व्याख्या जरूरी है अन्यथा जिहाद भी मिथक ही तो है। इस विषय पर एक जर्मन लोकवार्ता-शास्त्री कई साल से रिसर्च कर रहे हैं। मिथक समष्टिचेतना का अंश होते हैं, उनकी सत्ता विद्यमान है, किसी महापुरुष के आंख बंद कर लेने से उसकी उपस्थिति में अंतर नहीं आता। यह ऊर्जा है, चिंगारी से दीपक भी जलाया जा सकता है और झोंपड़ी भी। विश्व के लोकवार्ता शास्त्री आज मिथकों के अध्ययन की ओर प्रवृत्त हुए हैं, लिन्क्ड-इन पर जाकर आप माइथोलॉजी-ग्रुप का डिस्कशन देखें, अरबी, इस्लामिक, रोमन, ग्रीक, मेसोपोटामिया, जापानी-चीनी मिथक शास्त्र पर विमर्श चल रहा है। एमीलियोवैली, लौरी होंको आदि ने मानवीकरण, प्रतीकवाद आनुष्ठानिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया है।

वास्तव में मिथकों का अध्ययन लोकजीवन के सांस्कृतिक स्रोतों का ही अध्ययन है। उनकी अनदेखी करना अपने को ही वंचित करना होगा। मिथक मिथ्या नहीं होता है, वह हमारी चेतना का एक सूत्र है, सत्य है। इतिहास का सत्य आपकी किताबों में है, मिथक का सत्य हमारे जीवन में है।

# बढ़ती अर्थव्यवस्था और आर्थिक सुधार



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है।

भारत की व्यापार करने में आसानी सूचकांक यानि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंक 63 है और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सूचकांक 40 है। 476 मिलियन श्रमिकों के साथ भारतीय श्रम शक्ति दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्ति है, जनसंख्या की दृष्टि से पहले स्थान है। भारत में दुनिया के सबसे अधिक अरबपतियों की संख्या और अत्यधिक आय असमानता भी है।

भारत की अर्थव्यवस्था मिश्रित, नियोजित अर्थव्यवस्था से रणनीतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय सार्वजनिक क्षेत्र के साथ मिश्रित मध्यम आय वाली विकासशील सामाजिक बाजार अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो गई है। यह नाम मात्र जीडीपी के हिसाब से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और क्रय शक्ति समता (पीपीपी) के हिसाब से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। प्रति व्यक्ति आय के आधार पर, भारत सकल घरेलू उत्पाद (नाममात्र) द्वारा 139 वें और सकल घरेलू उत्पाद (पीपीपी) द्वारा 127 वें स्थान पर है।

1947 में स्वतंत्रता के दौर से लेकर 1991 तक की आर्थिक नीति को राज्य हस्तक्षेप, प्राकृतिक संसाधन, नौकरशाह संचालित उद्यमों और आर्थिक विनियमन के साथ संरक्षणवादी आर्थिक नीतियों को बढ़ावा दिए जाने वाला रहा है। इस संरक्षणवादी आर्थिक नीति के कारण देश की विकास दर लगभग 3-4 प्रतिशत तक रही और 4 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई। इसलिए इस व्यवस्था को लाइसेंस राज की आर्थिक अनुशासनहीनता के रूप में ही याद किया जाता है। भारत में 1991 में गंभीर आर्थिक संकट के कारण व्यापक स्तर पर आर्थिक उदारीकरण की नीति को अपनाया। इन आर्थिक सुधारों के जनक तत्कालीन प्रधनमंत्री पीवी नरसिंहा राव रहे, उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की प्रक्रिया शुरू की। इन सुधारों को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 'सेकेंड जेनरेशन रिफॉर्म' के रूप में आगे बढ़ाया, उसका परिणाम है कि 21 वीं सदी की शुरुआत से ही वार्षिक औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6 प्रतिशत से 7 प्रतिशत रही है और लगातार बढ़ती जा रही है।

भारत की जीडीपी का लगभग 70 प्रतिशत घरेलू उपभोग से प्रेरित है, निजी खपत के अलावा जीडीपी में सरकारी खर्च, निवेश और निर्यात से भी संचालित होती है। इसलिए विकास की गति बढ़ाने के लिए विनिर्माण उद्योग, ऊर्जा, तकनीकी, रक्षा, परिवहन आदि बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता में आमूलचूल बदलाव की जरूरत थी और इन क्षेत्रों में पिछले एक दशक के दौरान तेजी से सुधार हुआ है। इन्हीं बदलावों में एक महत्वपूर्ण निर्णय जनधन खातों को खोलने का रहा इसने समाज में और गवर्नेंस में पारदर्शिता के रूप में एक नई क्रांति को जन्म दिया। कोविड-19 की वैश्विक महामारी की भीषण त्रासदी के बावजूद आज अर्थव्यवस्था विश्व के अन्य देशों के मुकाबले सबसे तेज गति से बढ़ रही है। इन आर्थिक सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए खोलने में मदद की जिससे विदेशी निवेश और व्यापार में वृद्धि हुई। आज देश का रिजर्व लगातार बढ़कर कर 600 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, शेयर बाजार का आकार भी विश्व में चौथे स्थान पर पहुंच गया और लगातार बढ़ रहा है। भारत में एक नया मध्य वर्ग उभरा है। यह नौकरी के बढ़ते अवसरों और आईटी तथा आउटसोर्सिंग जैसे क्षेत्रों के विस्तार के कारण है। भारत आज तेज गति से बढ़ रहा है और शीघ्र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी वजह युवा जनसंख्या का होना है।

विकास की गति जारी रखने के लिए आवश्यक है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ-साथ ऊर्जा, रक्षा, तकनीकी व फार्मा क्षेत्र में शोध तथा नवाचार को बढ़ावा देना होगा। साथ ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में करने से मानव विकास सूचकांक में सुधार होगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर शोध व अध्ययन को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करना होगा। न्यूक्लियर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक वाहनों का प्रयोग, सौर ऊर्जा तथा एथोनोल जैसे जैविक ईंधन पर भी और तेज गति से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे पर्यावरण सुरक्षा व विकसित भारत का लक्ष्य पूरा होगा।

## सोशल फोरम

# नवउदारवादी आर्थिकी की परिणति

एक आर्थिक विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले दस साल में कार्पोरेट घरानों द्वारा लिए गए तेरह लाख करोड़ रुपयों के बैंक लोन 'बैड लोन' घोषित हो गए और उन्हें माफ कर दिया गया। महज दस साल में महज कुछ घरानों ने तेरह लाख करोड़ रुपयों को खा पचा लिया। उसके पहले का हिसाब अलग होगा।



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

दूसरे विशेषज्ञ बता रहे थे कि पिछले एक साल में एक सौ पच्चीस अरबपतियों ने भारतीय बैंकों से लोन लेकर भारत छोड़ दिया। इनमें जिनका लोन सबसे कम था वह एक सौ करोड़ रुपयों का था। नौकरी करने वाले और इनकम टैक्स देने वाले पढ़े लिखे लोग जानते हैं कि पिछले दस वर्षों में आय कर की दरें आनुपातिक रूप से उच्चतम स्तरों पर जा पहुंची हैं।

टैक्स वसूल करने में आयकर विभाग की सख्ती भी पिछले दशक के मुकाबले इस दशक में बढ़ी है। यानी लाखों करोड़ रुपये डकार जाने वाले शक्तिशाली कार्पोरेट से वसूली में सरकार का दम फूल जाता है और वे पब्लिक मनी की लूट मचाकर सुरक्षित निकल जा रहे हैं, लेकिन मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के लोगों के लोन की किस्तें वसूलने में बैंकों की तत्परता देखते ही बनती है। होम लोन या किसी तरह के कंज्यूमर लोन या फिर पर्सनल लोन लेने के बाद कोई आम आदमी एक पैसे की भी हेराफेरी नहीं कर सकता। उन्हें लोन देने वाले बैंक मूल और ब्याज के एक एक पाई का हिसाब रखते हैं। बिना किसी नियमित आय वाले निम्न आर्थिक वर्ग के लोगों को तो बैंक लोन देते ही नहीं।

हम जो अक्सर पढ़ते सुनते हैं कि भारतीय बैंकों की माली हालत अच्छी नहीं है, उसके पीछे के मूल कारण हम नहीं, हमारे दौर के बड़े लोग हैं। ऐसे बड़े लोग जिनके हाथों में सत्ता की डोर होती है और बड़े नौकरशाह जिनके प्यादे बन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं। वे हमारे सार्वजनिक संसाधनों पर लगातार कब्जा करते जा रहे हैं। यह तो अलग और बेहद विस्तृत अध्याय है। इसे ही कहते हैं कार्पोरेट राज, जो नवउदारवादी आर्थिकी की स्वाभाविक परिणति है। **-फेसबुक वॉल से**

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है।

कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्राकृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्कृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिंदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया।

17 वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्कृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए।

गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुनर्निर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि "यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिंदू संस्कृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।"

इस बीच गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सभ्यतागत और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्यभर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय-आधारित पर्यटन केंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे, जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, कैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धार्मिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन सर्किट को अंतिम रूप देगी।

गोवा में स्थित मंदिरों में मूलतः देश के अधिकांश हिंदू मंदिरों की तरह ही एक देवता की पूजा की जाती है। ऐतिहासिक कारणों से राज्य के मंदिरों की वास्तुकला थोड़ी अलग जरूर है। आमतौर पर किसी भी हिंदू मंदिर का मूल डिजाइन मंदिर के गर्भगृह के आसपास ही व्यवस्थित होता है जिसमें मुख्य देवता विराजमान होते हैं। मंदिर के बाहरी डिजाइन में एक मीनार या शिकारा मुख्य मंदिर के ऊपर होता है, जो पारंपरिक रूप से पिरामिड के आकार जैसा होता है।

धार्मिक विरासत स्थलों और ऐतिहासिक मंदिरों में निश्चित रूप से यह क्षमता है कि वे गुणवत्तापूर्ण और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को लुभा सकें। इसी दृष्टिकोण से राज्य का पर्यटन विभाग गोवा में आध्यात्मिक सर्किट बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग जल्द ही एक विज्ञापन अभियान और वृत्तचित्र श्रृंखला शुरू करने पर विचार कर रहा है। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य को आध्यात्मिक पर्यटन की राजधानी बनाने की घोषणा कर दी थी। देश में स्थित तिरुपति, शिरडी, अजमेर और अमृतसर जैसे क्षेत्रों की आर्थिक तंत्र का मुख्य हिस्सा ही धार्मिक पर्यटन है। इसके अलावा वेटिकन सिटी, सऊदी अरब में मक्का और पाकिस्तान में करतारपुर साहिब ऐसे स्थल हैं, जो वहां की अर्थव्यवस्था के मुख्य अंग हैं।

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने 15 फरवरी को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन किए और मंदिर में पूजा-अर्चना की। राम मंदिर को लाखों भारतीयों के प्रेम और विश्वास का प्रतीक बताते हुए एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला के दर्शन-पूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं।'

अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है, मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी।

# बैंकों में डिपॉजिट ग्रोथ

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी।

हाल के दिनों में बैंकिग सेक्टर में जमाराशियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिली है। डिपॉजिट रेट यानी एफडी रेट में कुछ बढ़ोतरी से ऐसा मुमकिन हो सका है। वित्त वर्ष 2024 की दिसंबर तिमाही में 12.5 प्रतिशत की वृद्धि दर देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2023 की इसी तिमाही में 9.6 प्रतिशत ही थी। हालांकि बैंकों का लो कास्ट डिपॉजिट यानी चालू खाता और बचत खाता में जमा राशि में कमी आई है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इसका कारण जमा राशियों में बढ़ोतरी होना तो है ही, अभी हाल के दिनों में कुछ बैंको ने डिपॉजिट रेट बढ़ाए हैं, वहीं बचत बैंकों पर ब्याज का आकर्षण कम होता गया है। वर्तमान में अगर यूनियन बैंक बचत बैंक का ब्याज देखे तो घटकर 2.75 प्रतिशत रह गया है जबकि एफडी रेट निरंतर बढ़ रहा है, जो वर्तमान समय में 7.90 प्रतिशत हो गया है। (सीनियर सिटीजन के लिए आधा प्रतिशत अधिक) ऐसे में ग्राहकों ने सुविधाओं का लाभ उठाते हुए बचत खाते को फ्लेक्सी खाते (स्वीपिंगखाते) में कनवर्ट करा लिया है और अधिकाश राशियां स्वतः बचत खाते से एफडी खाते में ट्रांसफर हो रही है और ग्राहक इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। मोबाइल बैंकिग करने वालों के लिए और भी आसानी है। वो बगैर बैंक जाए ही इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं और लाभ ले भी रहे हैं।

अगर बैंक एफडी पर आने वाले समय में कुछ और बढ़ोतरी करेंगे तो शायद मध्यम वर्ग की जनता के लिए थोड़ी राहत की बात होगी। चुनावी समय होने से जनता उम्मीद भी कर रही है।

एक नजर

### कोसी नदी के किनारे मिला बाघिन का शव

**रामनगर, अमृत विचार** : वन प्रभाग रामनगर के तहत रिंगोड़ा क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर को कोसी नदी के किनारे एक बाघिन का शव मिला। रिंगोड़ा क्षेत्र में भैंस चराकर लौट रहे पशुपालक ने सबसे पहले उसे देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। तभी सूचना मिलने पर वन प्रभाग के डीएफओ दिगंथ नायक, एसडीओ पूनम कैंथोला भी मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में बाघ के शव को उठाकर वन प्रभाग की कार्यशाला में लाया गया, जहां उसका पशुचिकित्सक डॉ. हिमांशु पांगती व डॉ. आयुष उनियाल की देखरेख में पोस्टमार्टम हुआ। वन क्षेत्राधिकारी शेखर तिवारी ने बताया कि गश्त के दौरान दोपहर डेढ़ बजे बाघिन का शव बरामद हुआ। विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद शव को नष्ट कर दिया। वृद्ध बाघिन की मौत स्वाभाविक हो सकती है। बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

### पत्नी की हत्या के बाद भाई को भी गोली मारी

**सहारनपुर** : जिले में मंगलवार सुबह एक युवक ने कथित तौर पर अवैध संबंधों के शक में अपनी गर्भवती पत्नी की हत्या कर दी और छोटे भाई पर भी गोली चला दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी के सिर पर गोली मारी और बाद में भाई पर गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी के भाई का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसने बताया कि पति से विवाद के बाद महिला पिछले काफी समय से मायके में रह रही थी। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि आरोपी को शक था कि उसकी पत्नी और उसके छोटे भाई के बीच अवैध संबंध हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार आरोपी को पकड़ने की कोशिश कर रही है। बताया कि अभी घटना का सही कारण का पता नहीं चला है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। उसकी आखिरी लोकेशन हरियाणा के यमुनानगर में उसकी मिली है।

# मोदी नेतृत्व में हुए विकास को दुनिया ने स्वीकारा

एजेंसी, गांधीनगर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास को दुनिया ने स्वीकारा है। शाह ने कहा कि अगर मोदी एक बार फिर से सत्ता में आते हैं तो भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने गुजरात में अपने निर्वाचन क्षेत्र गांधीनगर में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। शाह ने इस अवसर पर कहा कि कई क्षेत्रों में नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए विकास कार्यों को दुनिया ने स्वीकार किया है। देश की सुरक्षा, नई शिक्षा नीति, मातृ भाषा को महत्व और गांव और शहर के विकास में मोदी सरकार ने नए आयाम हासिल किए हैं। उन्होंने 2014 से मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को भी गिनाया। शाह ने कहा कि देश की करोड़ों माताओं-बहनों के घर से धुंए को दूर कर उन्हें उज्ज्वला कनेक्शन देना, 11 करोड़ परिवारों को शौचालय, 14 करोड़ परिवारों को शुद्ध पीने का पानी, 60 करोड़ लोगो को हर महीने प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त अनाज, 60 करोड़ लोगों के पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य उपचार का खर्चा उठाने और तीन करोड़ लोगो को उनका घर देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने इन 10 वर्षों में पूरा किया है। शाह ने कहा कि 2019 से अब तक पांच वर्षों में गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में 23,120 करोड़ रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं। शाह ने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों से कहा कि वे प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के साथ जुड़कर अपने घर पर सोलर पैनल लगाकर अपने बिजली के खर्च को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से पांचवें स्थान पर ले आए हैं और अगर वह एक बार फिर निर्वाचित होते हैं तो देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की गारंटी उनकी है।



तीसरी बार जीतने पर देश को बनाएंगे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : अमित शाह

### कांग्रेस को पता ही नहीं उसके विधायक कहां जा रहे

**नयी दिल्ली** : हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के कुछ घंटे बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी पार्टी बिखर रही है और उसे पता नहीं है कि उसके विधायक कहां जा रहे हैं और किसके लिए मतदान कर रहे हैं। कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश में आज कुछ पार्टी विधायकों के क्रॉस-वोटिंग करने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को हार का सामना करना पड़ा तथा भाजपा के हर्ष महाजन जीत गए। उन्होंने इन धारणाओं को खारिज कर दिया कि भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई थी। शाह ने एक समाचार चैनल के कार्यक्रम में कहा किकांग्रेस बिखर रही है। पूरा गठबंधन बिखर रहा है। वे अपने लोगों को नहीं संभाल सकते। वे अपने लोगों का सही से ख्याल नहीं रख रहे और परिणामस्वरूप बिखर रहे हैं। कांग्रेस विधायकों को अगवा किये जाने के हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के आरोपों पर गृह मंत्री ने पूछा कि विधानसभा परिसर में चुनाव हुआ तो यह कैसे संभव है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान कैमरों की निगरानी में हुआ।

## जया प्रदा के खिलाफ 8वीं बार वारंट जारी, कुर्की की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



30 दिनों के भीतर कोर्ट में पेश न होने पर होगी कुर्की की कार्रवाई

**अमृत विचार** : एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व सांसद व अभिनेत्री जया प्रदा के खिलाफ आठवीं बार एनबीडब्ल्यू जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें कुर्की की चेतावनी दी है। साथ ही कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक से कहा कि क्षेत्राधिकारी के नेतृव में टीम गठित कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करें। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी।

2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान जया प्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि इन मामलों की सुनवाई के दौरान जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हुईं। इस पर कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा-82 के तहत जयाप्रदा के खिलाफ उद्घोषणा की कार्रवाई के लिए आदेश जारी किए हैं। अगर जयाप्रदा 30 दिन के भीतर कोर्ट में पेश नहीं हुईं, तो उनकी मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

## मुख्यमंत्री शिंदे ने जरांगे के मकसद पर उठाए सवाल

**मुंबई** : महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को मराठा आरक्षण आंदोलन कार्यकर्ता मनोज जरांगे के उद्देश्यों पर सवाल उठाया और कहा कि सरकार के खिलाफ जरांगे के हालिया रुख के पीछे कौन है। शिंदे ने यहां विधान परिषद में कहा कि जरांगे अपनी मांगें बदलते रहते हैं। वह सदन में भाजपा के नेता प्रवीण दरेकर की इस मांग पर जवाब दे रहे थे कि हाल में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर अपनी हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाने वाले जरांगे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। शिंदे ने कहा कि जरांगे ने जब प्रदर्शन शुरू किया था तो मुझे वह सही लगे थे। लेकिन वह अपनी मांग बदलते रहते हैं।

## केवल मुस्लिम विधायक ही कांग्रेस में रहेंगे : हिमंत

एजेंसी, गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव आने तक कांग्रेस में केवल मुस्लिम विधायक ही बचे रहेंगे।

शर्मा ने विश्वनाथ जिले के गोहपुर में एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि रकीबुल हुसैन, रकीबुद्दीन अहमद, जाकिर हुसैन सिकदर, नुरुल हुदा और कुछ अन्य कांग्रेस विधायक ही पार्टी में बने रहेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या हाल ही में कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी भाजपा में शामिल हो रहे हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कांग्रेस के ताकतवर नेता हैं और अगर वह भाजपा में शामिल होते हैं तो मैं इसका स्वागत करूंगा।



असम के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## सीएए लागू होने के पहले टीएमसी ने जताई चिंता

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों की अधिसूचना जारी होने की खबरों पर चिंता जताई।

टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि हमारी पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि हम सीएए का विरोध करेंगे। अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में जिस तरह की खबरें सामने आ रही हैं हम उससे चिंतित हैं। जिस तरह से राज्य के निवासियों के आधार कार्ड निष्क्रिय किए जा रहे हैं। यह सीएए को लागू से पहले की कार्रवाई है।

## केंद्र सरकार देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है : राहुल गांधी

एजेंसी, नयी दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में पेपर लीक के मुद्दे को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि मोदी सरकार देश के भविष्य की दुश्मन बन गई है! कहीं भर्ती के लिए तरसते छात्र, कहीं पेपर लीक से हताश छात्र, कहीं नियुक्ति के लिए कोर्ट का चक्कर काटते छात्र, तो कहीं आवाज़ उठाने पर लाठियों की मार सहते छात्र। उन्होंने दावा किया कि समीक्षा अधिकारी से लेकर पुलिस भर्ती तक और रेलवे से लेकर सेना तक एक भी परीक्षा न्यायपूर्ण ढंग से करा पाने में नाकाम भाजपा सरकार अपना गुस्सा युवाओं पर निकाल रही है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नौकरी पैदा करने वाले संस्थान अपने मित्रों को बेच कर युवाओं को ठेके पर रखना, मोदी की नीति है और शोषण मोदी की गारंटी। मोदी सरकार छात्रों और उनके परिवारों के सपनों पर लगा ग्रहण है, जिसने उनसे उम्मीदों की रोशनी छीनी है। उन्होंने कहा कि इस अपराध के लिए इतिहास नरेन्द्र मोदी को कभी माफ नहीं करेगा।



एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार को घेरा

## सोच-समझकर आदेश पारित करें ट्रिब्यूनल

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संवेदनशील मामलों में मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के विवेकहीन और यांत्रिक व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे यांत्रिक रूप से आदेश पारित करना ट्रिब्यूनल का निहायत ही लापरवाह रवैया प्रदर्शित करता है।

जहां परिवार अपने किसी सदस्य को खो देता है और आर्थिक दबाव झेल रहा होता है, ऐसे में ट्रिब्यूनल द्वारा मामले की तत्कालिकता को न समझना उसकी असंवेदनशीलता जाहिर करता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ ने ऐदल सिंह और एक अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

मौजूदा मामले में याचियों ने वर्ष 2015 में अपने बेटे को खो दिया। उस समय उन पर विवाह योग्य तीन बच्चों की जिम्मेदारी थी। वर्ष 2015 में हुई दुर्घटना का अवार्ड वर्ष 2017 में पारित किया गया और पैसा फिक्स डिपॉजिट में निवेश कर दिया गया। याचियों ने जून 2023 में बेटी की शादी हेतु फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा धनराशि जारी करने के लिए आवेदन दाखिल किया। इस तथ्य का प्रमाण ट्रिब्यूनल के सामने दिया गया, लेकिन ट्रिब्यूनल, बुलंदशहर ने क्रमशः दो आदेश पारित कर आधी राशि याचियों को प्रदान करने और शेष राशि को पुनः फिक्स्ड डिपॉजिट में जमा करने का आदेश दिया, उक्त आक्षेपित आदेश को याचियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी और उसे रद करने की मांग की। कोर्ट ने भी माना कि फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश बरकरार रखने का निर्देश नहीं दिया जा सकता है। याची प्रार्थना के अनुसार राशि पाने के हकदार हैं। अतः ट्रिब्यूनल को निर्धारित धनराशि और उस पर अर्जित ब्याज तुरंत याचियों को देने का निर्देश दिया गया।



मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल बुलंदशहर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दी नसीहत



**बिखेरा जलवा** : नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो 'भारत टेक्स 2024' में एक फैशन शो के दौरान रैंप वॉक करती मॉडल्स। :एजेंसी

## महिला के शव के 20 टुकड़े कर जंगल में फेंके

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

टुकड़ों को थैलों में बंद कर अलग-अलग स्थान पर फेंका नहीं हो सकी शिनाख्त

**अमृत विचार** : करीब तीस वर्षीया महिला की हत्या कर उसके 20 टुकड़े कर दिए गए। हत्यारे ने उसके अंगों को थैलों में बंद करके जंगल में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंगों को थैलों से निकाला और जांच की। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

नौगावां सादात थाना क्षेत्र के धनौरा बाईपास स्थित गांव खेतापुर के जंगल में मंगलवार की सुबह स्थानीय लोग खेतों में काम करने गए थे। इस दौरान उन्होंने पेड़ों के नीचे कुछ थैले पड़े देखे। आसपास पक्षी मंडरा रहे थे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज तोमर फोर्स के साथ पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर जांच की तो थैलों में महिला के कटे अंग पड़े थे। देर शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उसकी उम्र करीब तीस साल है। शव के टुकड़े किए गए हैं। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। खुलासे के लिए टीमें लगा दी गईं हैं।

## उत्तराखंड : विस में 89,000 करोड़ का बजट पेश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी/ देहरादून

**अमृत विचार** : उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने मंगलवार को विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 89,230.07 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इसमें सरकार को 88,597.11 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति का अनुमान है। इसमें राजस्व प्राप्ति से 60,552.90 करोड़ और पूंजीगत प्राप्ति से 28,044.21 करोड़ रुपये की प्राप्तियों का अनुमान है। वित्त मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने कहा कि सरकार राज्य के समग्र विकास पर आधारित बजट लेकर आई है। यह बजट वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ व सशक्त राज्य बनाने पर केंद्रित है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सरकार बजटीय प्रावधान और नई योजनाओं का स्वरूप निर्धारित किया है। राज्य के समावेशी विकास के लिए 18 नई योजनाओं के लिए 2,874 करोड़ रुपये का प्रावधान है। बजट में गरीब कल्याण के लिए 5658 करोड़, युवा सशक्तिकरण के लिए 534 करोड़, किसानों के लिए 2415 करोड़ और नारी सशक्तिकरण के लिए 574 करोड रुपये का अलग से प्रावधान किया गया है। बजट में इकोनॉमी के साथ-साथ इकोलॉजी का भी ध्यान रखा गया है।



**321** करोड़ तकनीकी शिक्षा के लिए

**15,376** करोड़ का प्रावधान स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए

### समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी है बजट : धामी

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बजट को समग्र, समावेशी, संतुलित और विकासोन्मुखी बताया है। उन्होंने इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के चार स्तंभ- गरीब, युवा, महिला और किसानों का बजट करार दिया है। दावा किया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए 89,230 .07 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया जो पिछले वर्ष से 15 .27 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सशक्त उत्तराखंड के लिए सरकार विकल्प रहित संकल्प पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की आर्थिक विकास की दर वर्ष 2022-23 में 7 .63 प्रतिशत रही थी, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक थी। वर्ष 2023-24 में भी लगभग यही दर अनुमानित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी प्रति व्यक्ति आय में 12 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 में प्रति व्यक्ति आय 2 लाख 60 हजार 201 रुपये रही। नीति आयोग की ओर से जारी बहुआयामी गरीबी सूचकांक के अनुसार राज्य के 9,17, 299 लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

## 150 लोगों के साथ भाजपा को प्रदर्शन की अनुमति

**कोलकाता** : कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दो-दिवसीय धरना-प्रदर्शन की मंगलवार को अनुमति दे दी, साथ ही यह भी निर्देश दिया कि प्रदर्शनकारियों की संख्या 150 से अधिक नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति कौशिक चंदा ने शहर के मैदान क्षेत्र में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने विरोध-प्रदर्शन की अनुमति देते हुए प्रदर्शन के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न करने का निर्देश दिया। यह कार्यक्रम बुधवार और गुरुवार को आयोजित किया जाएगा।

## न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग पर कोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, प्रयागराज

याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

**अमृत विचार** : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया को खेल समझने वाले लोगों को उदाहरण देने के लिए एक जनहित याचिका को भारी जुर्माने के साथ खारिज करते हुए कहा कि कानून के साथ धोखाधड़ी करने वाले किसी भी दशा में अंतरिम राहत के हकदार नहीं हैं। सत्य को दबाना, झूठ की अभिव्यक्ति के बराबर होता है।

वर्तमान मामला कानून की प्रक्रिया का घोर दुरुपयोग है। इसे भारी कीमत के साथ खारिज करने का उद्देश्य जनहित याचिका की आड़ में निहित स्वार्थ के लिए व्यक्तियों को कानून का उपयोग करने से रोकना है। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि जनहित याचिका दाखिल करने का यह स्पष्ट नियम है कि याची को अपनी पहचान का पूर्ण खुलासा करना होता है और जिस मुद्दे का वह समर्थन करना चाहता है, उसका स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि मामले में उसका व्यक्तिगत या निजी हित तो नहीं है। वर्तमान याचिका में याची अकबर अब्बास जैदी ने खुद को एक सामाजिक कार्यकर्ता बताया है और कैराना, शामली का स्थायी निवासी होने का दावा किया है। याचिका में आगे जिला मजिस्ट्रेट, शामली को निर्देश देने की मांग की गई है कि वह तहसील कैराना में स्थित खाता संख्या 24 (क्षेत्रफल 2.2940 हेक्टेयर) भूमि से अवैध निर्माण और अनधिकृत कब्जे को हटा दें, जिसे 16 सितंबर 2023 की रिपोर्ट में शत्रु संपत्ति घोषित किया गया है।

मामले पर विचार करते हुए कोर्ट ने आधे-अधूरे तथ्यों के साथ दायर जनहित याचिका को 50 हजार जुर्माने के साथ खारिज किया और चूंकि जनहित याचिकाएं अपने मौलिक अधिकारों के उल्लंघन से पीड़ित गरीबों और जरूरतमंदों के लिए होती हैं, इसलिए कोर्ट को लगता है कि याची पर लगाए गए जुर्माने का उपयोग उन लोगों के लिए किया जाना चाहिए, जिन्हें पैसे की जरूरत है। अतः कोर्ट ने महानिबंधक को जुर्माने की राशि सरकारी धर्मार्थ संगठन तारा संस्थान द्वारा संचालित रविंद्र नाथ गौड़ आनंद वृद्धाश्रम, प्रयागराज को देने का निर्देश दिया।

## मणिपुर में ताजा तनाव के बीच बुलाई गई सेना

इंफाल, एजेंसी

अस्पताल में भर्ती पुलिस अधिकारी की हालत स्थिर

मणिपुर में मंगलवार को ताजा तनाव बढ़ने पर सेना को बुलाया गया। मैतेई संगठन अरामबाई तेंगगोल के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का उनके आवास से कथित तौर पर अपहरण करने के उपरांत असम राइफल्स की चार टुकड़ियों को इंफाल पूर्व में तैनात किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि मणिपुर पुलिस की अभियान शाखा में तैनात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार को पुलिस और सुरक्षा बलों की त्वरित कार्रवाई के बाद बचा लिया गया। पुलिस अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। अधिकारियों ने घटना को लेकर कहा कि अरामबाई तेंगगोल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार शाम सात बजे के आसपास इंफाल पूर्व के वांगखेई में कुमार के घर पर हमला किया। अधिकारियों ने कहा कि इस गोलीबारी का कारण यह था कि संबंधित अधिकारी ने वाहन चोरी में कथित संलिप्तता के लिए समूह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया था।

मन की बात

जाने-माने इतिहासकार और लेखक विक्रम संपत ने साझा किए विचार

## मुस्लिमों को कोर्ट के बाहर ज्ञानवापी मामला सुलझा लेना चाहिए

एजेंसी, नयी दिल्ली

जाने-माने इतिहासकार और लेखक विक्रम संपत ने मंगलवार को कहा कि हिंदू और मुस्लिम समुदायों के नेताओं को ज्ञानवापी मामले को अदालत से बाहर सुलझाने पर विचार करना चाहिए क्योंकि इस बात को साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि विवादित स्थल पर सालों तक भगवान शिव का मंदिर था और बाद में वहां मस्जिद का निर्माण हुआ।

उन्होंने बातचीत में कहा कि दोनों समुदायों के नेताओं को साथ बैठना चाहिए और देश के अन्य सभी मंदिरों से जुड़े विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए हिंदू पक्ष को विवादों को आपसी सहमति से हमेशा के लिए निपटाने के लिए मुस्लिम प्रतिनिधियों के साथ बैठक करने से पहले ऐसे मंदिरों की समग्र सूची तैयार करनी चाहिए।



लेखक की काशी-ज्ञानवापी पर शोध आधारित पुस्तक जल्द आने वाली है

काशी-ज्ञानवापी को लेकर संपत की एक शोध आधारित पुस्तक जल्द ही बाजार में आने वाली है। इसका नाम है वेटिंग फॉर शिवाः अनअर्थिंग द ट्रुथ ऑफ काशी ज्ञानवापी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकारों को सभी मंदिरों को अपने नियंत्रण से मुक्त करना चाहिए और हिंदू समुदाय को उन्हें स्वतंत्र रूप से प्रबंधित करने की अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 30,000 से अधिक हिंदू मंदिर तो सिर्फ तमिलनाडु सरकार के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि सभी सबूतों से पता चलता है कि उस स्थान पर वर्षों से भगवान शिव का मंदिर था।

उन्होंने कहा कि काशी बड़ा शहर है और उन्हें (मुसलमानों को) शहर में कहीं और बहुत बड़ी और भव्य मस्जिद बनाने के लिए जमीन दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि हमें यह स्थान (ज्ञानवापी और श्रृंगार गौरी मंदिर) वापस दे दीजिए जो हजारों वर्षों से हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि यह आदर्श स्थिति है और इस मुद्दे को हमेशा के लिए हल करने का सबसे अच्छा तरीका है। देश में अन्य सभी विवादित धार्मिक स्थलों का सर्वमान्य समाधान किए जाने की वकालत करते हुए संपत ने कहा कि सबसे पहले हिंदू समुदाय को उन सभी मंदिरों की एक व्यापक सूची तैयार करनी चाहिए जो समुदाय के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि अयोध्या में राम मंदिर और मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि दोनों समुदायों को साथ बैठकर समाधान निकालना चाहिए ताकि वर्षों की कड़वाहट और कानूनी लड़ाई के पचड़े से बचा जा सके।

## बॉयलर फटने से दो कर्मचारियों की मौत और तीन घायल

**मेरठ** : जिले में एक टायर कारखाने में मंगलवार सुबह बॉयलर के फटने से दो कर्मचारियों की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे थाना इंचौली क्षेत्र के गांव फिटकरी से तीन किलोमीटर दूर स्थित कारखाने में हुई जहां पुराने टायर को गलाकर तेल, राख, तार अलग किए जाते हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने बताया कि सुबह अचानक बॉयलर फट गया जिसकी चपेट में आए शंकर (30) और प्रवीण (22) की मौत हो गयी और अन्य तीन लोग घायल हो गए। बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |

**चावल प्रति कुन्तल**

| | |
|---|---|
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मंसूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |

**दाल दलहन**

| | |
|---|---|
| चना देसी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राजमा सफेद | 13000-14000 |
| राजमा काला | 11500-12500 |

**तेल तिलहन**

| | |
|---|---|
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल सरसों (15 ली) | 1475-1900। |

# मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेंगे सुधार कार्य

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित कार्यक्रम में किया आश्वस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया। उद्योग निकाय फिक्की की ओर से आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: विकसित भारत व उद्योग' सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने उद्योग जगत को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फिक्की के कार्यक्रम में कहा कि कोई भी देश डिजिटल इंफ्रा के बिना विकास का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हम डेवलपमेंट गोल के साथ आगे बढ़ेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एआई के क्षेत्र में इनोवेशन और निवेश को बढ़ावा देगी। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार स्पेस सेक्टर में भी निवेश को बढ़ावा देगी।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद नई सरकार का गठन होगा और भाजपा को विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेंगे। सीतारमण ने कहा कि भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। पिछले 10 वर्षों के दौरान सरकार की ओर से कई सुधार किए गए हैं और यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अगली मोदी सरकार द्वारा किए जाने वाले सुधारों में उत्पादन के कारकों पर ध्यान दिया जाएगा।



फिक्की के कार्यक्रम में मौजूद सीतारमण, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व अन्य।

### 'विकसित भारत@2047' कार्यक्रम में बोले अनुराग

#### एक दशक में यूपीए से यूपीआई तक का आया बदलाव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार की पहल और उद्योग सहित सभी वर्गों के योगदान से भारत 2047 से बहुत पहले एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। ठाकुर ने फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा आयोजित 'विकसित भारत@2047' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साहसिक नीतियों और निर्णयों के कारण भारत दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक से हटकर शीर्ष पांच में पहुंच गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चुनावों में मिले स्पष्ट जनादेश के कारण प्रधानमंत्री को कठोर निर्णय लेने का अधिकार मिल गया। ठाकुर ने कहा, "यदि आप 2014 पर नजर डालें तो हम दुनिया की पांच नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे। भ्रष्टाचार के मामले थे। एक खोए हुए दशक से लेकर 'टेकड' (प्रौद्योगिकी से भरपूर दशक) तक, यूपीए के समय से लेकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के समय तक का ये सफर कैसा रहा है, मुझे लगता है कि चीजें बदल गई हैं।"

# देश में कर्मचारियों के वेतन में औसत 10% वृद्धि की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● सर्वे के मुताबिक, सर्वाधिक लाभ वाहन-विनिर्माण के क्षेत्र में

भारत में कंपनियों द्वारा इस साल कर्मचारियों के वेतन में औसतन 10 प्रतिशत वृद्धि किए जाने की उम्मीद है। मंगलवार को जारी एक सर्वे में यह बात कही गई है। सर्वे में कहा गया है कि सबसे अधिक वेतनवृद्धि का लाभ वाहन, विनिर्माण और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों को मिलेगा।

मंगलवार को जारी परामर्शक फर्म मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, वर्ष 2023 में औसत वेतनवृद्धि 9.5 प्रतिशत थी। इसमें कहा गया, 'यह प्रवृत्ति भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और नवाचार और प्रतिभा के केंद्र के रूप में इसके बढ़ती आकर्षण को दर्शाती है। भारत में वाहन, विनिर्माण, इंजीनियरिंग और जीवन विज्ञान में कर्मचारियों को सबसे अधिक वेतनवृद्धि मिलने का अनुमान है। यह इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धी प्रकृति को दर्शाता है।'



सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में औसत वेतनवृद्धि 2024 में 10 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 2023 में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शीर्ष पर थी। इसमें कहा गया है कि भारत में स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर वर्ष 2021 में 12.1 प्रतिशत से धीरे-धीरे बढ़कर वर्ष 2022 में 13.5 प्रतिशत हो गई है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

# ऑनलाइन लोन: चीनी कंपनियों के खिलाफ जांच अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

● कॉरपोरेट मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी जानकारी

एप के जरिये ऑनलाइन कर्ज वितरण से जुड़ी कंपनियों समेत कई चीनी फर्मों के खिलाफ कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय जांच कर रहा है। इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

गैरकानूनी ढंग से कर्ज वितरण एप का संचालन करने वाली कंपनियों के खिलाफ हाल में जांच तेज हुई है। इसके अलावा मंत्रालय लाभकारी स्वामित्व को छिपाने के लिए कंपनियों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मंत्रालय विभिन्न चीनी कंपनियों खासकर कर्ज एप से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ पड़ताल कर रहा है और इनमें से कुछ जांच अंतिम चरण में हैं। अधिकारी के मुताबिक, रिजर्व बैंक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय समेत अन्य इकाइयों से मिली शिकायतों के आधार पर भी संबंधित कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू की जाती है। हालांकि कुछ कंपनियों के वित्तपोषण स्रोतों का पता लगाना कभी-कभी मुश्किल होता है, लेकिन कंपनियों के लाभकारी स्वामित्व का पता लगाने के प्रयास किए जाते हैं।

# वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 7% तक घटेगी: इक्रा

**नई दिल्ली।** घरेलू वाणिज्यिक वाहन (सीवी) की बिक्री में अगले वित्त वर्ष में उच्च आधार प्रभाव की वजह से चार से 7 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा कि आम चुनावों से पहले आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण जनवरी-मार्च तिमाही में बुनियादी ढांचागत गतिविधियों में रुकावट के कारण बिक्री कम रह सकती है। एजेंसी ने कहा, "अनुमान है कि वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू सीवी उद्योग की मात्रा में सालाना दो से पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

# खेती के साथ आय बढ़ाएगी कृषि विकास योजना

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● सरकार के अधीन विभाग और संस्थाएं करेंगी काम, मिली मंजूरी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में खेती के साथ किसानों की आय 'राज्य कृषि विकास योजना' बढ़ाएगी। इस योजना को शासन ने स्वीकृति दी है। इसमें कृषि एवं सम्वर्गीय विभाग व संस्थाएं योजनाओं-परियोजनाओं पर काम कर किसानों को लाभान्वित करेंगी। इनके सहयोग से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि होगी।

इसमें एक जिला एक उत्पाद में मुख्य फसल को शामिल किया जाएगा। जीआई टैग भी दिया जाएगा। इससे उत्पाद को पहचान के साथ बिक्री का प्लेटफार्म मिलेगा। वहीं, राज्य सरकार विभाग व संस्थाओं को निधि पर 100 प्रतिशत अनुदान देगी। योजना का कृषि विभाग को नोडल नामित किया गया है, जिसकी देखरेख में बजट, भुगतान से लेकर योजनाओं पर सभी काम होंगे। विभाग व संस्थाएं प्रगति रिपोर्ट के साथ खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराएंगे।



**प्रोत्साहन के लिए करेंगे नई पहल:** कौशल विकास के तहत किसानों को अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण, विस्तार सेवाओं के प्रोत्साहन के लिए नई पहल, फार्म मैकेनाइजेशन, सोलर संचाई पंप, कृषि ड्रोन, कंबाइन हार्वेस्टर, प्राकृति खेती, श्री अन्न पर प्रशिक्षण व मेला, प्रदर्शनी, गोष्ठी व कार्यशाला में सम्मलित किया जाएगा। इसके अलावा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के अंतर्गत नवीन अवसंरचनाओं की आवश्यकता होने पर प्रयोगशाला की स्थापाना, भंडारण सुविधा, मोबाइल मल्टी यूटिलिटी वैन, कृषि निवेश केंद्र, कृषि रक्षा इकाई, कृषि विपणन पर कार्य होंगे।

# राष्ट्रीय

# कांग्रेस-कम्युनिस्ट केरल में दुश्मन, बाकी जगह अच्छे मित्र

## भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों दलों पर किया कटाक्ष

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में भाजपा के खिलाफ मजबूत विकल्प तैयार करने का प्रयास कर रहे कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों पर कटाक्ष करते हुए मंगलवार को कहा कि वे केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' यानी हमेशा के लिए सबसे अच्छे दोस्त हैं।

मोदी ने यहां सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह में विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उसके पास देश की प्रगति के लिए कोई खाका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष यह मान चुका है कि वह इस साल होने वाले लोकसभा चुनाव में जीत नहीं पाएगा, इसीलिए उसके नेता उन्हें भला-बुरा कहने की रणनीति अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'केरल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट एक-दूसरे के दुश्मन हैं, लेकिन अन्य राज्यों में वे 'बीएफएफ' हैं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कम्युनिस्ट मुख्यमंत्री (पिनराई विजयन) पर भ्रष्टाचार एवं घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया और वाम सरकार को फासीवादी करार दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'इसके जवाब में कम्युनिस्टों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कराया और उनके पूर्ववर्ती प्रशासनों पर विभिन्न घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया, लेकिन केरल के बाहर 'इंडी' गठबंधन की बैठकों में वे एक साथ बैठते हैं। समोसे और बिस्कुट खाते हैं और चाय पीते हैं।' उन्होंने कहा, 'यानी तिरुवनंतपुरम में वे कुछ और कहते हैं तथा दिल्ली में कुछ और कहते हैं। केरल के लोग आगामी लोकसभा चुनावों में इस विश्वासघात का जवाब देंगे।'

मोदी ने केरल के लोगों से आग्रह किया कि वे आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य में उनकी पार्टी को दोहरे अंकों में सीट जिताकर अपना आशीर्वाद दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी किसी राज्य को वोट बैंक के नजरिए से नहीं देखती। मोदी ने दावा किया कि पिछले 10 साल में केरल को अन्य भाजपा शासित राज्यों की तरह ही विकास से लाभ हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उनकी गारंटी है कि वह केरल के लोगों के सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के साथ-साथ देश से गरीबी और भ्रष्टाचार मिटाना 'मोदी की गारंटी' है।



### तमिलनाडु में बोले मोदी- 'इंडिया' गठबंधन ने अपनी हार स्वीकार कर ली

**तिरुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। मोदी ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक और कांग्रेस की आलोचना की और अन्नाद्रमुक के नेताओं दिवंगत एमजी रामचंद्रन और जयललिता की विरासत का उल्लेख किया। मोदी ने यहां भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई की राज्यव्यापी यात्रा 'एन मन एन मक्कल' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार ने तमिलनाडु में विकास परियोजनाओं के लिए पहले की तुलना में अधिक धनराशि दी है। मोदी ने कहा, 'इंडिया के घटक दलों ने हार स्वीकार कर ली है, लेकिन उनका इरादा लूटने का है। लेकिन लोगों ने ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने का मन बना लिया है। तमिलनाडु में भी भाजपा भ्रष्टाचार की राजनीति को खत्म करने की तैयारी कर रही है।"

# बिहार: कांग्रेस के दो व राजद के एक विधायक भाजपा में शामिल

**पटना।** बिहार में कांग्रेस के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, सिद्धार्थ गौतम और राष्ट्रीय जनता दल की विधायक संगीता कुमारी मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात की। सम्राट चौधरी से मिलने जाते वक्त जब संगीता कुमारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या वह भाजपा में शामिल हो गई हैं तो उन्होंने कहा- हां।

तेजस्वी यादव की 'जन विश्वास यात्रा' और 3 मार्च को प्रस्तावित रैली से पहले इस पालाबदल को भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले हर संभव समीकरण साधने के तौर पर देखा जा रहा है। संगीता कुमारी कैमूर जिले की मोहनिया सीट से विधायक हैं। वहीं सिद्धार्थ विक्रम सीट और मुरारी गौतम चेनारी से विधायक हैं।

# परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे चुनाव से प्रेरित: खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस अध्यक्ष मोदी सरकार पर लगाए आरोप

कांग्रेस ने हाल में आए उपभोग खर्च सर्वे को 'चुनाव से प्रेरित और भ्रामक सर्वे' करार देते हुए मंगलवार को दावा किया कि सरकार ने गरीबी के विषय पर अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है, जबकि हकीकत यह है कि आज 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि अगर केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनती है तो देश में जाति आधारित जनगणना करवाई जाएगी ताकि सही आंकड़ा एकत्र हो सके।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है।



गत शनिवार को जारी बयान के अनुसार, एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वेक्षण किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '10 साल की गहन निद्रा में खर्राटे लेने के बाद आखिरकार मोदी सरकार जनता के खर्च और आमदनी पर चुनाव से प्रेरित सर्वे लाई है। सर्वे में मोदी सरकार ने अपनी पीठ थपथपाने की नाकाम कोशिश की है।'

## एक नजर

### संदेशखालि जा रहे आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पुलिस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के अशांत संदेशखालि जा रहे 'इंडियन सेक्युलर फ्रंट' (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए संदेशखालि की ओर जा रहे कांग्रेस के एक दल को भी नजात के पास रोक दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि भांगड़ से विधायक सिद्दीकी को कोलकाता में साइंस सिटी के पास गिरफ्तार किया गया था।

### राजद विधायक के परिसरों पर ईडी ने की छापेमारी

**आरा/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आय से अधिक संपत्ति के मामले को लेकर मंगलवार को बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक किरण देवी, उनके पति और पूर्व विधायक अरुण यादव तथा कुछ अन्य से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। किरण देवी भोजपुर जिले के संदेश निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं, जहां उनके पति ने 2015 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि ये छापे इस बात का सबूत हैं कि केंद्र में शासन करने वाली भाजपा डरी हुई है।

# बीजद से टिकट पाने के लिए 10 हजार से ज्यादा ने किया आवेदन

**भुवनेश्वर।** आगामी लोकसभा चुनाव और ओडिशा विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए बीजू जनता दल का टिकट पाने के लिए 10,000 से ज्यादा लोगों ने आवेदन किया है। ओडिशा विधानसभा में 147, जबकि राज्य में लोकसभा की 21 सीटें हैं। बीजद के संगठन सचिव प्रणब प्रकाश दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "आगामी चुनावों में पार्टी टिकट के लिए 10,000 से अधिक लोगों ने आवेदन किया है।"

# जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ गतिविधियों को जारी रखने को लेकर मंगलवार को जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आतंकवाद और अलगाववाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का पालन करते हुए सरकार ने जमात-ए-इस्लामी (जम्मू कश्मीर) पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।' जमात पर देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का आरोप है। इसे पहली बार 28 फरवरी 2019 को 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था।

# राजस्थान: आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म, आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान के अलवर जिले में एक निजी अस्पताल की आईसीयू में भर्ती महिला से दुष्कर्म के आरोप में एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे की है। आरोपी चिराग यादव को हिरासत में ले लिया गया। वह अस्पताल में नर्सिंग सहायक के पद पर कार्यरत है। शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि फेफड़ों में संक्रमण के कारण महिला अस्पताल के आईसीयू में उपचाराधीन है।

# मुंबई : छोटा राजन गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने वर्ली से छोटा राजन गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान श्याम तांबे उर्फ सेवियो रॉड्रिग्स (42) के रूप में हुई है, जिसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा, "मुंबई पुलिस की अपराध शाखा को विशेष सूचना मिली थी कि तांबे मध्य मुंबई में वर्ली के जीजामाता नगर इलाके में आ रहा है। सूचना के अनुसार जाल बिछाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।" उन्होंने बताया कि उसके पास से एक देसी पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए। अधिकारी ने बताया कि तांबे छोटा राजन गिरोह का सक्रिय सदस्य था

# बीकानेर: जासूसी के आरोप में कैंटीन का संचालक गिरफ्तार

जयपुर, एजेंसी

● पाकिस्तानी महिला एजेंट के साथ खुफिया सूचना कर रहा था साझा

पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों के लिए जासूसी करने को लेकर बीकानेर जिले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सैन्य क्षेत्र 'महाजन' में कैंटीन चलाता है, जो 'हनीट्रैप' में फंसकर सामरिक महत्व की सूचनाएं पाक 'हैंडलर' को दे रहा था।

अतिरिक्त महानिदेशक (पुलिस खुफिया) संजय अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान खुफिया विभाग ने मिलिट्री इंटेलिजेंस (सैन्य खुफिया शाखा), बीकानेर के साथ संयुक्त कार्रवाई कर पाकिस्तान गुप्तचर एजेंसी के लिए जासूसी कर रहे 'ऊपर का बास' गांव (बीकानेर जिले) के निवासी विक्रम सिंह (31) को गिरफ्तार किया है। अग्रवाल ने बताया कि सतत निगरानी के दौरान पता चला कि विक्रम सिंह सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया हैंडलर के निरंतर संपर्क में है। उन्होंने बताया कि जब विक्रम सिंह की गतिविधियों पर गहनता से नजर रखी गई तो पता चला कि वह 'हनीट्रैप' में फंसकर सोशल मीडिया के माध्यम से पाक महिला एजेंट के साथ सामरिक महत्व की सूचना साझा कर रहा है।

# मराठा आरक्षण आंदोलन की होगी एसआईटी जांच

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने सरकार को निर्देश दिया कि वह एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करके उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे की टिप्पणी की व्यापक जांच करे। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने जरांगे की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में अशांति फैलाने की साजिश थी। अध्यक्ष ने सरकार को फडणवीस के खिलाफ जरांगे की टिप्पणियों की जांच के लिए एक एसआईटी गठित करने का निर्देश दिया। जरांगे ने आरोप लगाया था कि फडणवीस उनकी हत्या कराने कोशिश कर रहे हैं।

# आप ने दिल्ली से चार और हरियाणा से एक उम्मीदवार घोषित किया

नई दिल्ली, एजेंसी

● विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से टिकट

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की घोषणा की गई। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने यहां संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं मालवीय नगर से विधायक सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।



पार्टी ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों के बीच हुए समझौते के तहत आप दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लोकसभा की कुल सात सीट हैं।

# आदर्श आचार संहिता से पहले जारी हो सकते हैं सीएए के नियम

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए बिना दस्तावेज वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को तेजी से नागरिकता देने के लिए विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 (सीएए) के कार्यान्वयन के नियम लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले जारी किए जाने की संभावना है। चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। चुनाव का कार्यक्रम अगले पखवाड़े में घोषित किया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभाव में आने से पहले सीएए के नियम जारी किए जा सकते हैं।

# हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन का त्यागपत्र

## आरोप लगाया- लंबे समय से वेतन रोका, गुटबाजी से काम करना मुश्किल

नई दिल्ली, एजेंसी



लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रहीं एलेना नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उनका वेतन रोका गया था तथा महासंघ में गुटबाजी से काम करना मुश्किल हो गया था।

ऑस्ट्रेलिया की नॉर्मन 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थीं और उन्हें तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया था। हॉकी इंडिया के नॉर्मन के पद छोड़ने के संबंध में किसी कारण का उल्लेख किए बिना इस ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि (वेतन से जुड़े हुए) कुछ मुद्दे थे तथा काफी पहल करने के बाद पिछले सप्ताह उन्हें मंजूरी मिली। नॉर्मन ने कहा कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ मैं और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। दो गुटों की लड़ाई में काम करना मुश्किल हो रहा था। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### 13 साल तक एलेना नॉर्मन ने संभाला था पद

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया की निवर्तमान सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा कि महासंघ में जैसा माहौल बन गया था उसमें काम करना मुश्किल हो गया था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। 13 साल तक यह पद संभालने के बाद नॉर्मन ने त्यागपत्र दे दिया। हॉकी इंडिया ने अपने आधिकारिक बयान में इसका कोई कारण नहीं बताया है लेकिन नॉर्मन ने उन चीजों का जिक्र किया है जिनसे उन्हें अपना पद छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

नॉर्मन का त्यागपत्र राष्ट्रीय महासंघ के लिए एक और झटका है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने नॉर्मन का त्यागपत्र स्वीकार करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। टिर्की ने कहा कि न सिर्फ हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बल्कि पूर्व खिलाड़ी और हॉकी प्रेमी होने से मैं 12-13 वर्षों में उल्लेखनीय योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। नॉर्मन के सानिध्य में भारत की पुरुष और महिला टीमों ने सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की थी। यही नहीं पुरुष टीम ने तोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर 41 साल के इंतजार को खत्म किया था।

# नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 33 गेंद पर जड़ा शतक

कीर्तिपुर (नेपाल), एजेंसी



नामीबिया के यान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में नेपाल के खिलाफ 33 गेंद में शतक के साथ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ा। मध्य क्रम के बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के कुशाल मल्ला के 34 गेंद में शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा।

मल्ला ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी जब उनकी टीम ने मंगोलिया के खिलाफ 3 विकेट पर 314 रन का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बनाया था। लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंद में 101 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए तथा 280.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 92 रन बाउंड्री से जुटाए। 22 साल के लॉफ्टी-ईटन ने अब तक 33 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और 36 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। यह उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय शतक है। लॉफ्टी-ईटन के अलावा सलामी बल्लेबाज मलान क्रूगर ने भी नाबाद 59 रन की पारी खेली, जिससे नामीबिया ने 4 विकेट पर 206 रन बनाए। नेपाल की टीम इसके जवाब में 19वें ओवर में 186 रन पर सिमट गई। दीपेंद्र सिंह ऐरी (48) नेपाल की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे। नामीबिया की ओर से रूबेन ट्रंपलमैन ने 29 रन देकर 4 विकेट चटकाए। टूर्नामेंट की तीसरी टीम नीदरलैंड है।

## खेल डायरी

### एंडी मरे ने दुबई में जीत के बाद दिया संकेत, कुछ महीने और बचे हैं



**दुबई, एजेंसी।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंडी मरे ने दुबई टेनिस चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन सेट में डेनिस शापोवालोव को हराने के बाद संकेत दिया कि उनके करियर के अब कुछ अंतिम महीने बचे हैं। मरे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करत हुए शापोवालोव को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर 500वीं जीत दर्ज की। पहले दौर में जीत के बाद मरे ने कहा कि बेशक मुझे अब भी प्रतिस्पर्धा पेश करना पसंद है और अब भी खेल से प्यार करता हूं। लेकिन उम्र बढ़ने के साथ युवा खिलाड़ियों से प्रतिस्पर्धा करना और शरीर को फिट तथा तरोताजा रखना मुश्किल हो जाता है। संभवत: मेरे पास काफी समय नहीं बचा है लेकिन इन अंतिम महीनों में मैं जितना संभव हो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। मरे पहले भी संन्यास लेने पर विचार कर चुके हैं। शापोवालोव के खिलाफ जीत साल की उनकी सिर्फ दूसरी जीत है। मरे अगले दौर में उगो हम्बर्ट और गेल मोनफिल्स के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेंगे। ओपन युग में मरे के अलावा रोजर फेडरर (783), नोवाक जोकोविच (700), आंद्रे अगासी (592) और रफेल नडाल (518) ने हार्ड कोर्ट पर 500 से अधिक जीत दर्ज की हैं।

### रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे से बवाल

**रियाद (सऊदी अरब), एजेंसी।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने से विवादों में फंस गए हैं। उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को मेसी मेसी के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। लियोनेल मेसी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं।

### मेरा लक्ष्य पैरालंपिक स्वर्ण बरकरार रखना है : प्रमोद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत अब पेरिस में अपना पैरालंपिक खिताब बरकरार रखना चाहते हैं और उनका इरादा 2036 खेलों में भी भाग लेने का है। बिहार में जन्मे 35 वर्ष के भगत ने रविवार को इंग्लैंड के डेनियन बेथेल को एसएल3 वर्ग के फाइनल में हराकर चीन के लिन डैन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। पोलियो के शिकार भगत ने कहा कि ओलंपिक के बाद से मेरे अभ्यास में कमी आ गई थी और उसने भी अपने खेल पर काम किया। हमने जितने फाइनल खेले हैं, उसका दबदबा रहा है लिहाजा मेरे लिए मानसिक अवरोध पैदा हो गया था। पेरिस पैरालंपिक से पहले वह तोड़ना जरूरी था। मैं यह गलती सुधारना चाहता था जो मैने ओपन टूर्नामेंटों में की थी।

### न्यूजीलैंड के नील वैगनर ने टेस्ट से संन्यास लिया

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने 5 दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वैगनर ने 2012 में टेस्ट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की तरफ से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में छाप छोड़ी।



# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से बाहर होना तय

## जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी रह सकते हैं बाहर



नई दिल्ली, एजेंसी

- गत वर्ष वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में निभाई थी अहम भूमिका
- 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था अपना अंतिम मैच

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बाएं टखने (अकिलीज़ टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है, जिससे वह अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में नहीं खेल पाएंगे। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं।

इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने भारत की तरफ से अपना अंतिम मैच 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल के रूप में खेला था। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन हुआ। शमी को फिट होने में 3 महीने का समय लग जाएगा। इससे वह 22 मार्च से 26 मई तक होने वाले आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। उनका जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। शमी ने सोमवार को अस्पताल से अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अभी मेरे अकिलीज़ टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।वनडे विश्व कप में 24 विकेट लेने वाले शमी दर्द के बावजूद इस टूर्नामेंट में खेले थे। वह टखने में विशेष इंजेक्शन लगाने के लिए जनवरी में लंदन चले गए थे। उन्हें हालांकि इससे कोई फायदा नहीं हुआ जिसके बाद उन्हें ऑपरेशन करवाना पड़ा।

इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की ओर से शमी के लिए तैयार किए रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम पर भी सवाल उठ गया है। इस गेंदबाज के बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले वापसी की संभावना नहीं है। उनका लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में वापसी करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं मोहम्मद शमी। मुझे विश्वास है कि आप अपने अंदर रचे बसे साहस से जल्द चोट से उबर जाएंगे।

### शमी का बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए झटका

शमी का आईपीएल से बाहर होना गुजरात टाइटंस के लिए करारा झटका है, जिसके ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पहले ही मुंबई इंडियंस से जुड़ चुके हैं। शमी ने पिछले साल आईपीएल में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेकर उसे फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। शमी को हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने अभी तक एक दशक के अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट में 229, वनडे में 195 और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 24 विकेट लिए हैं।

# भारत से प्रतिस्पर्धा का मौका तक नहीं था: बेन

रांची, एजेंसी



इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि वर्तमान टेस्ट श्रृंखला में उनके पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका तक नहीं था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने मेजबान टीम को कड़ी चुनौती दी और इसलिए उन्हें अपने खिलाड़ियों पर गर्व है।

भारत ने इंग्लैंड को चौथे टेस्ट मैच में 5 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने स्टोक्स के कप्तान और ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच बनने के बाद पहली बार कोई श्रृंखला गंवाई है। स्टोक्स ने कहा कि 3-1 अच्छा नहीं लग रहा है, लेकिन जिस तरह से हमने भारत को चुनौती दी उस पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि हमारे पास भारत के साथ प्रतिस्पर्धा करने तक का मौका नहीं था, लेकिन हमने भारत को आसानी से नहीं जीतने दिया और मुझे लगता है कि वे इसे स्वीकार करेंगे।

स्टोक्स ने कहा कि यह युवा और कम अनुभवी टीम दो वर्ष से सफल रही है लेकिन भारत आना पूरी तरह से भिन्न होता है जिसका इस टीम को अभी तक अनुभव नहीं था। हमने जिस तरह से उनकी हर चुनौती का जवाब दिया उस पर मुझे वास्तव में गर्व है भले ही हमें हार का सामना करना पड़ा हो। हमारे हर खिलाड़ी ने जिस तरह से आखिर तक हार नहीं मानी, उस पर मुझे गर्व है। कोई भी खिलाड़ी किसी भी समय पीछे नहीं हटा।

### गिल-जुरेल की साझेदारी ने भारत को संभाला

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच में एक समय अच्छी वापसी की थी। चौथे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत का स्कोर एक समय 5 विकेट पर 120 रन था। इसके बाद शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल ने 72 रन की साझेदारी करके भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# मंधाना ने आरसीबी को 8 विकेट से दिलाई जीत



बेंगलुरु, एजेंसी




कप्तान स्मृति मंधाना की आक्रामक पारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को गुजरात जाइंट्स को 8 विकेट से हराया। मंधाना ने 27 गेंद में 8 चौकों और 1 छक्के की मदद से 43 रन बनाए। वहीं एस मेघना ने 28 गेंद में 36 रन जोड़े, जिसमें 5 चौके और 1 छक्का था। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके टीम को 12.3 ओवरों में ही 108 रन के लक्ष्य तक पहुंचाया। इससे पहले आरसीबी के गेंदबाजों ने जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने 14 रन देकर 2 और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने 25 रन देकर 3 विकेट लिए। मंधाना ने तेज गेंदबाज लिया ताहुहू की पहली दो गेंदों पर 2 चौके लगाए। उन्होंने चौका जड़कर पहले ओवर में 13 रन निकाले। तीसरे ओवर में आरसीबी का स्कोर बिना नुकसान के 32 रन था, लेकिन चौथे ओवर में सोफी डेवाइन को एशले गार्डनर ने आउट किया। मंधाना ने ताहुहू को छक्का लगाया। उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर ने आउट किया। इससे पहले मंधाना ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और उनके गेंदबाजों ने इसको सही साबित किया। जाइंट्स की कप्तान बेथ मूनी सिर्फ 8 रन ही बना सकी। रेणुका को दो चौके जड़ने के बाद वह अगली गेंद पर आउट हो गई। रेणुका ने फोबे लिचफील्ड को भी आउट किया जो बाहर निकलकर खेलने के प्रयास में चूकीं और रिचा घोष ने कुशल स्टम्पिंग किया। रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए। डायलान हेमलता ने 25 गेंद में नाबाद 31 रन बनाकर उसे 100 रन के पार पहुंचाया। जाइंट्स ने पहले दस ओवर में 44 रन बनाए जबकि उसके दो विकेट गिरे। पूरी पारी में जाइंट्स के बल्लेबाज 10 चौके और 2 छक्के ही लगा सके।

### डब्ल्यूपीएल संहिता के उल्लंघन में अरुंधति पर लगा जुर्माना

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस खिलाड़ी ने दिल्ली की यूपी के खिलाफ 9 विकेट से जीत में 1 विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने कहा कि अरुंधति रेड्डी पर यूपी के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.1 के अंतर्गत आने वाले लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया है। संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामले में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है।



## बॉलीवुड हलचल

### वार 2 का ऋतिक ने वीडियो किया शेयर




फिल्म 'फाइटर' के बाद ऋतिक रोशन की नई फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। ऐसे में खुद एक्टर ने स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए 'वॉर 2' का बीटीएस वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। ऋतिक रोशन ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें वह अपनी स्टाइलिस्ट के साथ चल रहे हैं और खूब मस्ती करते नजर आ रहे हैं उस वीडियो में स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ अदजानिया भी है उन्हीं को एक्टर ने विश कर लिखा- अनसुनी चीजों को पर्दे पर लाने के लिए धन्यवाद, आपका आने वाला साल सुपरसोनिक हो! प्यार। ऋतिक रोशन और स्टाइलिस्ट अनाइता श्रॉफ काफी समय से एक-दूसरे के साथ काम कर रहे हैं। वह एक्टर के लुक से शानदार जादू चलाती है। इससे पहले बैंग बैंग, वॉर और अब वॉर 2 जैसी फिल्मों में भी ऋतिक के साथ काम किया हैं।

### अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के इवेंट में हंगामा

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ-स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' साल की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। एक्टर सोमवार (26 फरवरी) को लखनऊ में थे जहां उन्होंने भारी भीड़ के सामने कुछ स्टंट किए। शेयर हुए एक वीडियो के मुताबिक हालात जल्द ही बेकाबू हो गए क्योंकि भीड़ ने इवेंट में हंगामा शुरू कर दिया। वीडियो में अक्षय और टाइगर को मंच पर देखा गया जहां उन्होंने लखनऊ आने पर अपनी एक्साइटमेंट के बारे में बात की। जैसे-जैसे भीड़ बढ़ती गई सिक्योरिटी के होते हुए भी भीड़ को संभालना मुश्किल हो गया। कई लोगों को सामने चप्पल फेंकते देखा गया जबकि सुरक्षा बलों ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की। भीड़ में से कई चप्पलें मैदान के चारों तरफ पड़ी देखी गईं। हंगामे के कारण मची अफरा-तफरी से कुछ देर के लिए प्रोग्राम रोक दिया गया। टाइगर श्रॉफ को लोकेशन पर इकट्ठा हुए फैन्स से कुछ देर इंतजार करने के लिए माफी मांगते भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने कहा कि लखनऊ आना और वहां की एनर्जी देखना उनके लिए अब तक का सबसे 'हैरान कर देने वाला पल' था। इस इवेंट के दौरान सितारों ने कुछ हवाई स्टंट भी दिखाए।

### यामी गौतम के आगे विद्युत का एक्शन फेल



फिल्म आर्टिकल 370 का कलेक्शन वीकेंड के बाद गिरा है लेकिन इसे वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। ये फिल्म विद्युत जामवाल की क्रैक पर भारी पड़ती दिख रही है। एक्ट्रेस यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 जब रिलीज हो रही थी उस दौरान लोगों का ऐसा मानना था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाएगी, लेकिन इससे एकदम विपरीत होता दिख रहा है। फिल्म फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और इसकी कमाई के ताजा आंकड़े इस बात का सबूत हैं। इसी के साथ विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक कमाई के लिए काफी संघर्ष कर रही है। दोनों फिल्में एक साथ ही रिलीज हुई थीं। वीकेंड के बाद यामी गौतम की फिल्म में गिरावट देखने को मिल रही है। फिल्म ने वीकेंड में काफी अच्छा कलेक्शन किया। फिल्म ने 3 दिनों में 23 करोड़ का कलेक्शन किया था। रविवार को फिल्म ने 9 .6 करोड़ का कलेक्शन किया, लेकिन सोमवार को फिल्म की कमाई में गिरावट दर्ज की गई है। फिल्म ने 3 .25 करोड़ का कलेक्शन चौथे दिन किया है। ये कलेक्शन भले ही रविवार की तुलना में कम है, लेकिन इसके बाद भी फिल्म के कलेक्शन को वीकडेज के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा। 4 दिनों में आर्टिकल 370 ने 26 .15 करोड़ कमा लिए हैं। फिल्म की इस कमाई से यामी गौतम भी खुश नजर आ रही हैं और उन्होंने फैंस को थैंक्स कहा है। वहीं, क्रैक तो रिलीज होने के बाद से ही दर्शकों के लिए तरस रही है। फिल्म का कलेक्शन अच्छा नहीं जा रहा है। फिल्म ने वीकेंड तक 8 .70 करोड़ की कमाई कर ली थी। रविवार को फिल्म सिर्फ 2 .3 करोड़ कमा सकी . लेकिन सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में भारी गिरावट देखने को मिली। बड़े स्टार्स से सजी ये फिल्म एक दिन में 1 करोड़ रुपये भी कमाने के लिए संघर्ष कर रही है। फिल्म ने सोमवार को करीब 1 करोड़ कमाए हैं। फिल्म के लिए आगे के दिन और मुश्किल होने वाले हैं। फिल्म को रफ्तार पकड़ने के लिए वीकेंड का इंतजार करना होगा।

### चाचा की नकल से अर्जुन को मिली थी फिल्म



अर्जुन कपूर बॉलीवुड में एक दशक से काम कर रहे हैं। अब वह अजय देवगन की सिंघम अगेन में बड़े रोल में नजर आएंगे। अर्जुन ने कई सारी फिल्मों में काम किया है। भले ही वे फिल्मी खानदान से आते हैं, लेकिन एक्टर को फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना पड़ा था। अर्जुन कपूर की डेब्यू फिल्म इशकजादे आज तक उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मानी जाती है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने एक इंटरव्यू में इसी फिल्म और अपने करियर पर बात करते हुए बताया कि उन्हें ये फिल्म उनके चाचा अनिल 5कपूर की कॉपी करके मिली थी। दरअसल अर्जुन कपूर और रणबीर का 'कॉफी विद करण' शो का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अर्जुन कपूर से पूछा गया कि उन्हें ये फिल्म कैसे मिली, तो एक्टर ने इस बारे में बताया कि 'इशकजादे' फिल्म उन्हें ऑडिशन के बेस पर मिली थी। अर्जुन कपूर ने बताया कि जब वो ऑडिशन दे रहे थे, तो उन्होंने उस सीन को अपने चाचा की नकल करते हुए किया। उन्होंने अनिल कपूर की एक्टिंग की। इसके अलावा उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने अनिल कपूर के साथ सलमान खान की एक्टिंग भी की। प्रोड्यूसर को दोनों सुपरस्टार्स की कॉपी की गई एक्टिंग पसंद आई और उन्होंने अर्जुन को फाइनल कर लिया। इस तरह से अर्जुन कपूर को चाचा की नकल करके उनके करियर की सबसे बड़ी फिल्म मिल गई। इस फिल्म में उनके अपोजिट परिणीति चोपड़ा थीं।

### ओम शांति ओम ने बदल दी अर्जुन रामपाल की किस्मत



अर्जुन रामपाल इन दिनों क्रैक को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म ने 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। इस फिल्म में वो विद्युत जामवाल के साथ हैं। हाल ही में अर्जुन रामपाल ने शाहरुख खान के साथ 27 साल पहले की एक फिल्म का जिक्र किया और बताया कि कैसे उस फिल्म ने अर्जुन रामपाल की जिंदगी बदल दी थी। अर्जुन रामपाल ने अपने करियर की शुरुआत 22 साल पहले 2001 में आई फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से की थी। उन्होंने इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया। उसके बाद से अब तक वो विलेन से लेकर हीरो तक कई रोल निभा चुके हैं। 2 दशक से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे अर्जुन रामपाल ने कई फिल्में की हैं, जिसमें उनके अलग-अलग तरह के रोल देखने को मिले हैं, लेकिन वो शाहरुख खान के साथ की ओम शांति ओम को अपने करियर की सबसे अहम फिल्म मानते हैं . उनका कहना है कि ये फिल्म उनके करियर में टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म ओम शांति ओम साल 2007 में आई। फिल्म का निर्देशन फराह खान ने किया था। इस फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया था और ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फराह खान की इस फिल्म में अर्जुन रामपाल ने विलेन मुकेश मेहरा का रोल किया था। उनकी एक्टिंग की खूब तारीफ हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# नागरिक का जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा सर्वोपरि : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



● सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने की टिप्पणी कहा- अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा

एक नागरिक की आजादी सर्वोपरि है और उससे जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना व्यक्ति को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मिले बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। शीर्ष अदालत ने हाल ही में एक मामले में सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 21 को जीवन और व्यक्तिगत आजादी की सुरक्षा से जुड़े अनुच्छेद 21 को संविधान की आत्मा बताया। अदालत ने कहा कि बंबई उच्च न्यायालय से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां जमानत या अग्रिम जमानत के आवेदनों पर तेजी से फैसला नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने अपने 16 फरवरी के आदेश में कहा, हमारे सामने ऐसे कई मामले आए हैं जिनमें न्यायाधीश गुण-दोष के आधार पर मामले पर फैसला नहीं कर रहे हैं। लेकिन कई आधारों पर मामलों को दबाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इसलिए, हम बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध करते हैं कि वह आपराधिक अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करने वाले सभी न्यायाधीशों से जल्द से जल्द जमानत से जुड़े मामले पर फैसला करने का अनुरोध करें।

पीठ ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं होनी चाहिए कि भारत के संविधान का अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है। नागरिकों की आजादी सर्वोपरि है। इसमें कहा गया, किसी नागरिक की आजादी से जुड़े मामले में तेजी से फैसला न करना और किसी न किसी आधार पर मामले को दबाना भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत उनके बहुमूल्य अधिकार से वंचित करेगा। पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) से कहा कि वह उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को अपने आदेश से अवगत कराए। शीर्ष अदालत एक आरोपी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आरोपी ने बंबई हाईकोर्ट के 31 मार्च 2023 के फैसले को चुनौती थी। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका का निपटारा करते हुए उसे निचली अदालत के सामने ऐसी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी।

# पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगन चूमेंगी देश की चार शक्तियां

*गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को 2024 के आखिर या 2025 की शुरुआत तक भेजा जा सकता है। इसी साल मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा। गगनयान मिशन तीन दिवसीय है। मिशन के लिए 400 किलोमीटर की पृथ्वी की निचली कक्षा पर मानव को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और फिर सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।*

**400** किलोमीटर की निम्न पृथ्वी की कक्षा में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा

● भारत का गगनयान मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।




### प्रशांत बालाकृष्णन नायर

ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर केरल से ताल्लुक रखते हैं। ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णन नायर (47) ने अपनी स्कूली शिक्षा कुवैत से पूरी की। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) से स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने वहां 'स्वोर्ड ऑफ ऑनर' हासिल करके उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साल 1999 में एक कमीशन अधिकारी के रूप में वो वायु सेना में शामिल हो गए।

### अंगद प्रताप

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने ग्रुप के अन्य तीन सदस्यों के साथ रूस में 13 महीने तक ट्रेनिंग की है। उनका जन्म 17 जुलाई 1982 को प्रयागराज में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 18 दिसंबर 2004 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे। वह एक फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### अजित कृष्णन

ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से हैं जिन्हें मिशन के लिए चुना गया था। उनका जन्म 19 अप्रैल 1982 को चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और वायु सेना अकादमी में राष्ट्रपति के स्वर्ण पदक और स्वॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित हैं। उन्हें 21 जून 2003 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वह फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर और टेस्ट पायलट हैं और उनके पास लगभग 2900 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

### शुभांशु शुक्ला

गगनयान मिशन के चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला ने रूस की राजधानी मॉस्को के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग हासिल की है। उनका जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ, यूपी में हुआ था। वह एनडीए के पूर्व छात्र हैं और 17 जून 2006 को भारतीय वायुसेना की फाइटर स्ट्रीम में नियुक्त हुए थे।

वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर और एक टेस्ट पायलट हैं, जिनके पास लगभग 2000 घंटे की उड़ान का अनुभव है।

## एक नजर



### भारत से थाईलैंड पहुंचे भगवान बुद्ध के अवशेष, भक्तों ने किए दर्शन

**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में बौद्ध भिक्षुओं ने ध्यान लगाकर माखा बुचा पर्व मनाया। भगवान बुद्ध ने इसी दिन अपने पहले शिष्यों में से 1,250 को दीक्षा दी थी। एक लाख भक्तों ने भगवान बुद्ध और उनके दो शिष्यों के पवित्र अवशेषों की पूजा की। इन्हें भारत से ले जाया गया है।

### तंबाकू-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को हटाएगा न्यूजीलैंड

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की नई सरकार तंबाकू की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने जा रहा है। रिसर्चर और प्रचारकों द्वारा सरकार को तंबाकू से होने वाले मौतों के बारे में दी गई चेतावनी के बावजूद मंगलवार को सरकार ने इस पर लगे प्रतिबंध को हटाने की घोषणा की है। ये इसी साल जुलाई से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही स्मोक्ड तंबाकू उत्पादों में निकोटीन सामग्री में कटौती की जाएगी और तंबाकू खुदरा विक्रेताओं की संख्या 90% से अधिक कम हो जाएगी। अक्टूबर में चुनी गई नई गठबंधन सरकार ने पुष्टि की कि मंगलवार को तत्काल कार्रवाई की जाएगी।




### आंदोलन: किसानों ने ट्रैक्टरों की बाड़ लगा पोलैंड की सीमा सील की

**वर्साव।** यूरोप के कई देशों में चल रहा किसान आंदोलन लगातार उग्र होता जा रहा है। अब पोलैंड के किसानों ने जर्मनी के साथ अपने देश की सीमा सील कर दी है। उन्होंने बॉर्डर पर ट्रैक्टरों की बाड़ बना दी है। बढ़ती कीमतों, करों में वृद्धि और हरित प्रतिबंधों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे हैं।

### चंद सिक्कों में खरीदी गई हैरी पॉटर किताब की प्रति लाखों में बिकी

**लंदन।** करीब 30 साल पहले पुरानी किताबें बेचने वाली एक दुकान से महज कुछ रुपयों में खरीदी गई हैरी पॉटर के पहले उपन्यास की शुरुआती प्रति (प्रूफ कॉपी) नीलामी में 11,000 पाउंड (करीब 11.5 लाख रुपये) में बिकी। ब्रिटिश नीलामीकर्ता ने सोमवार को बताया कि एक दुकान से दो अन्य पुस्तकों के साथ कुल 40 पेंस (आज की दर से करीब 41 रुपये) में खरीदी गई थी। इस प्रति के पृष्ठ पर असंशोधित प्रूफ कॉपी लिखा है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में नाकाम रही यूएनएससी, भारत ने उठाई बदलाव की मांग

## कंबोज बोलीं- जब तक बदलाव नहीं होगा तब तक सुरक्षा परिषद विश्वसनीयता के घेरे में रहेगी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाते हुए पूछा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने में क्यों असफल रहा? भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पुरानी व्यवस्था में बदलाव की मांग की। यूएन जनरल असेंबली प्लेनरी की बैठक हुई, जिसमें रुचिरा कंबोज ने सवाल उठाए।

रुचिरा कंबोज ने कहा 'रूस-यूक्रेन युद्ध को चलते हुए दो साल का समय बीत चुका है। ऐसे में हमें बतौर संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों को कुछ पल रुककर सोचने और अपने आप से पूछने की जरूरत है कि क्या निकट भविष्य में इस संकट का समाधान निकल सकता है? और अगर नहीं निकल सकता तो फिर संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था, खासकर सुरक्षा परिषद क्यों है? इसका गठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति और सुरक्षा के लिए किया गया था, ऐसे में ये क्यों मौजूदा संघर्षों को सुलझाने में पूरी तरह से बेअसर साबित हुई है?'

बीते शुक्रवार को यूक्रेन संकट पर संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली की प्लेनरी बैठक हुई। इसी दौरान भारत की संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग उठाई। कंबोज ने यूएनएससी के पुराने ढांचे में बदलाव की मांग की और कहा कि जब तक इसमें बदलाव नहीं होंगे तब तक सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रहेगी।

### कूटनीतिक से निकलेगा समाधान यूक्रेन को लेकर भारत चिंतित

रुचिरा कंबोज ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान को भी दोहराया, जिसमें पीएम मोदी ने रूस के




राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि 'ये युद्ध का युग नहीं है।' कंबोज ने कहा कि 'यूक्रेन हालात को लेकर भारत चिंतित है। हम लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि इंसानी जिंदगी की कीमत पर कोई समाधान नहीं होना चाहिए। हिंसा किसी के भी हित में नहीं है।' कंबोज ने कहा कि कूटनीतिक तरीके से ही शांति संभव है और इसके लिए सभी पक्षों के बीच बातचीत होनी चाहिए। हमें ऐसे कदम उठाने से बचना चाहिए, जिनसे बातचीत और समाधान के रास्ते बंद हो जाएं।

### मानवाधिकार हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों का हिस्सा, यूएन की बैठक में बोले जयशंकर

**नई दिल्ली।** स्विट्जरलैंड के जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार परिषद का सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। यह मानवाधिकार परिषद का 55वां सत्र है, जो सबसे लंबा होगा और अप्रैल तक चलेगा।



इस बैठक के पहले दिन भारतीय विदेश मंत्री ने अपने संदेश में मानवाधिकार परिषद की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के पूरे सहयोग का वादा किया और कहा कि भारत मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए काम करता रहेगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने संदेश में कहा कि 'मैं ये सुनिश्चित करूंगा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल और उच्चायुक्त आपको पूरा समर्थन और सहयोग दें। भारत परिषद के सदस्यों के साथ मिलकर मानवाधिकारों की सुरक्षा और बढ़ावे के लिए काम करता रहेगा। भारत के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और विविधता भरी सोच में मानवाधिकार गहरे तक समाए हुए हैं। विदेश मंत्री ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सत्र को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'पुरानी संरचनाओं को सुधारने, प्रणालीगत खामियों को ठीक करने और वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने वाले बहुपक्षीय ढांचे को तत्काल बनाने का समय आ गया है।' उन्होंने कहा, 'भू-राजनीतिक चुनौतियों का स्थायी समाधान खोजने के लिए यूएन और उसके बाहर मिलकर काम करना हमारे सामूहिक हित और हमारी जिम्मेदारी भी है।

# 2047 तक पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जाएगी भारतीय नौसेना: आर हरि

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

● नौसेना प्रमुख बोले- नई तकनीकी चुनौतियों का बखूबी जवाब दे रहे हैं अग्निवीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का असर भारतीय सेनाओं पर भी दिखाई दे रहा है। रक्षा मंत्रालय लगातार भारतीय उपकरणों, तकनीकों के जरिए आत्मनिर्भर की ओर कदम बढ़ा रहा है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि हम एक खास परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। 2047 तक भारतीय नौसेना पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत में नौसेना प्रमुख आर हरि कुमार ने कहा कि भारतीय नौसेना स्वदेशी तकनीकों के जरिए आगे बढ़ रही है। आत्मनिर्भर होते हुए अपने दम पर 33 पनडुब्बियों और 63 जहाजों का निर्माण कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य 2047 तक पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनना है। आर हरि कुमार ने कहा कि कि अग्निवीर भर्ती कार्यक्रम के जरिए भारतीय सेना बल अगले सात वर्षों में काफी युवा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि नौसेना कर्मचारियों की औसत आयु 26 वर्ष होगी। हम जनसांख्यिकीय लाभांश का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नौसेना में शामिल होने वाले अग्निवीर बहुत तकनीकी प्रेमी हैं।



### अंतर्राष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन का समापन

विशाखापत्तनम में अंतर्राष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास 'मिलन-2024' का समुद्री चरण के साथ मंगलवार को समापन हुआ। इस चरण में जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों सहित 35 इकाइयों की भागीदारी देखी गई। समुद्री चरण में मित्र देशों के तेरह जहाजों और एक विमान ने भाग लिया। इसमें भारतीय नौसेना के दोनों विमान वाहक, आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत, स्वदेशी विमानवाहक पोत शामिल हुए। समुद्री चरण का समापन अनोखे तरीके से हुआ। सभी इकाइयां स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर एकत्र हुए।

## इमरान-बुशरा बीबी भ्रष्टाचार के नए मामले में दोषी करार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पत्नी बुशरा बीबी को अदालत ने दोनों के खिलाफ 190 मिलियन पाउंड (लगभग 20 अरब रुपये) के अल-कादिर भ्रष्टाचार मामले में आरोप तय किए हैं। न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में सुनवाई की।



कई मामलों में इमरान इसी जेल में सजा काट रहे हैं। न्यायाधीश ने अदालत में इमरान और बुशरा की मौजूदगी में आरोप पत्र पढ़ा। अल-कादिर ट्रस्ट के नाम पर सैकड़ों नहरों की जमीन का कथित तौर पर अधिग्रहण किया गया था। मामले में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने इमरान खान, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ जांच शुरू की थी। जिसमें सरकारी खजाने को 190 मिलियन पाउंड का नुकसान होने का मामला सामने आया था। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि मामले में 58 गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे। न्यायाधीश ने इमरान के खिलाफ आरोप तय करते समय पूछा कि क्या वह दोषी हैं या नहीं। इमरान ने जवाब दिया, मुझे आरोप पत्र क्यों पढ़ना चाहिए। इमरान खान और उनकी पत्नी दोनों ने अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनका किया।

### सड़क पर उतरे लोग...



**साओ पाउलो :** ब्राजील के साओ पाउलो शहर में पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो पर लगाए गए तख्तापलट की कोशिश के आरोप के खिलाफ उनके 5 लाख से ज्यादा समर्थक सड़कों पर उतर आए। साथ उन पर लगाई गई चुनावी पाबंदी का भी विरोध किया। दरअसल, बोल्सोनारों से जनवरी 2023 में हुई हिंसा को लेकर पूछताछ हुई। लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति पर लगी चुनावी पाबंदी हटाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। ● एजेंसी




## जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बारामूला से लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पट्टन इलाके में आतंकी गतिविधियों की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उत्तर कश्मीर जिले के चिनार चौराहे पर नाकाबंदी की गई।

उन्होंने कहा-पुलिस का देखकर आतंकी भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन सुरक्षा बलों ने पकड़ लिया। आतंकी की पहचान मेहराजउद्दीन भट के रूप में हुई है जो मुंडयारी पट्टन का रहने वाला है। पुलिस ने आतंकी के पास से एक हथगोला बरामद किया है। प्रवक्ता ने बताया कि कानून के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संकीर्ण सियासी लाभ के लिए विपक्ष ने किया उत्तर दक्षिण विभाजन: राजनाथ

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्षी दलों की राजनति को कठघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि संकीर्ण सियासी फायदा पाने की नीयत से विपक्षी दलों ने ऐसे समीकरण सामने रखे, जिससे उत्तर और दक्षिण की जनता के बीच स्पष्ट विभाजन किया जा सके।



उन्होंने कहा कि भाजपा केवल उत्तर भारत में केंद्रीय राजनीतिक दल नहीं है, लेकिन बदनाम करने का हरसंभव प्रयास किया गया। विपक्ष की कवायद का आलम ऐसा रहा कि राष्ट्रीय अखंडता पर भी सवाल खड़े किए गए। आंध्र प्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम में एक कार्यक्रम के दौरान राजनाथ ने कहा कि भाजपा दक्षिणी राज्य कर्नाटक सहित देश के विभिन्न राज्यों में सत्तारूढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल उत्तर भारत में सीमित है, या देश के एक खास भौगोलिक भाग का हिस्सा है, ऐसा कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है।

## अगले सोमवार तक गाजा में थम जाएगा युद्ध: जो बाइडन

**वाशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच पांच महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। इजराइल ने कड़ी जवाबी कार्रवाई और समझौता कर अपने कुछ लोगों को रिहा करा लिया था। अब एक बार फिर जंग थोड़े समय के लिए रुक सकती है।



बाइडन ने उम्मीद जताई है कि अगले सोमवार तक इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम हो सकता है। उन्होंने माना है कि दो पक्ष संघर्ष विराम समझौते के करीब हैं। उन्होंने कहा- मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने मुझसे कहा है कि हम इसके करीब हैं और मेरी उम्मीद है कि अगले सोमवार तक हम युद्धविराम कर लेंगे। अभी इस पर फाइनल मुहर लगना बाकी है।

**विज्ञान** इसरो 2030 तक अगला मंगल मिशन लॉन्च करने की बना रहा है योजना

# मंगल की धरती पर उड़ान भरेगा भारतीय हेलीकॉप्टर

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** इसरो लाल ग्रह मंगल पर उड़ान भरने की योजना पर काम कर रहा है। मंगलयान के बाद यह दूसरा भारतीय मंगल मिशन होगा, जिसे 2030 में लॉन्च करने की योजना है। मंगल मिशन नन्हा हेलीकॉप्टर साथ लेकर इस मिशन को महत्वाकांक्षी बनाने जा रहा है।

इसमें दोराय नही कि अंतरिक्ष की दुनिया में भारत बहुत कम समय पर दुनिया के अग्रणी देशों में अपना नाम सुमार कर चुका है। बहुत कम लागत और कम समय में मार्स ऑर्बिटर मिशन (मंगलयान) की सफलता से इसरो ने दुनिया को अपनी ओर आकर्षित किया था। मंगलयान को 2013 में लॉन्च किया था और 2014 में मंगल की कक्षा में स्थापित हुआ था। करीब आठ साल मंगल मिशन ने अनेक महत्वपूर्ण खोज कर भारतीय विज्ञान क्षमता का परिचय दिया। अब इसरो मंगल ग्रह की सतह पर नासा का इनजेनिटी हेलीकॉप्टर की तर्ज पर अपना हेलीकॉप्टर शामिल करना चाहता है, जो 2030 के दशक की शुरुआत में लॉन्च हो जाएगा।



मंगल की धरती पर नासा का हेलीकॉप्टर।

हेलीकॉप्टर भारतीय मार्सलैंडर के साथ उड़ान भरेगा। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला के वैज्ञानिक जयदेव प्रदीप ने हाल ही में एक वेबिनार के दौरान यह जानकारी दी। मंगल ग्रह पर लैंडिंग मिशन के लिए हेलीकॉप्टर मंगल के हवाई अन्वेषण के लिए पेलोड का एक सूट साथ ले जाएगा। पेलोड में एक तापमान सेंसर, आर्द्रता सेंसर, दबाव सेंसर, हवा की गति सेंसर, विद्युत क्षेत्र सेंसर और धूल एरोसोल के ऊर्ध्वाधर वितरण को मापने के लिए एक ट्रेस प्रजाति और धूल सेंसर शामिल किया जाएगा। भारतीय हेलीकॉप्टर मंगल की सतह से 328 फीट यानी100 मीटर ऊपर तक उड़ान भरने में सक्षम होगा, जबकि नासा का इनजेनिटी 79 फीट की ऊंचाई तक उड़ सकता है। मंगल की धरती के वातावरणीय जानकारी जुटाने के लिये अगली पीढ़ी के लिए वरदान साबित होगा।

### मंगल पर कीर्तिमान स्थापित करेगा इसरो, बसाएगा मानव बस्ती

मंगल की धरती पर मानव बस्ती बसाने को लेकर नासा व चीन के साथ भारत भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर चुका है। इन सभी देशों का एकमात्र सपना मंगल पर मानव का दूसरा घर बसाना है। मंगलयान की सफलता से भारतीय वैज्ञानिको के हौंसले बुलंद हैं। इसरो की तैयारी अब मंगल पर नया कीर्तिमान स्थापित करना है। मगर आज भी यह सवाल अनुत्तरित है कि कब तक मंगल पर मानव बस्ती बसाई जा सकेगी।

## यूएई: आम लोगों के लिए मार्च से खुलेगा बीएपीएस मंदिर

**आबू धाबी।** अबू धाबी में पहला हिंदू मंदिर एक मार्च से जनता के लिए खोला जाएगा। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का उद्घाटन किया था। लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से इस मंदिर का निर्माण बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा अबू मुरीखा में किया गया।

भव्य मंदिर का उद्घाटन 14 फरवरी को एक समर्पण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने किया था, जिसमें 5,000 से अधिक आमंत्रित लोग शामिल हुए थे। 15 से 29 फरवरी तक पहले से पंजीकरण कराने वाले विदेशी श्रद्धालुओं या वीआईपी मेहमानों को मंदिर में दर्शन की अनुमति दी गई थी। अब मंदिर 1 मार्च से सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। मंदिर हर सोमवार को बंद रहेगा।

# अंतरिक्षयान ओडीसियस ने चंद्रमा से भेजी पहली तस्वीर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास की इंट्यूटिव मशीन का लूनार लैंडर ओडीसियस चंद्रमा पर लैंडिंग करने में सफल रहा, लेकिन लैंडिंग सटीक नहीं थी और लैंडिंग के बाद यान थोड़ा सा टेढ़ा हो गया। यह कई मायनों में एक अनोखी लैंडिंग बन गई है।

ओडीसियस, 1972 में अपोलो17 मिशन के बाद चंद्रमा पर पहुंचने वाला पहला निजी अमेरिकी अंतरिक्षयान बन गया है। ओडीसियस ने चंद्रमा की दक्षिणी सतह से पहली तस्वीर भेजी है। इंट्यूएटिव मशीन्स ने एक्स पर पोस्ट पर कहा, चंद्रमा की सतह से नोवा कंट्रोल में फाइटर कंट्रोलर के साथ कम्यूनिकेट कर रहा है। तस्वीर अंतरिक्ष यान के उतरने के 35 सेकंड बाद ली गई, जिसमें मालापर्ट ए प्रभाव क्रेटर की पक्की मिट्टी का पता चलता है।



### सूरज की रोशनी से जागा जापान का मून लैंडर:जाक्सा

**टोक्यो।** जापान के पहले मून लैंडर ने पृथ्वी से एक संकेत का जवाब दिया है। इससे पता चलता है कि यह सप्ताह भर की दूसरी चंद्र रात से बच गया है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा ने मानव रहित स्मार्ट लैंडर फॉर इन्वेस्टिगेटिंग 20 जनवरी को चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी। जाक्सा ने कहा- मून लैंडर गलत दिशा में गिर गया था और इसके सौर पैनलों तक सूरज की रोशनी नहीं पहुंच पा रही थी। हालांकि, सूरज की रोशनी मिलते ही लैंडिंग के आठवें दिन एसएलआईएम से संपर्क हो गया।